Shri F. A. Ahmed: The Hon. Member has made several points and it does not depend upon his own opinion only whether I am fit or unfit. As regards the prices, these are not in public sector. They are in private sectors and being sold at their prices. They fix the prices with respect to their cost of production. As regards the difference in the price, I have said that . I cannot say as to how more those are since I do not have the figures at the moment. Moreover, not only scooters, but we are manufacturing other things alike also, and those too are in the same state of affairs. Our cost of production is high because we manufacture at a small scale, but in Italy or Japan it is less as they produce in large scale. As regards the demands, the Planning Commission, keeping a target, tells us about the quantum anticipated demand and supply and also about how much we should manufacture. After that it is manufactured. Regarding the grant of licences, I may say that it depends upon the availability of foreign exchange and to whom it should be afforded. If the whole of the Foreign exchange is given for scooters only; what will then be given for other things?

श्री लीलाधर कटकी : मंत्री महोदय ने कहा है कि टायरों के कारख़ानों में हड़ताल होने के कारण टायरों के आयात की अनुमति दी गई । क्या मैं जान सकता हूं कि क्या कोई ऐसे उपाय किये गये हैं कि हड़ताल को समाप्त कराया जाये तथा दुर्लभ विदेशी-मुद्रा को टायरों के निर्यात पर नष्ट होने से बचाया जाये जो कि यहां भी बन सकते हैं ?

श्री फखरुद्दीन अली अहमद: दोनों पक्षों को मिलाने तथा हड़ताल करने वालों, हड़ताल त्याग देने को राजी करने के लिये केन्द्र तथा राज्य सरकारों ने क़दम उठाये हैं जबकि समाधान-मंडल द्वारा न्यायनिर्णय भी दिया जाना है, परन्तु मज़दूरों ने अपने काम पर वापस आने के बारे में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है ।

अध्यक्ष महोदय: अगला प्रश्न । श्री चन्द्रशेखर सिंह ।

श्री क० ना० तिवारी : महोदय, यह प्रश्न न लिया जाये क्योंकि अब कोई बिहार सरकार नहीं रही है ।

अध्यक्ष महोदय : श्री चन्द्रशेखर सिंह अनुपस्थित हैं । श्री भोगेन्द्र झा-अनुपस्थित । दोनों अनुपस्थित । अत: वह चिन्ता न करें, प्रश्न नहीं लिया जा रहा ।

संश्लिष्ट (नकली) धागे का आयात

*691. **श्री बलराज मधोक :** क्या **वाणिज्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राज्य व्यापर निगम जापान और इटली से संश्लिष्ट धागे के आयात के लिये इन धागों के मानकीकृत अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्रों से अधिक दान दे रहा है ;

(ख) यदि हां, तो मानकीकृत अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य और आयात किये जाने वाले विभिन्न किस्मों के धागे के लिये दिये जा रहे मूल्यों में कितना अन्तर है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इससे देश को विदेशी मुद्रा की बहुत हानि हो रही है; और

(घ) यदि हां, तो भविष्य में हानि को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) तथा (ख) राज्य व्यापार निगम ने जापान तथा इटली से प्रतिस्पर्धात्मक मूल्यों पर खरीद की है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Shri Bal Raj Madhok: How should I take the reply given by the hon. Minister, should I call it a wrong reply or a white lie. May I know whether it is not a fact that a deputation of traders approached you a months ago and they were prepared to supply yarn at a cheaper rate than the rates at which state Trading Corporation buy yarn from foreign Countries, but you rejected their offer? May I know the reasons for not accepting the offer and the reasons for not placing the orders?

Shri Mohd. Shafi Qureshi: The fact is that nylon has different varities and it goes from 15 Denier , 20 Denier, 40 Denier to 100 Denier and every varity has got different prices. It is possible that there may be difference in prices due to difference in varity. But it is not proper to say that we buy yarn at a higher rate from Japan. I would like to inform the hon. Member that the local yarn which we produce costs Rs. 125 per kilo gram and state trade Corporation supplies the yarn of 15 denier at Rs. 122. The yarn which we import from Japan and Italy costs Rs. 40/- or Rs. 41/- there after that 100% Custom Duty is imposed and 38% excise duty is charged and after-wards the storage expenditure comes in and thereby it costs about Rs. 120 per K.G., here.

Shri Bal Raj Madhok. : The hon. Minister has stated that the difference is not so much. I am to say that it is a different thing that what duty we impose over the International price today and the price at which we can purchase yarn. In comparison to that the price of the yarn supplied by State Trading Corporation is higher, it is somewhere 40% and at others 30% . If the Government do not agree with this then whether the hon. Minister is prepared to establish a Parliamentary Committee to enquire into the matter that how much yarn has been purchased, what is its international price and how much does it costs here? If the hon. Minister is not prepared for this then we will have to say that all he stated was wrong.

Minister of Commerce (Shri Dinesh Singh): Hon. Member is aware that we never refused to construct a Parliamentary Party but we always tiried that members of the Parliament should see whether the work we do is right or wrong. What we do in the Ministry is not hidden from anybody. So far as the prices are concerned I would like to make it clear. Whenever we import synthetic yarn from the foreign countries the price of yarn is different in different Countries. It is possible if we have bought yarns from United States when we imported it from Japan or from any other country, the price would have been little bit different. But from where we imported yarn we have used the money received under tied aid. We did not spend free foreign exchange currency. If we had done so then there would have been a little difference in the price. This is not true that the prices of yarn at that time were less in Countries from where we imported synthetic yarn, but the fact is that we imported the yarn at 15—20% less than the rate which they told us earlier. We have got full facts and figures of that. This is not true that we paid more than the price prevalent in that Country at that time.

श्री बलराज मधोक : मुझे मंत्री महोदय के उत्तर की सत्यता पर संदेह है। एक समिति नियुक्त की जानी चाहिए और पूरे तथ्यों की जांच होनी चाहिए ।

श्री दामानी : गत दो वर्षों मे संश्लिष्ट (नकली) धागे के उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि हुई है और बड़ी मात्रा में इसका तस्कर व्यापार हो रहा है। इस बात को दृष्टि में रखते हुए, मैं जानना चाहता हूं कि इस धागे के आयात की क्या आवश्यकता है और यह किस कार्य में लाया जा रहा है ?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : हमें एक करोड़ किलोग्राम संश्लिष्ट धागे की आवश्यकता है लेकिन हमारे यहां नाइलन के लिए जो तीन फैक्ट्रियां हैं उनमें केवल 24 लाख किलोग्राम संश्लिष्ट धागे का उत्पादन होता है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि हमे 60—70 लाख किलोग्राम संश्लिष्ट धागा बाहर से खरीदना पड़ेगा। क्योंकि मांग और पूर्ति के बीच बड़ा भारी अन्तर है इसलिए यह आवश्यक है। नई फैक्ट्रियां भी खुल रही हैं। इसलिए हम नाइलन धागे का आयात कर रहें है क्योंकि हमारे कताई और बुनाई का कार्य करने वाले कर्मकारों को इसकी आवश्यकता है। अगर हम धागे का आयात न करें तो उद्योग की उपलब्ध क्षमता का पूर्ण उपयोग न हो सकेगा तथा बेरोजगारी पैदा होगी।

Shri Madhu Limaye: May I know whether the attention of the Government have been drawn towards this fact that the factories which are at present preparing nylon and synthetic yarn in the Country are earning a lot of profit as it is mentioned in a report of J.K. Group that there was a profit of four crores on the sales of 7 crores. If this profit would have been used for increasing production then possibly there would have been no necessity of imports. Simultaneously I would like to know whether the Government are aware that State Trading Corporation earns adequate profit over the imported yarn with the result that its price in the market is high and due to this very reason a large quantity of nylon yarn is also brought in the Country through smuggling? Is it not one of the reasons that there is no customer for the yarn imported by S.T.C.? If the hon. Minister will accompany me I will make him available nylon yarn in the areas like Daman. It is possible only when he accompanies me.

Shri Mohd. Shafi Qureshi: So far as the adequate profit earning and nylon yarn manufacturing factories are concerned I would like to say that the fact is that they are no trunning under loss but they are certainly earning some profit.

So far as the question of importing yarn is concerned I have already stated that the yarn is imported because there is shortage of yarn and the local supply is also inadequate.

Shri Madhu Limaye: You do not keep information?

Shri Mohd. Shafi Qureshi: So far as the profit is concerned, it is a natural phenomenon that when there is shortage of supply and the demand is more than the price naturally goes high. To meet the demand we are importing yarn and factories are also being established so that nylon prices may come down.

Shri Madhu Limaye : My question has not been answered. State Trading Corporation charges high profit at his nylon yarn which has encouraged smuggling and as a result of it nylon yarn is coming into the country in such a large scale that the yarn of S.T.C. is not being sold. I have stated the hon. Minister accompanies me I am ready to get those smuggler on the whole Western border caught.

Shri Mohd. Shafi Qureshi: So far as the question of smuggling is concerned it cannot be denied that some nylon yarn is being smuggled. So far as the charging of high prices by the State Trading Corporation is concerned I would like to draw the attention of the hon. member to the fact that whereas the price of local synthetic yarn of Narela and J.K. is Rs. 125 per kilo fifteen lineur (1)...

Shri Madhu Limaye: Bring them also down.

Shri Mohd. Shafi Qureshi: The price of synthetic yarn of State Trading Corporation is Rs. 120 to Rs. 122 per K.G. which means it is selling at Rs. 4/- or Rs. 5/- less than the price of local synthetic yarn. State Trading Corporation does not earn much profit by it. But State Trading Corporation wants if the supply increases and prices come down than the prices of local synthetic yarn will also come down.

श्री शंकरानन्द : अभी मंत्री महोदय ने बताया कि संश्लिष्ट (नकली) धागे का आयात इसलिए किया जा रहा है क्योंकि मांग की पूर्ति में बड़ा भारी अन्तर है और नये कारखाने भी खुल रहे हैं, मैं जानना चाहता हूं कि वे नये कारखाने कौन से हैं जिनके लिए धागे का आयात किया जा रहा है ?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : माननीय सदस्य धागे को कपड़ा कहकर भ्रम पैदा कर रहे हैं। मैंने नाइलन धागे के निर्माण के बारे में कहा न कि नाइलन कपड़े के बारे में।

श्री विक्रम चन्द्र महाजन : क्या यह सच है कि नये संयन्त्रों की स्थापना के लिए प्राप्त कई आवेदन पत्र अभी अनिर्णीत पड़े हैं, यदि हां तो अभी तक अनुज्ञा क्यों प्रदान नहीं की गयी ?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : यह मामला सरकार के विचाराधीन है तथा इस पर निर्णय किया जायेगा ।

Shri Prem Chand Verma: Hon. Minister has just stated that there is a profit of 4 crores to a Company on the sale of 7 crores. No reply has been given by the hon. Minister to it. May I know what steps the Government want to take to check the profiteering by the monopolists? Is it not true that S.T.C. does not reduce the price of yarn so that their profit may not lessen.?

May I know what percent of profit S.T.C. earns over the yarn?

Shri Mohd. Shafi Qureshi: So far as the private company and its profit is concerned no reply can be given at this time but so far as the S.T.C. is concerned I have already stated that it is not selling for profit but it is importing to meet the short supply of yarn in the country....

Shri Prem Chand Verma: What profit it keeps?

Shri Mohd. Shafi Qureshi: Very little. I think it will not be more than one per cent.

श्री रंगा : वे कितना लाभ कमा रहे हैं ? आप साफ-साफ क्यों नहीं बताते ?

अध्यक्ष महोदय : इसके लिए उन्हें पूर्व सूचना चाहिए ।

Shri Hardayal Devgun: Hon. Minister must be having some knowledge about the economics of nylon yarn. Synthetic fibre is purchased at Rs. 5 per Kilo and its yarn is sold at Rs. 125 per kilo by the Mills here. Instead of checking profiteering they kept the price at Rs. 120 of the yarn imported by S.T.C. Somebody says that it is earning 30% profit, some says 500%and in this profiteering it is competing with the factories established here. Due to this reason the nylon yarn imported by S.T.C. is lying in its store and these is no customer to buy it. May I know whether it is a fact?. I would also like to know that it is not a fact that an enquiry is being made against the officials of S.T.C. that they have kept the foreign exchange in the foreign banks?

Shri Mohd. Shafi Qureshi: So far as the question of yarn by ying in the Stores of S.T.C. is concerned I would like to inform the hon. member that whereas licence worth Rs. 6 crores were issued the goods worth Rs. 5 crores and 30 lacs have arrived and the division of that is as below:

Power Looms Sector	Rs. 4 crores and 18 lacs.
Co-operative Sector	Rs. 43 lacs.
Handloom Sector	Rs. 33 lacs.
Hosiery Sector	Rs. 36 lacs.

This division has been made. It is clear from it now that there is no stock lying with State Trading Corporation.

श्री कृष्णमूर्ति : देश मे लगभग ५ करोड़ रुपये का ब्लीडिंग मद्रास है जिसका उत्पादन विदेशों को निर्यात के लिए किया गया था ।

अध्यक्ष महोदय : नाइलन से ब्लीडिंग मद्रास पर आ गये ! (व्यवधान)

श्री कृष्णमूर्ति : मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या संश्लिष्ट धागे के आयात के स्थान पर कोई फर्म ब्लीडिंग मद्रास की न बेची गयी सम्पूर्ण मात्रा का निर्यात करने के लिए तैयार है, यदि हां, तो सरकार पर इसकी क्या प्रतिक्रिया हुई ?

श्री मुहम्मद कुरेशी : प्रश्न ब्लीडिंग मद्रास से सम्बधित है । यह सत्य है कि हम प्रतिवर्ष 10 करोड़ रुपये के, इस विशेष किस्म के ब्लीडिंग मद्रास का निर्यात कर रहे हैं लेकिन निर्यात कर्त्ताओं की अत्यधिक ईर्ष्यालु प्रकृति के कारण यू०एस०ए० में एक बड़े भारी स्टाक का संचय हो गया था और निर्यात घट कर 10 लाख से 15 लाख रुपये तक आ गया है । मद्रास में बड़ा भारी स्टाक जमा है जिसके लिए एक पार्टी निर्यात करने के लिए तैयार भी हो गयी थी लेकिन उसकी शर्तें बड़ी अजीब थी । पार्टी का कहना था कि वह सारा माल लेकर उसका निर्यात कर देगी लेकिन उसको 100 परसेंट नाइलन यार्न का आयात करने की अनुज्ञा मिलनी चाहिए जिससे वह इसको यहां 300 से 400 परसेंट अधिमूल्य (प्रीमियम) पर बेच सके । हमने उसकी स्वीकृति नहीं दी ।

श्री रंगा : क्या सरकार यह सूचना देगी, यदि इस समय नहीं तो बाद में सही आदि क्या इसे सभा पटल पर रेखेगी कि राज्य व्यापार निगम (एस०टी०सी०) जापान तथा अन्य देशों से किस मूल्य पर नकली धागे, संश्लिष्ट धागे को खरीदती है तथा यहां किस कीमत पर बेच रही है और उसे कितना लाभ हो रहा है ? इस बात को ध्यान में रखते हुए कि जितना देश में उत्पादन होता है उससे दुगना यह आयात तथा सम्भरण करती है इसे इस स्थिति में होना चाहिए कि कीमतों को इतना कम कर दे कि बिना अधिक लाभ कमाये यह ग्राहकों को उपलब्ध हो सके, कीमतें विद्यमान मूल्यों से कम होनी चाहिएं । माननीय मित्र ने बताया है कि वे कारखानों के मूल्य से 2 या 3 रुपये कम लेते हैं । इस बात को ध्यान में रखते हुए कि कारखानों को अत्यधिक लाभ हो रहा है वे कीमतों को कम क्यों नहीं कर देते ?

वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : जिस भाव पर हमने इस यार्न को खरीदा है मेरे माननीय सहयोगी ने उसका कुछ अनुमान किया है, बात यह है कि जब हम इस संश्लिस्ट धागे को बाहर से खरीदते हैं तो हमे 100% कर तथा 38 परसैंट उत्पाद शुल्क देना पड़ता है और इस से संश्लिष्ट धागे की कीमत मे वृद्धि हो जाती है । मेरे माननीय मित्र श्री मधु लिमये ने तस्कर व्यापार का प्रश्न उठाया । वास्तव में तस्कर व्यापार द्वारा प्राप्त संश्लिष्ट धागा इन करों से मुक्त है और इसीलिए इस के भाव में असन्तुलन है । अब प्रश्न यह है कि जो संश्लिष्ट धागा आयात किया जाता है और जो यहां बनाया जाता है उस के भावों में अन्तर है तथा जो भी वस्तु आयात की जाती है उसके और स्थानीय उत्पादित वस्तु के भावों में अन्तर रहता है । इसका कारण

यह है कि वहां बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है और इस से मितव्ययिता के कारण उन्हें लाभ होता है तथा लागत कम पड़ती है, यदि हम आयातित मूल्य पर धाग को बेचना आरम्भ कर दें तो क्या होगा ? यदि हम ऐसा करने लगें तो यह धागा बाजार मे पुन: बिकने लगेगा और चोर बाजारी को बढ़ावा मिलेगा । हमने सभा में इस प्रश्न पर विचार किया था। राज्य व्यापार निगम (एस० टी० सी०) समवायों के मूल्यों से कम मूल्य लेने तथा उनको बनाये रखने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं...

श्री रंगा : वे इस से भी कम मूल्य पर बेच सकते हैं ।

Shri Madhu Limaye: Bring down the prices of J.K. etc.

श्री दिनेश सिंह : यह बिल्कुल भिन्न बात है, हम इस प्रश्न पर विचार कर सकते हैं कि स्थानीय कीमत कितनी अधिक होनी चाहिए हम इसका ध्यान रखेंगे ।

अध्यक्ष महोदय : अब अल्प सूचना प्रश्न पर आइये ।

श्री नम्बियार : 'लैफ्ट कम्यूनिस्ट नागा' नाम से क्या तात्पर्य है ?

अध्यक्ष महोदय : मैं नहीं जानता हूं । मंत्री महोदय बतायेंगे ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैंने नहीं जाना कि माननीय सदस्य स्वयं ध्यान में निमान थे और इसीलिए उन्हें इस बात का पता नहीं चला ।

अध्यक्ष महोदय : अब हम अल्प सूचना प्रश्न पर चर्चा कर रहे हैं।

अल्पसूचना प्रश्न
SHORT NOTICE QUESTION

कुल्टी में इस्पात ढलाई कारखाने का जमीन में धंसना

+

अ० सू० प्र० 10. श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : **श्री वेणी शंकर शर्मा :**
श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी : **श्री रविराय :**
श्री निहाल सिंह :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आसनसोल के निकट लोहा तथा इस्पात कम्पनी का इस्पात ढलाई कारखाना शीघ्रता से जमीन मे धंस रहा है, ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है जिस से पूर्ण इस्पात कारखाने को क्षति न पहुंचे ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख): एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है ।

विवरण

बताया गया है कि 9 मार्च, 1968 को 9.30 तथा 10 मार्च, 1968 को 11 बजे के बीच जिस स्थान पर मैसर्स इण्डियन प्लाइरन एण्ड स्टील कम्पनी कुल्टी की इस्पात फाउंड्री स्थित है उस में कई जगहों पर दरारें दिखाई दीं । इस बीच कई जगहों पर एक फीट से लेकर 3 फीट की गहराई तक जमीन धंस गई थी। 10 मार्च 1968 को 9 बजे के बाद और जमीन धंसने की कोई घटना नहीं हुई ।

जमीन धंस जाने के फलस्वरूप ढलाई घर के कुछ ढांचों को नुकसान पहुंचा और वे कई जगहों से झुक गये। खानों के मुख्य निर्देशक ने जमीन धंसने के कारणों का पता लगाने के लिए एक विशेष दल नियुक्त कर दिया है और उसकी रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है । पश्चिम बंगाल सरकार के उप मुख्य कारखाना निरीक्षक , आसनसोल भी इस मामले की जांच कर रहे हैं और उनकी रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मंत्री महोदय ने हमें विश्वास दिलाया है कि खानों के मुख्य निदेशक ने जमीन धंसने के कारणों का पता लगाने के लिए एक विशेष दल नियुक्त किया है । मैं जानना चाहती हूं कि इस समय कारखाने को कितनी क्षति हुई है तथा सरकार कौन से कदम उठाना चाहती है जिस से कि कारखाने की सरंचना को और अधिक क्षति न हो ?

श्री फखरुद्दीन अली अहमद: कारखाने में प्रतिदिन 35,000 रुपये के मूल्य का उत्पादन होता है । जहां तक इस्पात ढलाई कारखाने के जमीन में धंस जाने के कारण क्षति निर्धारण का प्रश्न है, हमने इस कार्य के लिए विशेषज्ञों का एक दल नियुक्त किया है तथा उस के रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है । रिपोर्ट मिलने पर ही यह बताना सम्भव हो सकेगा कि वास्तविक हानि कितनी हुई है ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैं जानना चाहती हूं कि क्या सरकार अथवा समवाय को इस बात की पूर्व सूचना थी कि जहां ढलाई घर बनाया है उस क्षेत्र में खनन कार्य हुआ था तथा इसके परिणामस्वरूप वहां भूमि के एक बड़े भाग में अन्दर से रिक्तता उत्पन्न हो गई थी ?

श्री फखरुद्दीन अली अहमद : अगर समवाय को इसकी पूर्व सूचना होती तो वह ढलाई घर वहां कभी न स्थापित करती । जहां तक इस्पात कारखाने से सम्बन्धित दूसरे प्रश्न का सम्बन्ध है, जो कि महत्वपूर्ण भी है, मैं बताना चाहता हूं कि इस्पात कारखाना इस स्थान पर नहीं है बल्कि यह बर्नपुर में है जो कि ढलाई घर से 10—12 मील की दूरी पर है ।

Shri Rabi Ray: Will the hon. Minister be pleased to state that how many workers have been laid off due to the sinking of Steel foundry plant near Asansol, and what provision has been made to give them employment and whether any damage has been caused to the railway line which goes by the side of the foundry and who is the owner of that steel foundry?

Shri F.A. Ahmed: So far as the labour is concerned 530 workers were laid off and they have beeen given lay-off compensation. Out of them 100 workers have been given work at another place. No retrenchment has been made there. It is being looked into that how the rest of the labourers should be given work. The railway line which goes by the side of the foundry has also been damaged.

Shri Deven Sen : Whether it is a fact that there are three huge Collieries namely East Victoria, West Victoria and Ramnagar Colliery of two Companies on both the sides of this foundry; and two years back a whole pipe factory and a village were sunk, if so whether the hon. Minister will make an enquiry as to whether proper sand stowing is done in the Collieries and whether the foundry and factory have sunk because there is no proper sand stowing.

Shri F. A. Ahmed: The Suggestion given will be looked into.

श्री रा० बरुआ : यह ढलाई घर कब पूर्ण हुआ था और तब से लेकर अब तक, क्या क्षति के कोई चिन्ह पता लगाये गये हैं ?

श्री फखरुद्दीन अली अहमद : जैसे कि मैं बता चुका हूं कि यह ढलाई घर इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड का था । इसलिये मैं इस ब्योरे से अनभिज्ञ हूं कि यह कब पूर्ण हुआ अथवा कब आरम्भ हुआ ।

श्री स० मो० बनर्जी : श्री रविराय को उत्तर देते हुये मंत्री महोदय ने कहा कि 500 मजदूर बेरोजगार हो गये थे और उनमें से कुछ को कुछ दूसरा काम दे दिया गया है, मैं जानना चाहता हूं कि उनको बेरोजगारी के कारण उनकी मजदूरी का केवल 50 क्षतिपूर्ति के तौर पर क्यों दिया गया जब कि इसमें उनका कोई दोष नहीं ? क्या सरकार नियुक्ता मालिक को राजी करेगी कि वह मजदूरों को पूरी मजदूरी दे क्योंकि यह दैवी संकट था और उनके बस से बाहर था ?

श्री फखरुद्दीन अली अहमद : जैसा कि मैं पहले बता चुका हूं कि मजदूरों की बेरोजगारी के कारण जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति की जा रही है । प्रबन्धक उनको दूसरे कामों में नियोजित करने का प्रयत्न कर रहे हैं । 100 मजदूरों को पहले ही काम दिया जा चुका है । मैं देखूंगा कि कितनी और सहायता इनको दी जा सकती है ।

इस विषय से संबंधित जो ताजी सूचना मुझे प्राप्त हुई है उसे मैं बताना चाहता हूं ।

"कुल्टी में इस्पात ढलाई कारखाने के जमीन में धंसने से सम्बन्धित जाँच कार्यवाही चल रही है । रिपोर्ट तैयार की जा रही है । स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं, केवल इसके कि 13 तारीख के बाद भूमि धंसना रुक गया है । यह आशंका है कि मानसून में भूमि कुछ और धंसेगी । कारखाने के प्रबन्धकों ने क्षतिग्रस्त वर्कसाप से तैयार वस्तुओं को उठाना आरम्भ कर दिया है । प्रबन्धकों की रेलवे लाइन को जो क्षति हुई थी उसे पुनः ठीक किया जा रहा है ।"

श्री स० मो० बनर्जी : मेरा प्रश्न मजदूरों को पूरी मजदूरी देने से सम्बन्धित था । उन्हें बेकारी का भत्ता दिया गया है । विशेष अधिनियम के अन्तर्गत बेकारी के लिए क्षतिपूर्ति के तौर पर मजदूरी का 50 प्रतिशत दिया जाता है । यह केवल उन मामलों में होता है जब कोई ऐसी आकास्मिकता आ पड़ती है कि या तो माल उपलब्ध नहीं होता अथवा हड़ताल हो जाती है या कोई और

ऐसी ही बात हो जाती है लेकिन यहां इसके सम्बन्ध में न तो प्रबन्धकों द्वारा कारखाना बन्द किया गया और न ही मजदूरों द्वारा कोई हड़ताल की गयी। इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि मजदूरों को पूरी मजदूरी क्यों नहीं दी गयी। क्या सरकार इंडियन आयरन एन्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड को इस बात के लिए राजी करेगी कि वह मजदूरों को पूर्ण मजदूरी दे ?

श्री फखरुद्दीन अली अहमद : मैं कम्पनी के प्रबन्धकों से इस बात पर चर्चा करूंगा ।

श्री शंकरानन्द : कारखाने के जमीन में धंसने के कारण, उसकी जाँच के लिए जो विशेषज्ञों का दल नियुक्त किया गया है क्या उन के रिपोर्ट देने के लिए कोई समय निर्धारित किया गया है अथवा वे अपनी इच्छा से अपने समय के अनुसार रिपोर्ट देंगे जिसके दौरान कारखाने को और भी अधिक हानि हो सकती है ?

श्री फखरुद्दीन अली अहमद : मैं इसका उत्तर दे चुका हूं ।

श्री समर गुह : सरकार को तथा हम सबको कुल्टी में इस्पात ढलाई कारखाने के जमीन में धंसने की एक चेतावनी के रूप में समझना चाहिए। आप जानते हैं कि आसनसोल उप-प्रभाग में एक कोयला-खनन क्षेत्र है तथा एक बड़ा औद्योगिक संश्लिष्ट भी है । कुल्टी ढलाई कारखाने के जमीन में धंस जाने के कारणों का पता लगाने की बजाय क्या सरकार कोयले की खानों के निकटवर्ती क्षेत्रों में अन्य औद्योगिक संश्लिष्टों के धंस जाने और कोयला खनन क्षेत्रों में कुओं की उपस्थिति से उत्पन्न खतरे की सम्भावनाओं का पता लगाने के लिए एक व्यापक जाँच करेगी ?

श्री फखरुद्दीन अली अहमद : जब मुझे प्रतिवेदन मिलेगा तब उस समय उस पर विचार करते हुए मैं माननीय सदस्य के सुझावों को ध्यान में रखूंगा ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Licences for Mica Mines

Shri ChanderaShekhar Singh :
Shri Bhogendra Jha:

Will the Minister of **Steel, Mines and Metals** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1292 on the 20th February, 1968 and state:

(a) Whether the present Government of Bihar have decided to reconsider the question of issuing licences for mica mines;

(b) Whether Government have wirtten to the Bihar Government to follow their previous directions, and

(c) if so, the result thereof?

The Minister of Steel, Mines and Metals (Dr. Channa Reddy): (a) Yes Sir.

(b) Yes Sir.

(c) The State Government have since reconsidered the matter and have passed orders restoring the lease hold properties to the Indian Mica Supply Company pending final decision of the revision applications by the Central Government.

खनिज तथा धातु व्यापार निगम के माध्यम से कच्चे माल का आयात

*692. **श्री कृ० मा० कौशिक : औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 8 नवम्बर, 1967 को हुई लघु उद्योग बोर्ड की बैठक में विभिन्न राज्यों के कुछ लघु उद्योगों ने खनिज तथा धातु व्यापार निगम अथवा राज्य व्यापार निगम के माध्यम से कच्चे माल का आयात करने का विरोध किया था क्योंकि इसमें लागत बहुत आती है और प्रासांगिक व्यय बहुत होता है; और

(ख) यदि हां, तो लघु उद्योगपतियों द्वारा सीधा आयात करने के सुझाव के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां।

(ख) लघु उद्योग बोर्ड की बैठक में लघु उद्योगपतियों द्वारा दिए गए सुझावों पर सरकार विचार कर रही है ।

भारतीय माल के निर्यात के संबंध में प्रचार

*693. **श्री हिम्मत सिंहका : औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने फ्रांस समेत विदेशों का दौरा करते समय यह अनुभव किया था कि भारतीय माल के निर्यात के संबंध में प्रचार-कार्य बहुत कम हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो विदेशी मंडियों में व्यापार प्रचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए क्या-क्या मुख्य कार्यवाही करने का विचार है;

(ग) क्या उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों का एक साथ-संघ स्थापित किया जाय तथा हमारे देश की औद्योगिक गतिविधियों के बारे में सारी आवश्यक जानकारी देने की व्यवस्था करने के लिये और विदेशों की मंडियों की स्थिति का पता लगाने के लिए विदेशों में संयुक्त दल नियुक्त किये जायें, ताकि इन स्थितयों के अनुसार समय-समय पर हमारे उत्पादन तथा आयोजना में संशोधन किया जा सके; और

(घ) यदि हां, तो इस सुझाव के अनुसार क्या कार्यवाही की जा रही है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री खफरुद्दीन अली अहमद :

(क) अपनी विदेश यात्रा के दौरान मेरी ये धारणा बनी कि जिन देशों में मैं गया था उनमें से कुछ देशों में जिनमें फ्रांस शामिल है, भारत से आयात की सम्भावनाओं विशेषकर तैयार माल के बारे में प्राप्त जानकारी नहीं है । इस जानकारी का न होना ही इन देशों

को हमारा निर्यात बढ़ाने के मार्ग में बाधक रहा है और जो कुछ हम बानते हैं उसके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कराने में हमारा निर्यात बढ़ने में सहायता मिल सकती है ।

(ख) वाणिज्य मंत्रालय इस बारे में पूरी तरह सजग है । वस्तुतः आयोजन-कार्य को आगे बढ़ाने और मार्ग दर्शन करने तथा विभिन्न माध्यमों के द्वारा निर्यात प्रचार संबंधी कार्यक्रमों को लागू करने में उस मंत्रालय ने अक्तूबर, 1966 में एक स्थायी निर्यात प्रचार सलाहकार समिति बनाई थी । इस समिति की रिपोर्ट मिल गई है । समिति ने कारगर और व्यावहारिक निर्यात प्रचार कार्यक्रम तैयार करने तथा उसे समन्वित रूप में कार्यान्वित करने के लिए कई सिफारिशें की हैं । उनकी जांच उस मंत्रालय द्वारा की जा रही है ।

(ग) मेरा विचार यह है कि भारत में हम किन वस्तुओं का उत्पादन कर रहे हैं और किन वस्तुओं का हम निर्यात कर सकते हैं, शेष रूप से निर्मित माल का, इस बारे में विदेशों के खरीददारों को जानकारी प्राप्त कराने के लिए एक संगठन की आवश्यकता है जिसमें सरकारी और गैर-सरकारी दोनों ही क्षेत्रों के प्रतिनिधि हों । इस प्रकार का संगठन समय-समय पर विदेशों को दल भेजने का प्रबन्ध कर सकता है जो हमारे औद्योगिक विकास में रुचि रखने वाले मित्र देशों को जानकारी दे सकते हैं और वहां तैयार माल की खपत का पता लगा सकते हैं । इस प्रकार की खपत के बारे में जानकारी मिलने से हमें निर्यात के लिए अपने उत्पादन का आयोजन करने में सहायाता मिलेगी । विदेशों में अपने निर्मित माल का प्रदर्शन करके और निर्मित पदार्थ को जैसे मशीनी औजार तथा मशीनों को विदेशों में उपलब्ध माल गोदाम की सुविधा का इस्तेमाल करके उनमें सामान इकट्ठा करने से निर्यात बढ़ाने के काम में भी सहायता मिल सकती है ।

(घ) मेरे विचार वाणिज्य मंत्रालय द्वारा विचार किये जाने के लिए उस मंत्रालय की जानकारी में लाए गए हैं ।

पटसन की वस्तुओं के न्यूनतम निर्यात मूल्य

*694. **श्री इन्द्रजीत गुप्त :** क्या **वाणिज्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय पटसन मिल संघ इस बात की निरंतर मांग करता आ रहा है कि पटसन की वस्तुओं के निम्नतम निर्यात मूल्य निर्धारित किये जाने चाहियें ;

(ख) क्या यह मांग विदेशों की मंडियों में प्रतिस्पर्धा का मुकाबिला करने के हित में है; और

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) से (ग) भारतीय पटसन मिल संघ ने पटसन की वस्तुओं के न्यूनतम निर्यात मूल्य निर्धारित करने का सुझाव दिया है जो विचाराधीन है ।

सरकारी क्षेत्र के इस्पात कारखाने

Public Sector Steel Plants

*695. **Shri Raghuvir Singh Shastri:** Will the Minister of Steel, Mines and Metals be pleased to state:

(a) whether it is a fact that strikes and go-slow movements have been going on in the Public Sector Steel Plants due to continuing labour disputes which had resulted in substantial loss of production ; and

(b) if so, the action taken by Government to find out permanent solution of labour disputes in the steel plants in the Public Sector?

The Minister of Steel, Mines and Metals (Dr. Channa Reddy): (a) Yes, Sir. Illegal strikes, gheraoes, stoppages of work, slow-downs etc., have affected the working of the Rourkela and the Durgapur Steel Plants seriously during the year 1967-68.

(b) The question of having an arrangement by which a truly representative union of worker could be recognised in each Steel Plant as the sole bargaining agent empowered to negotiate all collective and general issues with the Management and the estsblishment of a manchinery of Joint Standing Committees for securing settlement of industrial disputes by negotiation, conciliation etc.,has been recently discussed wtih the representatives of the Central Trade Unions. Further consultations and discussions will be necessary for arriving at agreed arrangements.

महाराष्ट्र में ट्रैक्टर कारखाना

*696. **श्री देवराव पाटिल :** क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र में एक ट्रैक्टर कारखाना लगाने की कोई योजना भेजी है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते ।

हैदराबाद और हरिद्वार में हैवी इलेक्ट्रिकल प्लांट

*697. **डा० रानेन सेन :** क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकारी क्षेत्र में हैदराबाद और हरिद्वार में बिजली का भारी सामान बनाने के कारखानों के निर्माण में अब तक कितनी प्रगति हुई है ;

(ख) इन कारखानों पर अब तक कितना व्यय किया गया है;

(ग) क्या देश में सरकारी क्षेत्र में विद्यमान बिजली के सामान बनाने के तीनों कारखानों के लिए एक सांझा प्राधिकार बनाने का सरकार का विचार है, ताकि उनका निर्माण, विस्तार और अग्रेतर विकास शीघ्रता से किया जा सके; और

(घ) यदि हां, तो इसकी मुख्य रूप-रेखा क्या है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) हैदराबाद संयंत्र में निर्माण-कार्य, कुछ छोटी-मोटी समापन संबंधी चीजों को छोड़कर शेष लगभग पूरा हो चुका है।

फरवरी, 1968 के अन्त तक हरिद्वार के संयंत्र में फाउन्ड्री ब्लाक को छोड़कर मुख्य कारखाने के ब्लाकों में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। फाउन्ड्री ब्लाक की नींव तथा खम्भे डाले जा चुके हैं। आक्सीजन तथा एसिटलीन संयंत्रों की, कम्प्रेसर शाला, गैस उत्पादन शाला, संयंत्रों की केन्द्रीय प्रयोगशाला तथा तापीय बिजली घर की इमारतों के निर्माण में अच्छी प्रगति हुई है।

(ख) इन परियोजनाओं पर दिसम्बर, 1967 के अन्त तक निर्धारित व्यय निम्नलिखित है :—

हरिद्वार	53.30 करोड़ रु०
हैदराबाद	32.84 करोड़ रु०

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

मसालों के प्रसिद्ध आयातकर्त्ता

*698. **श्री मधु लिमये :** क्या **वाणिज्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय लौंग, इलायची, जायफल आदि के राज्यवार कितने प्रसिद्ध आयातकर्त्ता हैं;

(ख) क्या बिहार में ऐसे कोई आयातकर्त्ता हैं ; और यदि नहीं, तो वे अपनी आवश्यकता का माल कहां से तथा किस मूल्य पर प्राप्त करते हैं ;

(ग) क्या इस बारे में भारत सरकार को राज्य सरकार, व्यापारी संस्था आदि से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(घ) क्या भारत सरकार समूचे देश में व्यापारियों को इन मसालों का समान आधार पर आवंटन करने की कोई योजना बना रही है ताकि एकाधिकार, मुनाफाखोरी आदि की प्रवृत्तियों को रोका जा सके; और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी) : (क) और (ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [पुस्तकालय में रखा गया, देखिये एल० टी० 497/68]।

(ग) जी, हां।

(घ) चूंकि इस समय स्टाक तथा बिक्री के लिए आयातों की अनुमति नहीं दी जा रही है अतः वितरण पद्धति बनाने का प्रश्न नहीं उठता।

रेलवे वाणिज्य क्लर्क संस्था का ज्ञापन

*699. **श्री विश्वनाथ मेनन :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हाल में अखिल भारतीय रेलवे कामर्शियल क्लर्क संस्था से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो उनकी मांगें क्या हैं ; और

(ग) उनकी मांगें पूरी करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) जी हां ।

(ख) वाणिज्य क्लर्कों की मांगें निम्नलिखित हैं :—

(1) वेतन-मान और पदक्रम में संशोधन ;

(2) अपंग कर्मचारियों को किसी पद पर लगाना ;

(3) अधिकृत वेतन-मानों की वार्षिक वेतन-वृद्धियों में सुधार ;

(4) क्वार्टरों के नियतन के उद्देश्य से वाणिज्य क्लर्कों को "अनिवार्य" कोटि में रखने की प्रार्थना ;

(5) पदोन्नत्ति की सारणी ;

(6) वाणिज्य क्लर्कों के आवधिक स्थानान्तरण संबंधी नीति ;

(7) चिकित्सा यूनिट से एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर रहने वाले वाणिज्य क्लर्कों के लिये चिकित्सा भत्ते की व्यवस्था ;

(8) रोकड़ सम्हालने का काम करने वाले वाणिज्य क्लर्कों को रोकड़ भत्ता देना ; और

(9) काम के घंटे विनियमनों को लागू करना ।

(ग) इन मांगों की फिर से जांच की गयी है और उनमें से कुछ मांगों पर संगठित श्रम संगठनों के साथ बातचीत के परिणामस्वरूप फिर से विचार किया जा रहा है ।

खनन तथा संबद्ध मशीनरी निगम लिमिटेड

*700. **श्री सु० कु० तापड़िया** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या खनन तथा संबद्ध मशीनरी निगम लिमिटेड का पनर्गठन करने तथा सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र के इंजीनियरों तथा कोयला खनन विशेषज्ञों को उससे संबद्ध करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) निर्माण कार्यों में विविधता लाने की कितनी गुंजाइश है और वर्ष 1967 में कितनी प्रगति हुई है ; और

(ग) बिक्री को बढ़ाने के लिए खनन उपकरणों के लिए बाजार का सर्वेक्षण करने के लिये आरम्भ किये गये कार्यक्रमों की रूपरेखा क्या है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) इस बारे में कोई भी नया प्रस्ताव इस समय विचाराधीन नहीं है ।

(ख) माईनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपोरेशन में विविधता लाने की गुंजाइश की कई उच्च भारतीय तथा रूसी विशेषज्ञों ने जांच की है और उनका विचार है कि यदि डिजाइनों के प्रालेख उपलब्ध हों और कुछ संतुलन उपकरणों को और जोड़ दिया जाए तो यह व्यापक इंजीनियरी एकक बन सकता है । परीक्षाधीन वर्ष में कम्पनी ने कोयला धोने की मशीनें तथा साइक्लोन जो कि कोयला धोने के लिए आवश्यक होता है, के निर्माण के लिए पोलैंड की एक फर्म के साथ एक सहयोग करार किया

और दूसरा सहयोग करार हालैंड की फर्म से किया है। कुछ वस्तुओं जैसे प्रौद्योगिकी ढाचे, खान में काम आने वाले उपकरणों आदि के बोकारो इस्पात कारखाने को सम्भरण करने के लिए आर्डर प्राप्त किए गये। ये वस्तुयें इसके उन्पादन के मौलिक कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं थी। बन्दरगाहों पर खनिज पदार्थ लाने, ले जाने के उपकरणों के संभरण के लिए पूछताछ की जा रही है।

(ग) कम्पनी द्वारा प्रारम्भ किये गये बाजार के सर्वेक्षण के काम के बारे में ब्यौरा अभी उपलब्ध कहीं है। यह इकट्ठा किया जा रहा है और सभा-पटल पर र दिया जायगा।

पाकिस्तान में भारतीय नागरिकों की नकदी का हस्तांतरण

*701. **श्री बे० कृ० दासचौधरी :** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भारतीय नागरिकों की पाकिस्तान में विभिन्न बैंकों में पड़ी नकदी और पाकिस्तान सरकार के पास चल सम्पत्ति के हस्तांतरण के बारे में पाकिस्तान सरकार के साथ कोई समझौता कर सकी है ;

(ख) क्या सरकार ने भारतीय नागरिकों द्वारा पूर्वी पाकिस्तान में छोड़ी गई अचल सम्पत्ति के मुआवजे की शर्तों को तय कर लिया है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) से (ग). दोनों देशों द्वारा कब्जे में ली गई समस्त सम्पत्तियों तथा परिसम्पत्तियों की वापसी के प्रश्न पर ताशकन्द घोषणा के अनुच्छेद 8 की शर्तों के अनुसार बातचीत करने के लिये भारत सरकार अब भी पाकिस्तान सरकार से आग्रह कर रही है। अतः ऐसी स्थिति में भारतीय नागरिकों को, जिनकी सम्पत्तियाँ पाकिस्तान द्वारा जब्त कर ली गयी हैं, किसी प्रकार का मुआवजा देने का प्रश्न नहीं उठता।

इस्पात सौदों के बारे में जांच समिति

702.	**श्री जुगल मंडल:**	**श्री श्रीगोपाल साहू :**
	श्री स० कुण्डू:	**श्री वेणी शंकर शर्मा :**
	श्री कंवर लाल गुप्त :	**श्री रवि राय ।**
	श्री भारत सिंह चौहान:	**श्री चेलराया नायडू :**
	श्री योगेन्द्र शर्मा :	**श्री ज्योतिर्मय बसु :**
	श्री स० मो० बनर्जी:	**श्री ही० ना मुकर्जी :**

क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री 20 फरवरी, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1235 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस्पात सौदों के बारे में जाँच करने के लिए नियुक्त समिति ने इस बीच अपना प्रतिवेदन पेश कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) सरकार ने उन पर क्या निर्णय किया है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० च० सेठी) : (क) से (ग) . जी, हाँ समिति की रिपोर्ट मिल गई है और सरकार के विचाराधीन है । जैसे ही कोई निर्णय किया जायेगा, रिपोर्ट सहित सरकार के संकल्प की एक प्रति सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

टाईरों का लदान

Shipment of Tyres

*703. **Shri Molahu Prasad:** Will the Minister **Commerce** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the State Trading Corporation had directed M|s. Ram Kishan Kulwant Rai in their letter dated the 13th October, 1961 to defer shipment till the stock of tyres held at that time was disposed of;

(b) if so, whether it is also a fact that no step was taken by Government to prevent the receipt of any further consignments of tyres; and

(c) if so, the reasons therefor?

The Deputy Minister in the Ministry of Commerce (Shri Mohd. Shafi Qureshi): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The Public Accounts Committee which enquired into STC's tyre deal have already been informed that the firm had entered into firm commitment with the Hamburg suppliers for the import of 40,000 sets and for which they had also established letter of credit. As the consignment was lying in Rijeka port incurring demourrages, STC permitted the imports, at the same time pointing out to the firm that the responsibility for sale would be that of the firm.

हुगली सोलापुर सैक्शन के स्टेशनों का अपर कृष्णा परियोजना-योजना के जल में डूब जाना

704. **श्री अगाड़ी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दक्षिण मध्य रेलवे में हुगली-सोलापुर सेक्शन पर सीतामनी और अलमाटटी रेलवे स्टेशन पर अपर कृष्णा परियोजना-योजना के पानी में डूब रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो रेल लाइन का कितना क्षेत्र पानी में डूबेगा तथा कितनी रेलवे लाइन अन्यत्र बनाई जायेगी ;

(ग) क्या कोई नई वैकल्पिक रेलवे लाइन के रेखांकन के लिए सर्वेक्षण किया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा हुगली-शोलापुर लाइन के कितने रेलवे स्टेशनों पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा और कृष्णा नदी पर किन किन स्थानों पर नये रेलवे पुल बनाये जायेंगे ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचाः) : (क) जी हां ।

(ख) लगभग 20 किलोमीटर रेलवे लाइन दो टुकड़ों में पानी में डूब जायेगी और उसे कहीं और जगह ले जाना पड़ेगा ।

(ग) और (घ). इस मार्ग-परिवर्तन के संबंध में अभी तक कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है । इस लाइन-के मार्ग परिवर्तन की लागत मैसूर सरकार द्वारा वहन की जायेगी और जब मैसूर सरकार सर्वेक्षण के खर्च के अनुमान पर अपनी सहमति दे देगी, सर्वेक्षण का काम शुरू कर दिया जायेगा । प्रभावित स्थानों और नये कृष्णा पुल के स्थान से संबंधित ब्यौरे का पता तभी लग सकेगा, जब सर्वेक्षण का काम पूरा हो जायेगा ।

रेलवे द्वारा खरीदे गये कोयले की चोरी के कारण हानि

705. **श्री वामानी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे द्वारा खरीदे गये कोयले की चोरी से रेलवे को होने वाली हानि का सरकार ने अनुमान लगाया है ;

(ख) क्या रेलवे बोर्ड को पता है कि रेलवे कर्मचारी रेलवे के कोयले का खूब प्रयोग करते हैं और आरक्षिगण इस चोरी को रोकने में असफल रहे हैं ;

(ग) क्या रेलवे बोर्ड को पता है कि चोरी किया गया कोयला इसके सामान्य मूल्य से आधे दामों पर बाजार में बेच दिया जाता है ; और

(घ) लोको के कोयले के स्टाक की चोरी तथा उसके दुरूपयोग को रोकने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं अथवा करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) कोयले की उठायी गीरी के कारण रेलवे को वास्तव में कितनी हानि होती है, इसका ठीक ठीक अनुमान लगाना संभव नहीं है ।

(ख) रेल कर्मचारियों द्वारा कोयले की उठाईगीरी की घटनाएं हुई हैं । रेल कर्मचारियों को उचित दरों पर कोयला और सिडर देने की व्यवस्था भी मौजूद है । इस संबंध में रेलवे सुरक्षा दल भी चौकसी रखता है और दल ने बहुत से कोयला चोरों को गिरफ्तार किया जिनका ब्यौरा इस प्रकार है :—

वर्ष	की गयी गिरफ्तारियाँ		
	बाहरी व्यक्ति	रेल कर्मचारी	जोड़
1965	5149	544	5693
1966	5339	476	5815
1967	5740	542	6282

(ग) जी नहीं ।

(घ) इस संबंध में निम्नलिखित उपाय किये जा रहे हैं :—

(1) अधिकांश महत्वपूर्ण कोयला शेडों, कोयले के चट्टों और खत्तों पर रेलवे सुरक्षा दल के कर्मचारी तैनात किये जाते हैं ।

(2) जिन खंडों पर चोरियाँ होती हैं या होने की आशंका रहती है उन पर कोयला ले जाने वाली स्पेशल गाड़ियों में रेलवे सुरक्षा दल का पहरा रहता है ।

(3) अभ्यस्त कोयला चोरों/उठाईगीरों और कोयले की चोरी की अनदेखी करने वाले रेल कर्मचारियों पर गुप्त रूप से निगाह रखी जाती है ।

(4) महत्वपूर्ण यार्डों में सशस्त्र दस्ते और पहरेदार नियुक्त किये गये हैं ताकि यार्डों में खड़े माल डिब्बों से चोरी न हो ।

(5) कोयला उतारने-चढ़ाने वाले मजदूरों के पूर्व वृत्त की जाँच करने पर जोर दिया जा रहा है ।

(6) रनिंग शेडों में कोयले के ठीक तरह चट्टे लगाने पर ज़ोर दिया जाता है ।

अल्यूमिनियम स्मैल्टर तथा शीट मिल

*706. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह :** क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इंडियन अल्यूमिनियम कम्पनी का एक नये अल्यूमिनियम स्मैल्टर और एक शीट मिल की स्थापना के लिये अपेक्षित विदेशी मुद्रा की कमी को पूरा करने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम से 30 लाख डालर ऋण लेने की अनुमति के प्रार्थनापत्र को अस्वीकार कर दिया है;

(ख) यदि हाँ, तो किन आधार पर; और

(ग) इस परियोजना को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरा करने के लिए क्या उपाय करने का विचार है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी): (क) से (ग) इंडियन एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड कलकत्ता ने अगस्त 1967 से 30 लाख डालर का एक ऋण प्राप्त करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम के साथ बातचीत करने के लिए सरकार की आज्ञा माँगी। इस ऋण की आवश्यकता बेलगाँव (मैसूर) से कम्पनी के नये एल्यूमिनियम प्रद्रावक और महाराष्ट्र राज्य में एक नयी रोलिंग मिल के लिए धन की सम्भावित कमी को पूरी करने के लिए थी। भारत सरकार ने कम्पनी के बेलगाँव प्रद्रावक और महाराष्ट्र की रोलिंग मिल के लिए 135 लाख डालर (अर्थात लगभग 10.125 करोड़ रुपये) तक की विदेशी मुद्रा लगाये जाने के प्रस्तावों का पहिले ही अनुमोदन कर दिया था। विभिन्न उपकरणों के देश में ही अधिक उपलब्धि के कारण यह समझा गया कि कम्पनी को 10.125 करोड़ रुपये की राशि, जिस की व्यवस्था पहिले ही हो चुकी है, के अतिरिक्त और विदेशी मुद्रा की आवश्यकता नहीं होगी। अत: कम्पनी को कहा गया कि वह रोलिंग मिल के लिए आवश्यक उपकरणों का ब्योरा शीघ्र सरकार को दे। कम्पनी ने अब सूचित किया है कि उन्हें रोलिंग मिल के लिए विदेशी मुद्रा की अतिरिक्त रकम की आवश्यकता नहीं होगी।

रेलवे अफसरों के लिये सैलून

*707. **श्री राजदेव सिंह :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय रेलों पर कितने "सैलूनों" का प्रयोग रेलवे अधिकारियों द्वारा किया जाता है;

(ख) इन सैलूनों की पूंजीगत लागत क्या है तथा इनकी देखभाल पर कितना धन व्यय होता है;

(ग) इन सैलूनों में किन सेवाओं तथा उपकरणों की व्यवस्था की जाती है; और

(घ) जिन अफसरों को सैलून दिये जाते हैं क्या उनके यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते में कोई कटौती की जाती है ?

रेलवे मंत्री (श्री वे० मु० पुनाचा): (क) भारतीय रेलों में अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों और जनता द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले 16 वातानुकूल/अवातानुकूल सैलूनों और विशेष ढंग की 116 पर्यटन कारों के अतिरिक्त लगभग 628 चौपहिये, 58 छ: पहिये और 352 बोगी निरीक्षण यान हैं।

(ख) अलग-अलग निरीक्षण यानों की पूंजीगत लागत विभिन्न तथ्यों जैसे निर्माण की तारीख, टाइप, प्रामान आदि पर निर्भर है। वर्तमान बोगी और चौपहिये निरीक्षण यानों की औसत पूंजीगत

लागत अनुमानत: बड़ी लाइन पर क्रमश: 54,000 रु० और 34,000 रु०, मीटर लाइन पर 38,000 रु० और 18,000 रु० और छोटी लाइन पर 21,000 रु० और 6,000 रु० है। निरीक्षण यान रेलों के कोचिंग स्टाक के अंग हैं जिनके अनुरक्षण के लिए राजस्व व्यय के अन्तर्गत लेखे का केवल एक शीर्षक (नं 2100) है।

(ग) निरीक्षण यानों में अलग-अलग ढंग के उपस्कर की व्यवस्था रहती है। सोने, भोजन पकाने और कार्यालय के काम से सम्बन्धित सुविधाओं के अलावा कुछ निरीक्षण यानों में देखभाल और सफाई करने वाले कर्मचारी और एक स्टेनोग्राफर के लिए भी स्थान की व्यवस्था रहती है।

(घ) निरीक्षण यानों में यात्रा करने वाले रेल अधिकारियों का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता वर्तमान सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नियत किया गया है।

केरल में मोटरगाड़ी पुर्जा निर्माण कारखाना

†708. **श्री अ० क० गोपालन :**
श्री प० गोपालन :
श्री चक्रपाणि :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल में चैकोस्लोवाकिया की सहायता से एक मोटरगाड़ी पुर्जा निर्माण कारखाना स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) क्या इस बारे में कोई करार किया गया है; और

(ग) यदि हाँ, तो उस की मुख्य बातें क्या हैं ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) केन्द्रीय सरकार को ऐसा कोई भी प्रस्ताव नहीं मिला है ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते ।

दुर्गापुर इस्पात कारखाना

†709. **श्री नम्बियार :** **श्री पो० राममूर्ति :**
श्री मुहम्मद इस्माइल : **श्री रमानी :**

क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दुर्गापुर इस्पात कारखाने के कर्मचारियों ने 27 फरवरी, 1968 से हड़ताल करने का निर्णय किया था;

(ख) यदि हाँ, तो उनकी माँगें क्या हैं; और

(ग) इस विवाद को हल करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) यह ठीक है कि दुर्गापुर इस्पात कारखाने की एक यूनियन—हिन्दुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन ने (जिसे अखिल भारतीय मजदूर संघ का समर्थन प्राप्त है) 12 फरवरी, 1966 को प्रबन्धक-वर्ग को 27 फरवरी, 1968 को अथवा अगले छः सप्ताहों में किसी भी दिन एक दिन के लिए हड़ताल करने का नोटिस दिया था।

(ख) हड़ताल के नोटिस में मुख्य माँग यह की गई थी कि मर्चेन्ट मिल के कर्मचारियों का ले-आफ तत्काल हटाया जाय जिससे वे काम पर वापिस जा सकें।

(ग) पश्चिमी बंगाल सरकार के संयुक्त श्रम-आयुक्त द्वारा आयोजित 11 मार्च, 1968 की त्रिदलीय समझौता-वार्ता में, हिन्दुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन ने उन घटनाओं के लिए खेद प्रकट किया जिनके कारण 31 दिसम्बर, 1967 से मर्चेन्ट मिल के उत्पादन में कमी हुई जिससे मर्चेन्ट मिल के कर्मचारियों को जबरन छुट्टी की की गई थी, इस बात का आश्वासन दिया कि मिल को पुनः चालू करेंगे और सामान्य रूप से कार्य करेंगे और हड़ताल का नोटिस वापिस लेंगे। प्रबन्धक-वर्ग इस बात पर राज़ी हो गया कि मर्चेन्ट मिल के जिन मज़दूरों को जबरी छुट्टी दी गई थी उन्हें 13 मार्च, 1968 से काम पर वापिस आने दिया जायेगा और निलम्बन-आदेश वापिस ले लिये जायेंगे और मर्चेन्ट मिल के 21 निलम्बित मज़दूरों को जिनको नियमों के अन्तर्गत चार्ज-शीट दिये गये हैं, चार्ज-शीटों की जाँच पर किसी किस्म के प्रतिकूल प्रभाव के बिना काम पर वापिस आने दिया जायेगा। सरांधन-अधिकारी ने आश्वासन दिया कि यूनियन के दिनांक 12 फरवरी, 1968 के माँग-पत्र में जो अन्य औद्योगिक विवाद उठाये गये हैं उन्हें भी समझौता-वार्ता द्वारा निपटाया जायेगा।

रेलवे को कोक और कोयले की सप्लाई

*710. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे बोर्ड ने चालू वर्ष के लिए रेलवे को कोक और कोयले की सप्लाई के लिये जनवरी, 1968 में मंगाये गये टैंडरों को न खोलने का निर्णय किया है;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह सच है कि सभी गैर-सरकारी कोयला खानों के मालिकों ने आपस में मिलकर ऊंची दरें बताई हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो इस मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) टैंडर रद्द कर दिया गया है।

(ख) से (घ) प्रश्न ही नहीं उठते।

रेलवे कर्मचारियों को यात्रा सम्बन्धी सुविधायें

711. **श्री लोबो प्रभु :**
श्री गाडिलिंगन गौड :
श्री शिवप्पा :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जब रेलवे कर्मचारी ऊंचे दर्जे में यात्रा करना चाहते हैं तो उनको दोनों दर्जों के किराये के अन्तर का तीसरा भाग देना पड़ता है जिसके परिणामस्वरूप डिब्बों में भीड़ हो जाती है और अन्य यात्रियों को असुविधा हो जाती है;

(ख) जब रेलवे यात्री अपने यात्रा रद्द करते हैं तो क्या उनसे साधारण यात्रा रद्द शुल्क लिया जाता है क्योंकि इससे रेलवे को हानि होती है और अन्य यात्री अपनी यात्रा नहीं कर पाते हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) जी नहीं, केवल उन राजपत्रित अधिकारियों को, जिनके पास पहला दर्जा "ए" का पास होता है, पहले दर्जे और वातानुकूल दर्जे के किराये के अन्तर का एक तिहाई किराया देने पर वातानुकूल डिब्बे में यात्रा करने की अनुमति दी जाती है।

(ख) और (ग). जो रेल कर्मचारी, गाड़ी के निर्धारित प्रस्थान समय से पहले 24 घंटे के अन्दर सुविधा पास पर किया गया आरक्षण रद्द करते हैं या आरक्षण में परिवर्तन करना चाहते हैं तथा जो अपना आरक्षण रद्द नहीं कराते या आरक्षित स्थान का उपयोग नहीं करते उन्हें निर्धारित मान के अनुसार प्रभार देना पड़ता है।

छोटी कार परियोजना

*712. **श्री तुलसीदास जाधव** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छोटी कार परियोजना के सम्बन्ध में 1962 में स्थापित किये गये पांडे आयोग की सिफारिशों को सरकार ने स्वीकार कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) और (ख). माननीय सदस्य सम्भवतः पांडे समिति का उल्लेख कर रहे हैं जिसे 1960 में देश में कम मूल्य की कार बनाने की सम्भाव्यताओं की जांच करने के लिये बनाया गया था। समिति का प्रतिवेदन 1961 में प्राप्त हुआ था। समिति ने यह विचार व्यक्त किया था कि 50,000 संख्या तक प्रति वर्ष उत्पादन करने पर कार का कारखाने से चलते समय का मूल्य 5,100 रुपये प्रति कार होगा और यदि उत्पादन 20,000 संख्या तक प्रति वर्ष हो तो इसका कारखाने से चलते समय का मूल्य 6,150 रुपये प्रति कार होगा और दोनों ही दशाओं में उत्पादन-शुल्क इनके अतिरिक्त होगा। इसने यह भी सिफारिश की थी कि फ्रांस की कम्पनी मेसर्स रेनाल्ट की "डाडफिन" नमने की कार बनाने की पेशकश आर्थिक तथा तकनीकी दृष्टियों से सबसे अधिक आकर्षक थी। 1962 में, जैसा कि लोक-सभा में 9 अगस्त को दिये गये वक्तव्य में बताया गया था, कम मूल्य की कार बनाने की परियोजना पर विचार तब तक के लिये स्थगित कर दिया गया था जब तक देश में वास्तव में उपलब्ध साधनों जैसे निर्माण-सामग्री, इस्पात, विद्युत् तथा परिवहन सम्बन्धी स्थिति अनुकूल नहीं हो जाती।

मोटर कार किस्म जांच समिति का प्रतिवेदन

*713. **श्री धीरेन्द्र नाथ देव** : **डा० म० संतोषम**
श्री शिवप्पा : **श्री अ० वीपा** :

क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री 13 फरवरी, 1968 के अतारांकित

प्रश्न संख्या 33 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मोटरकार किस्म जांच समिति के 1967 के प्रतिवेदन पर कोई निर्णय कर लिया है; और

(b) whether it is also a fact that this facility is not provided to the Ticket Examiners on the Central Railway; and

(c) if so, the reasons therefor?

The Minister of Railways (Shri C.M. Poonacha): (a) Yes.

(b) Yes.

(c) Overcoat is a 'protective clothing' which has not been standardised and each Railway provides them according to local conditions.

Prices of H.M.T. watches

4418. Shri Ram Avatar Shastri: Will the Minister of **Industrial Development and Company Affairs** be pleased to state ;

(a) whether it is a fact that the Hindustan Machine Tools Ltd., has increased the prices of Janata, Citizen, Sujata and other watches manufactured by it; and

(b) if so, by how much and the reasons therefor?

The Minister of Industrial Development and Company Affairs (Shri F.A. Ahmed): (a) and (b). Consequent on raising the freight by I.A.C., the Hindustan Machine Tools increased the prices of their watches to that extent. After protracted negotiations I.A.C. have now agreed to drop the increase. The increased rates were in force from middle of November 1967 to middle of March 1968. Watches are now being sold at old rates.

North-Eastern Railway Passengers Safety Council

4419. **Shri Ram Avatar Shastri:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether North Eastern Railway Passengers Safety Council have sent a letter addressed to him in connection with their fifteen point demands;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the reaction of Government thereto?

The Minister of Railways (Shri C.M. Poonacha): (a) Yes.

(b) A statement is attached. [*Placed in Library. See No. LT-511/68*]

(c) A statement will be laid on the Table of the Sabha.

श्री लंका में औद्योगिक विकास के लिए सहयोग

4422. **श्री दामानी :**
श्री मणिभाई जे० पटेल :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्रीलंका सरकार ने अपने यहां औद्योगिक विकास के लिये तकनीकी तथा वित्तीय सहयोग की मांग की है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) उनके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी, नहीं.

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

सीमेन्ट आवंटन तथा समन्वय संगठन

4423. **श्री जुगल मंण्डल :** क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री 20 फरवरी, 1966 के तारांकित प्रश्न संख्या 167 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सीमेंट आवंटन तथा समन्वय संगठन के विरुद्ध इस बीच जांच पूरी हो गई है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) मामला परीक्षान्तर्गत है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

कागज का दाम

4424. **श्री महन्त दिग्विजय नाथ** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री** 20 फरवरी, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 155 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कागज के मूल्य के बारे में इस बीच कोई निर्णय कर लिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) अभी, नहीं, श्रीमान्।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश में नये उद्योग

4425. **श्री महन्त दिग्विजय नाथ** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश में कितने तथा कौन-कौन से नये उद्योग आरम्भ किये गये हैं ;

(ख) क्या राज्य के औद्योगिक विकास की प्रगति निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो रही है ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) निकट भविष्य में इस राज्य में सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों में कौन-कौन से नये उद्योग स्थापित करने का विचार है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और वह यथासमय सभा पटल पर रख दी जायेगी।

Imports and Exports to U.K., U. S. S. R. and—West Germany

4426. **Shri Hukam Chand Kachwai**: Will the Minister of Commerce be pleased to state:

(a) the commodities imported by India from the U.S.S.R., U.S.A., U.K. and West Germany from January, 1967 to date and the quantities thereof;

(b) the commodities which would be exported to these countries during 1968-69; and

(c) the amount of foreign exchange likely to be earned therefrom?

The Deputy Minister in the Ministry of Commerce (Shri Mohd. Shafi Qureshi) : (a) A Statement is attached. [*Placed in Library. See No. LT-512/68*]

(b) All permissible items for export can be exported to U.S.S.R., U.S.A., U.K., West Germany during 1968-69 as required by them.

(c) It is not possible to estimate the earnings of foreign exchange during 1968-69 precisely.

बैटरी सेलों का निर्माण

4427. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में बैटरी सैल बनाने वाले विदेशी और भारतीय मालिकों के कारखानों की संख्या और उनके नाम क्या हैं तथा वे किन-किन स्थानों में हैं और प्रत्येक कारखाने में कितनी पूंजी लगी हुई है;

(ख) उनके निदेशकों के नाम क्या हैं और यदि उनमें कोई विदेशी सहयोग है, तो प्रत्येक का ब्यौरा क्या है तथा पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक कारखाने द्वारा प्रतिवर्ष तैयार किये गये उत्पादों के नाम उनका ब्यौरा तथा उनकी मात्रा और मूल्य क्या है; और

(ग) प्रत्येक कारखाने द्वारा उपरोक्त अवधि में प्रतिवर्ष कितने मूल्य के बैटरी सैलों का किन-किन देशों को निर्यात किया गया?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) से (ग). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

बैटरी सैलों का निर्माण करने वाले कारखानों में कर्मचारी

4428. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बैटरी सैल बनाने वाली कम्पनियों में प्रत्येक कम्पनी में कितने-कितने कर्मचारी काम करते हैं और उनके वेतन आदि का वार्षिक बिल कितना है; और

(ख) प्रत्येक कम्पनी में कितने विदेशी कर्मचारी काम करते है, उनका वेतन कितना है तथा वे विदेशों को प्रतिवर्ष कितना धन भेजते हैं?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

बैटरी के सैलों का निर्माण करने वाली कम्पनियों द्वारा मुनाफा

4429. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बैटरी सैलों का निर्माण करने वाली विदेशी कम्पनियों ने पांच वर्षों में विदेशों को मुनाफे की कितनी धनराशि भेजी; और

(ख) प्रत्येक कम्पनी को उक्त अवधि में प्रतिवर्ष कितनी विदेशी मुद्रा मंजूर की गई और किन-किन वस्तुओं का आयात किया गया तथा ये वस्तुएं किन विशिष्ट प्रयोजनों के लिए आयात की गई ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) और (ख). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायगी।

राष्ट्रीय कोयला विकास निगम

4430. **श्री चं० चु० देसाई** : क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे द्वारा कोयले की ढुलाई पर प्रतिबन्ध लगाये जाने के कारण जनवरी, 1968 में राष्ट्रीय कोयला विकास निगम, धनबाद की कोयले की कुल खरीद 9.156 लाख टन रही जबकि दिसम्बर, 1967 में यह मात्रा 9.165 लाख टन थी;

(ख) क्या यह सच है कि खानों के मुहानों पर कोयले की मात्रा दिसम्बर, 1967 के अन्त में 10.106 लाख टन से बढ़ कर जनवरी, 1968 के अन्त तक 10.663 लाख टन हो गई थी;

(ग) क्या 1967-68 में कोयले का अधिक उत्पादन होने के बावजूद भी स निगम ने इस वर्ष वित्तीय घाटा दिखाया है;

(घ) क्या राष्ट्रीय कोयला विकास निगम द्वारा हाल में आरम्भ किये गये विभिन्न परियोजनाओं की पूंजी लागत में पर्याप्त वृद्धि के साथ-साथ 1968–69 के लिये तैयार किये गये बजट में अधिक घाटा दिखाया है; और

(ङ) यदि हाँ, तो इसके कारण क्या हैं ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : (क) और (ख) यह सच नहीं है कि रेलवे द्वारा कोयले की ढुलाई पर प्रतिबन्ध लगाये जाने के कारण राष्ट्रीय कोयला विकास निगम के कोयले का अपकर्ष स्थैतिक रहा। तथापि, कुछ क्षेत्रों में कम संख्या में रेल के डिब्बों के मिलने के कारण उत्पादन और प्रेषण दोनों पर दुष्प्रभाव पड़ा। फलस्वरूप दिसम्बर, 1967 के 8.94 मीटरिक टन की तुलना में जनवरी 1968 में 8.91 लाख मीटरिक टन कोयले का प्रेषण हुआ। इस के परिणामस्वरूप गर्त-मुख संग्रह जो 31 दिसम्बर, 1967 को 10,10,665 मीटरिक टन था, 31 जनवरी, 1968 को बढ़ कर 10,67,132 मीटरिक टन हो गया।

(ग) इस समय यह संकेत देना संभव नहीं जो इस वर्ष निगम को वित्तीय हानि होगी या लाभ।

(घ) और (ङ). 1968–69 के बजट प्रस्तावों से पर्याप्त हानियों के संकेत नहीं मिलते। तथापि, कुछ ऐसे मामले ध्यान में आए हैं जहां पर कुछ प्रायोजनाओं पर पूंजीगत लागत मूल प्रायोजना अनुमानों से बढ़ गई थी। इस अधिकता के मुख्य कारण यह हैं—(1) मजदूरी और सामग्री के मूल्य में वृद्धि; (2) डिजाईन और विशिष्ट विवरणों में परिवर्तन; (3) मूल प्रायोजना रिपोर्टों अनुमानों में आपरिवर्तन; और (4) अवमूल्यन के कारण आयातित उपकरणों और फालतू पुर्जों के मूल्य में वृद्धि।

कोयले का न मिलना

4431. **श्री चं० चु० देसाई :** क्या **इस्पात खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह ठीक है कि बढ़िया कोटि का कोयला उपलब्ध न होने के कारण, उप-भोक्ता ईंधन तेल का उपयोग करते हैं, यद्यपि वह महंगा होता है;

(ख) क्या यह देश के अहित की बात नहीं कि अपनी तेल सम्बन्धी आवश्यकताओं को स्थानीय उत्पादन से पूरा न कर सकने के कारण, पर्याप्त मात्रा में तेल का आयात करना पड़ता है;

(ग) क्या सरकार का विचार आयात से निर्यात अधिक करने की स्थिति तक कोयले का अधिक उपयोग करने तथा ईंधन तेल का उपयोग कुछ विशेष कार्यों के लिए नियमित करने का है;

(घ) क्या यह भी सच है कि बिहार सरकार ने कोयले की रायल्टी दरों में प्रति टन 50 पैसे की और वृद्धि कर दी है; और

(ङ) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

इस्पात खान तथा धातु मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी): (क) नहीं महोदय।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) ऐसा कोई विशेष प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। विभिन्न प्रकार के कोयलों का प्रयोग मुख्यत: एक दूसरे के उपयोग के तुलनात्मक आर्थिक प्रतिफलों पर निर्भर होता है।

(घ) नहीं, महोदय।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

भेजीपुत में रेलवे स्टेशन

4432. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा में गरजाम तथा पुरी ज़िलों की सीमा पर दक्षिण-पूर्व रेलवे में भेजीपुत में एक रेलवे स्टेशन खोलने के बारे में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यह स्टेशन कहाँ स्थापित करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हाँ।

(ख) हावड़ा से 538/8 किलोमीटर पर खड़गपुर-वालतेरु खंड के चिल्का और खल्लीकोटा स्टेशनों के बीच भेजीपुत में हाल्ट स्टेशन खोलने के लिये 1962 में प्रस्ताव मिला था और उसकी जाँच की गयी थी। यह प्रस्ताव इंजीनियरी दृष्टिकोण से व्यावहारिक नहीं पाया गया क्योंकि इसके लिये काफी दूरी में रेल-पथ की रीग्रेडिंग करनी पड़ती और कुछ पुलों पर प्रभाव पड़ता। इसलिये यह प्रस्ताव छोड़ दिया गया।

दिल्ली से भुवनेश्वर को सीधी रेलगाड़ी

4433. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि दिल्ली से भुवनेश्वर को कोई सीधी रेलगाड़ी नहीं जाती;

(ख) क्या सरकार का विचार दिल्ली से पुरी को सीधी रेलगाड़ी चलाने का है; और

(ग) यदि हाँ, तो कब ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हाँ।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

सिल्चर नगर के निकट रेल का ऊपरी पुल

4434. **श्रीमती ज्योत्सना चन्दा :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जनता तथा क्षेत्रीय उपभोक्ता रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा सिल्चर नगर के निकट रेल का उपरि-पुल बनाये जाने की माँग की जा रही है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस बारे में क्या निर्णय किया गया है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) जी हाँ, असम सरकार ने, नवम्बर 67 में, अनन्तिम रूप से सिल्चर टाउन में रेलवे लाइन के ऊपर एक सड़क पुल बनाने की माँग की थी।

(ख) रेलें, वर्तमान समपारों की जगह रेलवे लाइन के ऊपर/नीचे पुल तभी बनाती हैं जब ऐसी योजनाएं राज्य सरकार की ओर से प्रायोजित की जाय और साथ ही, वर्तमान नियमों के अन्तर्गत राज्य सरकार–सड़क प्राधिकारी निर्माण लागत में अपना हिस्सा देने को राज़ी हों। रेलवे लाइन के ऊपर/नीचे पुलों के निर्माण का वार्षिक कार्यक्रम राज्य सरकार के परामर्श से अन्तिम रूप से तैयार किया जाता है। तदनुसार रेलवे ने असम सरकार की स्थिति से अवगत करा दिया है। उक्त ऊपरी सड़क पुल के बारे में राज्य सरकार का अन्तिम निर्णय अभी नहीं मिला है।

अखबारी कागज का उत्पादन

4435. **श्री कृ० मा० कौशिक :** क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अखबारी कागज की हमारी कुल आवश्यकता को 80 प्रतिशत कागज़ विदेशों से आयात करके पूरा किया जाता है; और

(ख) यदि हाँ, तो देश में अखबारी कागज का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ताकि उसका आयात काफी कम हो सके ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हाँ।

(ख) देश में अखबारी कागज का उत्पादन और अधिक बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :—

(1) अखबारी कागज उद्योग को, उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 के लाइसेंस प्राप्त करने वाले उपबन्धों से मुक्त कर दिया गया है।

(2) अखबारी कागज पर से उत्पादन शुल्क समाप्त कर दिया गया है।

(3) देश में वर्तमान अखबारी कागज कारखाने की क्षमता 30,000 मी० टन से बढ़ा कर 75,000 मी० टन प्रति वर्ष कर दी गई है।

(4) सरकारी क्षेत्र में अखबारी कागज परियोजना के लिए एक सम्भाव्यता रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

(5) हिमाचल प्रदेश में एक प्राइवेट पार्टी द्वारा अखबारी कागज का एक कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है, जिसके लिए वह हिमाचल प्रदेश के प्राधिकारियों के साथ कच्चे माल की पूर्ति के बारे में बात-चीत कर रही है।

अखबारी कागज का उत्पादन

4436. **श्री कृ० मा० कौशिक** : क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में कोई ऐसा समवाय है जो गन्ने की खोई से अखबारी कागज का निर्माण कर रहा है और यदि हां, तो यह कागज की हमारी मांग कितनी प्रतिशत पूर्ति कर रहा है;

(ख) क्या खोई से अखबारी कागज के उत्पादन के लिये और बड़े कारखानों की स्थापना में कोई कठिनाइयां हैं; और

(ग) यदि हां, तो व क्या है और कुछ कारखानों की स्थापना में क्या कठिनाइयां हैं क्योंकि भारी मात्रा में खोई का ईंधन के रूप में प्रयोग किया जा रहा है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, नहीं।

(ख) जी, हां।

(ग) देश मे खोई पर आधारित अखबारी कागज का कारखाना लगाने में निम्नलिखित कठिनाइयां हैं :—

चीनी मिल अखबारी कागज बनाने के लिए खोई को बेचना आर्थिक तथा तकनीकी दृष्टि से कम आकर्षक समझती है क्योंकि वे खोई को तैयार तथा सस्ते ईंधन के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं। इस ईंधन का विकल्प तेल भट्टी अथवा कोयला भट्टी है। भट्टी मे इस्तेमाल होने वाला तेल अधिक महंगा है और इसके लिए वर्तमान बायलरों को बदलना पड़ेगा। जहां तक कोयले का सम्बन्ध है, चीनी मिलों को इस पूर्ति को नियमित तथा कम मल्य पर मिलने में संदेह है।

(2) संसार मे खोई के मुख्य कच्चे माल पर आधारित अखबारी कागज का व्यालसायिक उत्पादन अभी स्थापित किया जाना है इसलिए इस दिशा में हमें सोच-समझ कर कदम बढ़ाना होगा ।

(3) गन्ने की खेती में धीरे-धीरे कमी होने तथा गन्ने के बहुत बड़े अंश का गुड़ और खांडसारी बनाने में इस्तेमाल किए जाने के कारण चीनी मिलों को कम गन्ना मिला है । इस लिए भविष्य मे कागज/अखबारी कागज उद्योग के लिए खोई का मिलना अनिश्चित हो गया है ।

मशीनी औजार निर्माताओं तथा उपभोक्ताओं की गोष्ठी

4437. **श्री कृ० मा० कौशिक** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में मशीनी औजार निर्माताओं तथा उपभोक्ताओं की एक गोष्ठी हुई थी; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला और इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) गोष्ठी अगस्त, 1967 में हुई थी और इसका आयोजन सरकार द्वारा किया गया था ।

(ख) सरकारी तथा गैर-सरकारी दोनों ही क्षेत्रों की ग्यारह परियोजनाओं की मशीनी औजारों की आवश्यकताओं पर सम्मिलित रूप से चर्चा हुई थी जिससे यह पता चला कि ये आवश्यकता अधिकांश रूप से देश में ही पूरी की जा सकती हैं । मशीनी औजार निर्माताओं औजारों के आर्डर प्राप्त करने के लिए कार्यवाही की जा रही है । यह गोष्ठी उत्पादकों तथा उपभोक्ताओं को इकट्ठा करने का प्रथम प्रयास थी और इसका परिणाम यह निकला है कि एक दूसरे की क्षमता तथा समस्याओं के बारे मे जागरूकता उत्पन्न हो गई है ।

मैंगनीज अयस्क का निर्यात

4438. **श्री कृ० मा० कौशिक** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विश्व बाजार में मैंगनीज अयस्क के निर्यात में ब्राजील ही हमारा एकमात्र प्रतियोगी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार मूल्यों तथा निर्यात के बारे में नीति अपनाने के लिये ब्राजील के साथ कोई विचार-विमर्श करने का है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरशी) : (क) जी नहीं ।

(ख) मैंगनीज अयस्क के निर्यात से सम्बन्धित सामान्य समस्याओं पर ब्राजील तथा अन्य सम्बद्ध निर्यातक देशों के साथ बातचीत करने का सरकार का विचार है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

अरब देशों के साथ व्यापार

4439. **श्री मणिभाई जे० पटेल** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अरब देश भारत के साथ व्यापार बढ़ाने का विचार कर रहे हैं;

(ख) क्या सरकार को इस बारे मे कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) से (ग). अरब देशों के भारत के साथ बड़े मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध है और वे हमारे साथ व्यापार को और आगे बढ़ाने का स्वागत करेंगे । इस सम्भावना पर, उन देशों के साथ परामर्श करके निरन्तर विचार किया जाता है।

किन्तु सरकार को अरब देशों से कोई विशिष्ट प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं ।

ग्रेफाइट क्रूसिबल कारखाना

4440. **श्री नरसिन्हा राव** : क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार का विचार विदेशी सहयोग से एक ग्रैफाइट क्रूसिबल कारखाना चालू करने का है; और

(ख) यदि हां, तो कारखाने की स्थापना पर अनुमानतः कितनी लागत आयेगी और विदेशी कम्पनी का नाम क्या है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) और (ख). आवश्यक सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायगी।

Setting up of New Cement Fectories

4441. Shri Onkar Lal Berwa: Will the Minister of **Industrial Development and Company Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a private firm has been given licence for a Cement factory at Bundi;

(b) whether it is also a fact that three other cement actories are likely to be set up in the country. ;

(c) if so, the names of the places where these factories are a likely to be set up; and

(d) when the cement factory at Bundi is likely to be set up?

The Minister of Industrial Development and Company Affairs (Shri F A Ahmed): (a) and (d). In November, 1965, the scheme of a private party (of the Birla Goup) for setting up a cement factory at Bundi in Rajasthan with an annual capacity of 200,000 tonnes was approved and a letter of intent was also issued. The cement industry has been exempted from [the licensing provisions of Industries (Development and Regulation) Act, 1951 with effect from [13th May, 1966, and it is no longer necessary for anyone to obtain a licence for the setting up of cement factories. The party is understood to have completed detailed prospecting operations for limestone and applied for loans to the financial institution. It has also placed a provisional order on the machinery manufacturer for the supply of plant and machinery. In the meantime

the Ministry of Railways have informed that the proposed Kota-Bundi-Chittorgarh line will be heavily unremunerative and hence the railway line from Kota to Bundi and Chittorgarh has been dropped for the present. In view of the above, the party has now informed that they have deferred the idea of the setting up of a cement factory at Bundi till the construction of a railway line materialises.

(b) and (c). The following new cement factories are likely to be set up in the country during the Fourth Five Year Plan period:

	Place		*Capacity (in million tonnes)*
1.	Ramagundam	(A.P.).	0·20
2.	Mandhar	(M.P.)	0·20
3.	Karur	(Madras)	0·40
4.	Alangulam	(Madras)	0·40
5.	Ghugus	(Maharashtra)	0·40
6.	Wadi	(Mysore)	0·40
7.	Kurkunta (Seram)	(Mysore)	0·20
8.	Udaipur	(Rajasthan)	0·20
9.	Dalla	(U.P.)	0·46

रूस को खेल के सामान का निर्यात

4442. **श्री राजदेव सिंह :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कौन-कौन से देश भारत से खेल के सामान का आयात करते हैं और प्रत्येक देश द्वारा प्रति वर्ष कितने मूल्य के खेल के सामान का आयात किया जाता है ;

(ख) क्या यह सच है कि रूस इस देश के खेल के सामान का बहुत पहले से आयात करता रहा है; और

(ग) यदि हां, तो क्या रूस ने यह क्रयादेश अब पाकिस्तान को देना आरम्भ कर दिया है और भारत को इस वर्ष कोई क्रयादेश नहीं दिया गया है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) गत तीन वर्षों की अवधि में खेल के सामान का आयात करने वाले मुख्य देशों को उसके निर्यात का मूल्य दर्शन वाला एक विवरण (अंग्रेजी में) संलग्न है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 513/68]**

(ख) रूस में 1963 मे पहली बार भारतीय खेल सामान में दिलचस्पी दिखलाई। इस देश को निर्यात निम्न प्रकार रहा है :—

वर्ष	मूल्य लाख रुपये में
1963	4.04
1964	0.15
1965	7.90
1966	5.40
1967	—

(ग) ऐसी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है कि रूस ने खेल का सामान अब पाकिस्तान से खरीदना आरम्भ कर दिया है ।

दिल्ली क्षेत्र में उपनगर सेक्शन पर रेलगाड़ियों की रफ्तार बढ़ाना तथा अधिक गाड़ियां चलाना

4443. **श्री राजदेव सिंह** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे द्वारा क्या कार्यवाही करने का प्रस्ताव है कि उत्तर रेलवे के दिल्ली क्षेत्र में उपनगर सैक्शन पर रेलगाड़ियों की रफ्तार बढ़ाई जाये तथा अधिक गाड़ियां चलाई जायें ;

(ख) क्या यह सच है कि सरोजनी नगर से दिल्ली मेन स्टेशन तक 15 किलोमीटर की दूरी तर करने में औसतन एक घंटे से भी अधिक समय लगता है; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही करने का प्रस्ताव है ?

रेलवे मंत्री (श्री च० मु० पुनाचा): (क) दिल्ली क्षेत्र में उत्तर रेलवे के उपनगरीय खंडों पर गाड़ियों का आना जाना बढ़ाने के उद्देश्य से 1-12-1967 से नयी दिल्ली और गाज़ियाबाद, नयी दिल्ली हापुड़, नयी दिल्ली और बल्लभगढ़, और दिल्ली और गढ़ी हरसरू के बीच चार जोड़ी अतिरिक्त गाड़ियां चलायी गयी हैं । साधनों की परिमित उपलब्धता के भीतर इन में और वृद्धि करने का विचार है ।

रेल-पथ और कर्षण के वर्तमान प्रकार और सीज़न टिकट पर यात्रा करने वालों की सुविधा के लिए आवश्यक गाड़ियों के न्यूनतम ठहरावों के अनुसार दिल्ली क्षेत्र में उपनगरीय गाड़ियों की अनुमत रफ्तार निर्धारित की जाती है, इसलिए फिलहाल इन गाड़ियों की रफ्तार में वृद्धि करने की कोई गुंजाइश नहीं है ।

(ख) जी हां । एक घंटे से अधिक के यात्रा-समय में रास्ते के 7 ठहरावों का समय और विकास सम्बन्धी कामों के लिए इंजीनियरिंग समय शामिल हैं ।

(ग) जब कभी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, रफ्तार बढ़ाने के प्रश्न पर यथोचित विचार किया जायेगा ।

रेलवे में "कंटेनर सर्विस"

4444. **श्री राजदेव सिंह** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय रेलों में अब तक आरम्भ की गई कंटेनर सर्विस पर अब तक कुल कितना धन व्यय हुआ है; और

(ख) उपर्युक्त अवधि में कंटेनर सर्विस से कितनी आय हुई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) भारतीय रेलो में शुरू की गयी तीन कन्टेंनर सेवाओं पर 29 फरवरी, 1968 तक कुल संचालन व्यय लगभग 8 22,701 रुपये है ।

तीनो सेवाओं के लिये कंटेनर और फ्लैट, सड़क वाहन, गैराज आदि परिसम्पत्तियो पर लगभग 28,90,814 रुपये खर्च हुए ।

(ख) 29 फरवरी, 1968 तक तीनों कंटेनर सेवाओं से रेलों को लगभग 11,33,395 रु० की आमदनी हुई है

रूस के साथ व्यापार प्रणाली

4445. **श्री सु० कु० तापड़िया** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1968 के लिये नई व्यवस्था में रूस तथा भारत के बीच व्यापार प्रणाली तथा प्रक्रिया में कोई परिवर्तन हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो क्या मुख्य परिवर्तन किये गये हैं और इसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख) भारत और सोवियत रूस के मध्य हाल में कोई नया व्यापार करार नहीं हुआ है क्योंकि 10-6-63 को हुआ चालू करार 31 दिसम्बर 1970 तक वैध है। वर्ष 1968 में दोनों देशों के मध्य परस्पर आदान-प्रदान की जाने वाली वस्तुओं के बारे में 26-12-67 को निर्णय किया गया था। इस प्रकार वर्ष 1968 में भारत तथा सोवियत रूस के मध्य व्यापार की पद्धति एवं क्रियाविधि में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

पश्चिमी बंगाल में इंजीनियरिंग उद्योग

4446. **श्री सु० कु० तापड़िया** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने पश्चिम बंगाल में इंजीनियरिंग उद्योग के संकट के बारे में केन्द्रीय सरकार को कोई रिपोर्ट भेजी है;

(ख) क्या इस रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि केन्द्र से कम क्रयादेश प्राप्त होना ही इस संकट का एक मुख्य कारण है; और

(ग) यदि हां, तो इस संकट को दूर करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) भारत सरकार के निवेदन के उत्तर में पश्चिमी बंगाल सरकार ने इंजीनियरी उद्योगों में मन्दी के मोटे तौर पर कारण बताते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इनमें आर्डरों में कमी किन्तु केन्द्रीय सरकार के संगठनों से मिलने वाले आर्डरों में उतनी कमी नहीं गई है जिससे सामान्य बाजार के भावों पर असर पड़े निर्यात की संभावना कम हो जाना ऋण संबंधी सुविधाओं का अभाव तथा खाद्य एवं अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के सामान्य रूप से मूल्य बढ़ जाना आदि कारण शामिल हैं।

(ग) मंदी के प्रभाव को कम करने के लिये भारत सरकार द्वारा पहले ही किये गये उपायों में विभिन्न विधान कार्यक्रमों का पुनरीक्षण करना है ताकि पूंजीगत वस्तुओं की मांग यथासम्भव उत्पन्न की जा सके। प्रभावित उद्योगों के उत्पादन क्रम में विविधता लाना सरकारी तथा गैर-सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में और अधिक सुदृढ़ ढांचा निर्यात की मण्डियों के विकास पर बल देना तथा उस सीमा तक आयात पर रोक लगाना जहां तक देश की स्थापित क्षमता से आवश्यकता पूरी हो सकती है। इसमें ऐसे आयात जिनके लिए पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है किन्तु उसके लिए

बचन नहीं दिया गया का पुनरीक्षण करना और उदार ऋण नीति घोषित करना जिसमें बैंक दर में की गई कमी की घोषणा भी सम्मिलित है ।

डम डम से प्रिन्सेसघाट और डमडम से बालीगंज तक रेलवे लाइनें

4447. **श्री वि० कु० मोडक :**
श्री अब्दुल हमीद :
श्री भगवान दास :
श्री अनिरुद्धन :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कलकत्ता में डमडम से खारी झील क्षेत्र में से होकर बालीगंज जाने वाली और दूसरी डम डम से प्रिंसेसघाट जाने वाली रेलवे लाइनों के सर्वेक्षण-कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है;

(ख) यदि हां, तो सर्वेक्षण-कार्य कब पूरा होने की सम्भावना है;

(ग) क्या इस परियोजना को चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल किया जायेगा; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री च० मु० पुनाचा) : (क) लगभग 75 प्रतिशत ।

(ख) सितम्बर, 1968 तक ।

(ग) और (घ) योजना आयोग इस प्रायोजना को चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल करने के सम्बन्ध में विनिश्चय उस समय करेगा जब सर्वेक्षण पूरा हो जाये और योजना आयोग का महानगर परिवहन दल जिसके संरक्षण में यह कार्य हो रहा है रिपोर्टों की छान-बीन कर ले ।

रेलवे विद्युतीकरण परियोजना, कलकता के कर्मचारी

4448. **श्री वि० कु० मोडक :**
श्री भगवान दास :
श्री मुहम्मद इस्माइल :
श्री गणेश घोष :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे विद्युतीकरण परियोजना कलकत्ता, के कर्मचारियों ने 12 फरवरी, 1968 को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कलकत्ता के कार्यालय में सामुहिक रूप से धरना दिया;

(ख) यदि हां, तो उनकी मांगे क्या हैं; और

(ग) उनकी पूर्ति के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (श्री च० मु० पुनाचा): (क) और (ख) मालूम हुआ है कि रेल बिजली योजना के कुछ लिपिक वर्गीय कर्मचारियों ने, रेल बिजली संगठन के ढांचे के पुनर्गठन से सम्बन्धित आदेशों

के विरोध में, 12-2-68 को मुख्य प्रशासी अधिकारी, रेल बिजली योजना, कलकत्ता के कार्यालय में 'बैठे रहो' हड़ताल की थी ।

(ग) कोई कार्रवाई करने का विचार नहीं है ।

दुर्गापुर स्टेशन पर पहले दर्जे के महिला प्रतीक्षालय में काम करने वाली आया

4449. **श्री वि० कु० मोडक :**
श्री भगवान दास :
श्री मुहम्मद इस्माइल :
श्री गणेश घोष :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दुर्गापुर स्टेशन पर पहले दर्जे के महिला प्रतीक्षालय के लिये आया नियुक्त की जाती थी;

(ख) क्या यह भी सच है कि फरवरी, 1968 में आया का पद समाप्त किये जाने से महिला यात्रियों को असुविधा हो रही है; और

(ग) यदि हां, तो उस पद के समाप्त किये जाने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) देखा गया था कि महिला प्रतीक्षालय का उपयोग कभी कभी किया जाता है इसलिए मितव्ययता के आधार पर 'आया' का पद खत्म कर दिया गया । पास में स्थित पुरुषों के प्रतीक्षालय का बेयरा महिलाओं के प्रतीक्षालय से सम्बन्धित काम का भी ध्यान रखता है । अभी तक, इसके कारण असुविधा होने की कोई शिकायत नहीं मिली है ।

कपड़ा निगम

4450. **श्री अब्राहम :**
श्री अनिरुद्धन :
श्री उमानाथ :
श्री रमानी :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कपड़ा निगम बनाने के सम्बन्ध में कितनी प्रगति हुई है; और

(ख) इसके कब तक चालू हो जाने की सम्भावना है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख) वस्त्र निगम की स्थापना करने का निर्णय किया जा चुका है । इस समय इसके पंजीकरण से सम्बन्धित औपचारिकताओं की ओर ध्यान दिया जा रहा है और लगभग एक महीने में निगम के स्थापित हो जाने की आशा है ।

मोडल वूलन मिल्स, बम्बई

4451. **श्री अब्राहम :**
श्री नम्बियार :
श्री नायनार :
श्री उन्नानाथ :

क्या **वाणिज्य** मंत्री मोडल वूलन मिल्स, बम्बई के 13 फरवरी, 1968 के बारे में तारांकित प्रश्न संख्या 8 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केन्द्रीय जांच विभाग के जांच प्रतिवेदन की जांच कर ली है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस मामले में क्या निर्णय किया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं तथा जांच कब तक पूरी हो जाने की संभावना है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) से (ग) मामला अभी विचाराधीन है ।

गहरे समुद्र में मछली पकड़ने की नौकाओं के आयात के लिये लाइसेंस

4452. **श्री अ० क० गोपालन :**
श्री अनिरुद्धन :
श्रीमती सुशीला गोपालन :

क्या **वाणिज्य** मंत्री 13 फरवरी, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 83 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गहरे समुद्र में मछली पकड़ने की नौकाओं के लिये आयात लाइसेंस देने के बारे में भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संस्था, कोचीन से प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या निर्णय किया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) से (ग) उद्योग की मांग को, जिस में निर्यातक एककों की मांग भी शामिल है और जिसके लिये अभ्यावेदन दिया गया है, पूरा करने के लिये मछली पकड़ने की नौकाओं (ट्रालरों) के आयात के प्रश्न पर सरकार विचार कर रही है ।

कन्नानूर सहकारी कताई मिल

4453. **श्री अ० क० गोपालन :**
श्री प० गोपालन :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कन्नानूर सहकारी कताई मिल का विकास करने का सरकार का विचार है;

(ख) यदि हां, तो उस का ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस योजना के लिये कुल कितनी राशि नियत की गई है ; और

(घ) कब तक काम आरम्भ हो जाने की संभावना है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) से (घ) केरल सरकार का इस मिल की वर्तमान क्षमता को 25,000 तकुओं तक बढ़ाने का विचार है, जिसके लिये उसके पास दो बार में, लगभग छः छः हजार तकुएं लगाने का एक लाइसेंस है । पहले चरण में 34.77 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है और इस के शीघ्र ही क्रियान्वित किये जाने की संभावना है । राज्य सरकार पहले ही इस मिल के लिये 1 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर कर चुकी है ।

केरल में क्षेत्रीय व्यापार निगम

4454. **श्री प्र० क० गोपालन :**
श्रीमती सुशीला गोपालन :
श्री म० गोपालन :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केरल सरकार ने राज्य व्यापार निगम के नमूने का एक क्षेत्रीय राज्य व्यापार निगम बनाने का निश्चय किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) सरकार को सूचित किया गया है कि राज्य सरकार का विचार एक वाणिज्यिक निगम स्थापित करने का है ।

(ख) इस सम्बन्ध में सरकार को कोई प्रस्ताव नहीं मिला है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

बड़ोदा के मैसर्स साराभाई मार्क को आयात लाइसेंस

4455. **श्री नम्बियार :**
श्री सत्यनारायण सिंह :
श्री नायनार :
श्री पी० राममूर्ति :
श्री जार्ज फरनेंडीज :

क्या **वाणिज्य** मंत्री 13 फरवरी, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 9 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बड़ौदा के मैसर्स साराभाई मार्क द्वारा आयात लाइसेंसों के दुरुपयोग के आरोपों के बारे में जांच पूरी हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो उस का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते ।

मैसर्स कूपर एलन कम्पनी

4456. **श्री सत्यनारायण सिंह :**
श्री पी० राममूर्ति :
श्री गणेश घोष :
श्री रमानी :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्य व्यापार निगम ने मैसर्स कूपर एलन कम्पनी लि०, कानपुर को खरीदने का निर्णय किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस सौदे की शर्तें तथा निबन्धन क्या हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश सरकार से एक पत्र मिला है जिसमें सुझाव दिया गया है कि राज्य व्यापार निगम, कूपर एलन कम्पनी लि०, कानपुर को अपने हाथ में ले कर अपने प्रबन्ध में चलाए । निगम के परामर्श से मामला सरकार के विचाराधीन है ।

खेत्री तांबा खान में एक मजदूर की मृत्यु

4457. **श्री सत्यनारायण सिंह :**
श्री चक्रपाणि :
श्री रमानी :

क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खेत्री तांबा खानों में काम करने वाला एक मजदूर 31 जनवरी, 1968 को एक दुर्घटना में मर गया था;

(ख) यदि हां, तो उस की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई;

(ग) क्या खेत्री तांबा खान के मजदूरों ने 1 फरवरी, 1968 को प्रदर्शन किया था और यह मांग की थी कि जिन डाक्टरों ने इस मजदूर की चिकित्सा से इन्कार कर दिया था उनको मुअत्तिल कर दिया जाये; और

(घ) यदि हां, तो प्राधिकारियों ने इस मामले में क्या कार्यवाही की है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी): (क) और (ख) खेत्री तांबा परियोजना की कर्मशाला का एक ड्राइवर, जो ट्रक के आगे खड़ा था, 31 जनवरी, 1968 के दोपहर के दो बज कर 15 मिनट पर उस ट्रक और एक स्कूल बस के आगे के भागों में फंस गया । उसे तत्काल हस्पताल पहुंचाया गया और चूंकि चोट के कारण बड़े आपरेशन की आवश्यकता थी, अतः

उसे चिकित्सा सहायता देने के बाद एम्बुलेन्स गाड़ी में कम्पाउंडर के साथ पिलानी हस्पताल भेजा गया । वह पिलानी हस्पताल में अगले दिन अर्थात् 1 फरवरी, 1968 को प्रातः पांच बजे मर गया ।

(ग) दाह संस्कार कर के वापस आ रहे कर्मचारियों के एक दल ने परियोजना हस्पताल के दो डाक्टरों पर आक्रमण कर दिया और तदन्तर हस्पताल के भवन को घेर लिया । उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक को दी गई चिकित्सा सहायता अपर्याप्त थी और डाक्टरों को निलम्बित करने की मांग की ।

(घ) परियोजना अधिकारियों ने राज्य सरकार से प्रार्थना की कि वह मृतक को अपर्याप्त चिकित्सा सहायता दिये जाने के आरोप के विषय में पूछताछ करने के लिए एक डाक्टर को नियुक्त करें । पुलिस ने भी डाक्टरों पर आक्रमण और दंगा आदि के विषय में छानबीन की है और 12 व्यक्तियों का चालान किया है ।

केरल में सहकारी कताई मिल

4458. **श्री अनिरुद्धन :**
श्रीमती सुशीला गोपालन :
श्री प० गोपालन :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार केरल में दो सहकारी कताई मिल चालू करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन मिलों के लिये कुल कितनी धनराशि नियत की गई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) केरल राज्य के सहकारी क्षेत्र में स्थापित करने के लिये 25,000 तकुओं वाली दो कताई मिलों का नियतन किया गया था । राज्य सरकार का विचार इन मिलों में से एक को हैन्डलूम अपेक्स सोसाइटी के माध्यम से त्रिवेन्द्रम में तथा दूसरी को एक सहकारी सोसाइटी के माध्यम से, जो गठित की जानी है, कोजीकोड में स्थापित करने का है । त्रिवेन्द्रम में मिल की स्थापना करने का प्रस्ताव क्रियान्वित किया जा रहा है ।

(ग) केरल सरकार से पता चला है कि किसी धनराशि का नियतन नहीं किया गया है ।

कोकिंग कोयला

4459. **श्री नन्द कुमार सोमानी :** क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोकिंग कोयले के उत्पादकों को 'सैंट स्टोइंग' के कारण हानि हो रही है, क्योंकि 'स्टोइंग' के लिये दी जाने वाली राज सहायता वर्तमान लागत से बहुत कम है;

(ख) यदि हां, तो कितनी हानि होती है; और

(ग) कोंकिग कोयले के जो कि 'पिलरो' में पड़ा है और जिस की इस्पात संयत्रों को तुरन्त आवश्यकता है खनन हेतु 'स्टोइंग' को प्रोत्साहित करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : (क) से (ग) राज सहायता की अपर्याप्तता के विषय में कुछ प्रतिवेदन हुए हैं । यह सारा प्रश्न विस्तृत अध्ययन के लिए एक अध्ययन दल को सौंपा गया है। अध्ययन दल की रिपोर्ट मिल जाने पर इस बारे में जांच की जायेगी कि राज सहायता संबंधी योजना को किस सीमा तक उदार या युक्तिसंगत बनाये जाने की आवश्यकता है । तथापि कोयला बोर्ड ने कोयला खानों को नौभरण के लिए रेत देने के लिए उसके अधिक परिमाण में परिवहन की एक महत्वकांक्षी योजना को हाथ में लिया है।

उड़ीसा में क्रोमाइट के लिये खनन पट्टा

4460. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही** : क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1966-67, 1967-68 और 1968–69 में उड़ीसा में क्रोमाइट के लिये कोई खनन पट्टा दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो किस को और कहां ;

(ग) क्या उड़ीसा में सरकारी क्षेत्र में विदोहन के लिये क्रोमाइट अयस्क वाले क्षेत्रों को आरक्षित किया गया था; और

(घ) यदि हां, तो इस परिवर्तन के क्या कारण हैं ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : (क) से (घ) आवश्यक सूचना उड़ीसा राज्य सरकार से मंगवाई गई है और प्राप्त हो जाने पर सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

अमरीका द्वारा प्रैस-ब्रेकों का आयात

4461. **श्री दे० अमात** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीका ने हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, हैदराबाद से प्रैस-ब्रेकों के आयात के कोई क्यादेश दिये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो कितने और कितने मूल्य के प्रैस-ब्रेकों का निर्यात किया जायेगा ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) जी, हां । हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, हैदराबाद को प्रैस-ब्रेकों की पूर्ति के लिए सं०रा० अमरीका से एक आर्डर मिला है। आर्डर का मूल्य लगभग 10 लाख रु० है ।

राजस्थान में जिप्सम के भण्डार

4462. **श्री महन्त दिग्विजय नाथ** : क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के जैसलमेर जिले में जिप्सम के भण्डार पाये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या उस क्षेत्र में खुदाई कार्य आरम्भ हो गया है ;

(ग) प्रति वर्ष कितना जिप्सम निकालने की सम्भावना है; और

(घ) क्या सरकार का विचार जिप्सम का निर्यात करने का है और यदि हां, तो उस से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित होने की सम्भावना है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) हां, महोदय ।

(ख) से (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

सिगनल तथा दूर-संचार शाखा के कर्मचारी

4463 **श्री क० कृ० नायर** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सिगनल और दूर-संचार शाखा के कर्मचारियों को सिगनल तथा दूर-संचार उपकरणों के खराब हो जाने तथा ठीक काम न करने पर उनको ठीक करने के लिये उनके ड्यूटी के नियमित समय के बाद भी बुलाया जाता है और उनको अतिरिक्त काम के लिये न तो समयोपरी भत्ता दिया जाता है और न ही उन्हें अतिरिक्त छुट्टी अथवा अतिरिक्त विश्राम के रूप में किसी प्रकार का मुआवजा दिया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख) सूचना मंगायी जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

रेलवे के सिगनल और दूर संचार कर्मचारियों के लिये वर्दी

4464. **श्री क० कृ० नायर** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सिगनल और दूर-संचार क्षेत्र कर्मचारियों को किसी प्रकार की वर्दी नहीं दी जाती है जबकि गाड़ी परीक्षक, यार्ड फोरमैन, बिजली मिस्त्रियों और केबिन कर्मचारियों आदि को वर्दी दी जाती है;

(ख) यदि हां, तो भेदभाव के क्या कारण हैं; और

(ग) इस मामले में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

अखिल भारतीय रेलवे अनुसचिवीय कर्मचारी एसोसिएशन

4465. **श्री नंजा गौडर** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अखिल भारतीय रेलवे अनुसचिवीय कर्मचारी एसोसिएशन ने "क्लर्क" के पदनाम को बदल कर "असिस्टेंट" बनाने के लिये रेलवे बोर्ड से प्रार्थना की है; और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री के० मु० पुनाचा) : (क) जी हां।

(ख) सरकार इस अनुरोध को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं पाती।

मद्रास में बड़ी औद्योगिक परियोजनायें

4466. **श्री नंजा गौडर :** क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मद्रास सरकार ने (एक) इलैक्ट्रानिक उपकरण (दो) हैवी प्लेट तथा वेसेल तथा (तीन) इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज, मंगलौर के दूसरे कारखाने के निर्माण के लिए कुछ बड़ी औद्योगिक परियोजनाए स्थापित करने के लिए अनुरोध किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). हैवी प्लेट तथा वैसल्स निर्माण की परियोजना तथा इण्डियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज के दूसरे एकक को मद्रास में स्थापित करने हेतु मद्रास सरकार से निवेदन प्राप्त हुआ था । फिर भी इलेक्ट्रानिक उपकरणों के निर्माण की परियोजना स्थापित करने के लिए कोई निवेदन नहीं मिला था।

प्रथम हैवी प्लेट्स तथा वैसल्स के निर्माण की परियोजना की स्थापना विशाखापतनम में करने का निर्णय पहले ही किया जा चुका था। सरकार ने हैवी पलेट्स तथा वैसल्स की दूसरी परियोजना को मद्रास में स्थापित किए जाने पर विचार किया था किन्तु फिलहाल इस परियोजना को लागू न करने का निश्चय किया गया है।

लम्बी दूरी वाले संचार उपकरणों के निर्माण के लिये इण्डियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज के दूसरे एकक के स्थापना स्थल पर अभी कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

Export of Steel

4467. **Shri Raghuvir Singh Shastri:** Will the Minister of **Steel, Mines and Metals** be pleased to state:

(a) whether the export of steel is likely to be increased because many countries have agreed to place orders for it;

(b) if so, the names of those countries; and

(c) the articles in respect of which offers have been received?

The Minister of Steel, Mines and Metals (Dr. Channa Reddy) (a) to (c): The increase in the export from year to year is due to the efforts of Indian exporters of Steel in general and Hindustan Steel Limited in particular to secure orders from foreign markets on a competitive basis. Recently a bulk contract for export of 6 lakh tonnes of steel at the rate of 2 lakh tonnes for the year 1968, 1969 and 1970 has been secured from U.S.S.R. The export will comprise steel sections such as beams, channels and angles for 1968. For subsequent years, the description and specifications of the items to be exported will be settled later.

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड

4468. **श्री क० लकप्पा :**
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बहुत से बाहरी देशों ने हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को जो क्रयादेश दिये थे उन्हें रद्द कर दिया है और अपने क्रयादेश अन्य गैर-सरकारी फर्मों को दे दिये हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और उन देशों के नाम क्या हैं ?

इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

मैसूर में सरकारी उद्योग

4469. **श्री क० लकप्पा :**
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मैसूर में कई सरकारी उद्योगों के बारे में गैर-सरकारी उद्योगपति बातचीत कर रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन उद्योगपतियों के नाम क्या हैं तथा बातचीत का ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायगी ।

रेलवे में रेलगाड़ी परीक्षक

4470. **श्री म० ला० सोंधी** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलगाड़ी परीक्षकों के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड के आदेश भेदभावपूर्ण हैं;

(ख) क्या इन आदेशों के विरुद्ध प्राप्त हुए अनेक अभ्यावेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया है; और

(ग) क्या एक लेख याचिका प्रस्तुत होने पर सर्वोच्च न्यायालय ने उपरोक्त आदेशों को रद्द कर दिया है और यदि हां, तो इन आदेशों को वापिस न लिये जाने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) से (ग). सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया है कि पहले के अप्रेंटिस गाड़ी परीक्षकों को 205–280 रु० के वेतनक्रम में तरक्की देने के सम्बन्ध में रेल मंत्रालय द्वारा जारी किये गये अनुदेश संविधान की शक्ति से परे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को कार्यान्वित करने से सम्बन्धित ब्यौरे तैयार किये जा रहे हैं और आवश्यक अनुदेश जारी किये जायेंगे ।

मनीपुर के मन्त्रियों को कारों की खरीद के लिए ऋण

4471. **श्री मेघचन्द्र** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री 15 दिसम्बर, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4576 के उत्तर में दिये गये आश्वासन को पूरा करने के लिए 1 मार्च, 1968 को सभा-पटल पर रखे गये विवरण के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन भूतपूर्व मंत्रियों ने जिन्होंने कार खरीदने के लिए ऋण लिये थे, अपने ऋण ब्याज समेत चुकता दिये हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो तो इन ऋणों को वसूल करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

शराब का निर्यात और आयात

4472. **श्री को० सूर्यनारायण** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों से कितने देशों को भारतीय शराब का निर्यात किया जा रहा है तथा कितने देशों से विदेशी शराब का आयात किया जा रहा है तथा उसकी मात्रा कितनी-कितनी है; और

(ख) शराब के निर्यात से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित हुई तथा [उसके] आयात से कितनी विदेशी मुद्रा खर्च हुई ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख). विवरण (अंग्रेजी में) संलग्न है । [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 514/68**]।

आम के लदान से रेलवे को आय

4473. **श्री बे० ना० कुरील** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964-65 से 1966-67 की अवधि में पश्चिम और दक्षिण रेलवे में आम की ढुलाई से रेलवे को कुल कितनी आय हुई ;

(ख) इसी अवधि में आप की ढुलाई के बारे में संबंधित पार्टियों को दावों की कितनी राशि दी गई;

(ग) 1967-68 के लिये इन दावों के विरुद्ध रेलवे को कुल कितनी धनराशि देनी है; और

(घ) आम की ढुलाई से पश्चिम और दक्षिण रेलवे को कितना शुद्ध मुनाफा हुआ ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) आम के परेषणों से होने वाली आमदनी के आंकड़े अलग से नहीं रखे जाते । स्टेशन के मूल अभिलेखों से इन आंकड़ों को छांटना एक भारी काम होगा । इसके अलवा इस अवधि के एक अंश के अभिलेख अब उपलब्ध नहीं होंगे । अतः खेद है कि यह सूचना नहीं दी जा सकती ।

(ख) और (ग). भुगतान किये गये दावों के आंकड़े वस्तु समूहों के कुछ मोटे वर्गों के अनुसार रखे जाते हैं । आमों के परेषणों के सम्बन्ध में पृथक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं । अलग-अलग

दावों की फाइलों मे सूचना निकालना व्यावहारिक नहीं होगा, क्योंकि उनकी संख्या हर वर्ष कोई छः लाख रहती है । अतः खेद है कि अपेक्षित सूचना नहीं दी जा सकती ।

(घ) भाग (क), (ख) और (ग) के उत्तर में जो कुछ कहा गया है, उसे देखते हुए यह सूचना नहीं दी जा सकती ।

रेलवे में भ्रष्टाचार का उन्मूलन

4474. **श्री बे० ना० कुरील** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिये बनाये गये सतर्कता विभाग में इस समय कितने कर्मचारी हैं;

(ख) इस विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति की क्या प्रक्रिया है; और

(ग) रेलवे में भ्रष्टाचार को समाप्त करने में यह विभाग कहां तक सफल रहा है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) 31-12-1967 को भारतीय रेलों के चौकसी संगठन के कर्मचारियों की कुल संख्या निम्नलिखित थी :—

राजपत्रित—69

अराजपत्रित—755

(ख) भारतीय रेलों के चौकसी संगठन के सभी राजपत्रित और जांच करने वाले कर्मचारी रेलों के विभिन्न विभागों, जैसे यातायात, इंजीनियरिंग, भण्डार आदि से तथा राज्य पुलिस एवं प्रशासनिक संवर्गों से निश्चित अवधि के आधार पर लिये जाते हैं ।

(ग) इस बात का सही-सही अनुमान सम्भव नहीं है कि चौकसी संगठन की गतिविधियों के परिणामस्वरूप रेलों में भ्रष्टाचार किस सीमा तक समाप्त हुआ है ।

पत्थरों के लदान से रेलवे को आय

4475. **श्री बे० ना० कुरील** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964-65, 1965-66, 1966-67 और 1967-68 में पत्थरों के लदान से रेलवे को कुल कितनी आय हुई ;

(ख) इसी अवधि में भारतीय रेलवे ने पत्थरों के लदान पर कुल कितनी धनराशि के दावे का भुगतान किया ; और

(ग) इसी अवधि मे मंगलौर की टाइलों पर रेलवे ने कुल कितनी धनराशि के दावों का भुगतान किया ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) 1964-65, 1965-66, 1966-67 में और 1967-68 की पहली छमाही में रेलों को संगमरमर सहित पत्थर के परेषणों से कुल जितनी

आमदनी हुई, वह इस प्रकार है :—

1964–65	7.77 करोड़
1965–66	8.46 करोड़
1966–67	10.42 करोड़
1967–68	4.48 करोड़

(अप्रैल से सितम्बर, 1967 तक)

(ख) और (ग). पत्थर और मंगलौर टाइलों के परेषणों के सम्बन्ध में दावों के भुगतान के आंकड़े अलग नहीं रखे जाते । सूचना तैयार करने के लिए अलग-अलग दावों की फाइलें देखनी होंगी जिनकी संख्या हर वर्ष पांच लाख से अधिक रहती है । इसलिए खेद है कि अपेक्षित सूचना नहीं दी जा सकती ।

राज्य व्यापार निगम द्वारा जूतों का समाहार

4476. **श्री विद्याधर वाजपेयी** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्य व्यापार निगम ने कलकत्ता में एक कार्यालय खोला है जहां से वह प्रतिवर्ष 10,000 जोड़े जूतों का समाहार करता है ;

(ख) क्या 1967 में लुधियाना और करनाल से 70,000 जोड़े जूतों का समाहार किया गया था ; और

(ग) यदि हां, तो करनाल और लुधियाना में पृथक्-पृथक् कारखाने न खोले जाने के क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) कलकत्ता में राज्य व्यापार निगम का क्षेत्रीय कार्यालय विभिन्न देशों को निर्यात के लिए जूतों तथा चमड़े के संघटकों के प्राप्त करने का कार्य करता है । 1967 में राज्य व्यापार निगम ने कलकत्ता में 21,000 जोड़े जूतों तथा काउबाय अपर लैदर के 1,82,000 जोड़ों के आर्डर दिये ।

(ख) 1967 में लुधियाना तथा करनाल में संभरणकर्ताओं को क्रमशः 7,320 तथा 33,760 जोड़ों के आर्डर दिये गये थे ।

(ग) करनाल तथा लुधियाना के जूतों की प्राप्ति राज्य निर्यात निगम के माध्यम से की जाती है तथा राज्य व्यापार निगम इस कार्य के लिए एक पृथक् कार्यालय खोलना आवश्यक नहीं समझता । निगम ने इन क्षेत्रों में एक वरिष्ठ निरीक्षक रखा है ।

राज्य व्यापार निगम द्वारा लिये गये जूतों का मूल्य

4477. **श्री विद्याधर वाजपेयी** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्य व्यापार निगम ने 1956 से लेकर 1967 की अवधि के दौरान रूस और बुल्गारिया को निर्यात किये गये जूतों की प्रति जोड़ी पर 10 से लेकर 15 रुपये तक कमीशन ली थी ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

Enquiry Office at Banda Junction

4478. Shri Jageshwar Yadav : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that there is no Enquiry Office at Banda Junction ; and

(b) if so, the time by which it would be provided there ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha) : (a) There is no separate Enquiry Office at Banda. Public telephones are, however, provided at the station and public enquiries are attended to by the station staff.

(b) There is no proposal to provide a separate Enquiry Office.

Lucknow-Banda Express and Kanpur-Banda Passenger Trains

4479. Shri Jageshwar Yadav : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Lucknow-Banda Express and Kanpur-Banda Passenger trains, starting from Lucknow and Kanpur, respectively on the Northern Railway are daily leaving late from these stations consequent to which the passengers travelling by these trains are not able to catch trains running on Jhansi-Manikpur section on the Central Railway ; and

(b) if so, the steps Government propose to take to check the late running of the said trains ?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha): (a) No, not daily. While the connections with 522 Up/523 Dn. Manikpur-Jhansi Passengers were maintained on all but one day, the maintenance of connections with 521 Dn./524 Up has not been satisfactory.

(b) A special watch is kept on the punctuality of these trains and maintenance of connections with the trains running on Jhansi-Manikpur section. Since the punctuality performance of Lucknow-Banda Express and Kanpur-Banda passenger trains has been appreciably affected by heavy incidence of alarm chain pulling, special steps to minimise such cases are being taken in consultation with the State Governments and Police Authorities.

सल्फर का आयात करने के लिये लाइसेंस

4480. **श्री शिवप्पा** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने करोड़ों रुपये की सल्फर, अमोनिया और फासफेट का आयात करने के लिये हाल में बम्बई में किन्हीं कम्पनियों को आयात लाइसेंस दिये हैं ;

(ख) क्या इस बारे में अनेक शिकायतें मिली हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफ़ी कुरैशी) : (क) सल्फर के आयात के लिये दिये गये आयात लाइसेंसों का एक विवरण (अंग्रेजी में) संलग्न है [पुस्तकालय में रखा गया।

देखिये संख्या एल०टी० 515/68] अमोनिया तथा फासफेट के आयात के लिये बम्बई की किसी भी फर्म को कोई लाइसेंस नहीं दिया गया ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

हसन-मंगलोर रेलवे लाइन

4481. श्री शिवप्पा : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967 में हसन-मंगलोर रेलवे लाइन के निर्माण कार्य की कितनी प्रगति हुई है तथा उस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है ;

(ख) उपरोक्त अवधि में कितनी सुरंगें बनाई गईं ; और

(ग) इस लाइन के निर्माण कार्य में कितना समय लगने की सम्भावना है ?

रेल-मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) 1967 में मंगलूर-पानाम्बूर सम्पर्क लाइन और हसन से मगलूर तक मुख्य लाइन के निर्माण में क्रमशः 8 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत प्रगति हुई। 1967–68 में (फरवरी, 1968 तक) इस परियोजना पर 96·49 लाख रुपये खर्च हुए ।

(ख) 1967 में कोई सुरंग पूरी तरह तैयार नहीं हुई ।

(ग) इस परियोजना से सम्बन्धित काम इस क्रम से किया जा रहा है, ताकि यह मेंगलूर बन्दरगाह परियोजना के काम के साथ साथ पूरा हो । आशा है, मेंगलूर से पानाम्बूर तक की सम्पर्क लाइन नवम्बर, 1968 तक बन कर तैयार हो जायेगी ।

रेलगाड़ी के माल डिब्बों से कोयले की चोरी

4482. श्री शिवप्पा :
डा० म० सन्तोषम :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे में प्रतिदिन औसतन कितने माल डिब्बों का प्रयोग कोयला ढोने के लिये किया जाता है ;

(ख) रेल के माल डिब्बों से प्रतिदिन औसतन कितने कोयले की चोरी होती है ;

(ग) इस चोरी के फलस्वरूप प्रतिवर्ष रेलवे को कितनी हानि उठानी पड़ती है ; और

(घ) क्या इस बारे में रेलवे अधिकारियों की लापरवाही के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) प्रतिदिन बड़ी लाइन के 2125 माल डिब्बे ।

(ख) और (ग). यह अनुमान लगाना सम्भव नहीं है कि माल डिब्बों से प्रतिदिन औसतन कुल कितना कोयला चोरी गया और उसके कारण रेलवे को अनुमानतः कितनी हानि हुई ।

(घ) जब ड्यूटी पर रेल कर्मचारियों की लापरवाही के कारण कोयले की उठाईगीरी होती है, तो सम्बन्धित कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाती है जिसमें उन्हें नौकरी से बर्खास्त किया या निकाला भी जा सकता है ।

रेलवे सुरक्षा दल का समाप्त किया जाना

4483. श्री रामचन्द्र वीरप्पा : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार रेलवे सुरक्षा दल को समाप्त करने और उसके कुछ कार्य राज्य पुलिस दल को सौंपने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इससे कितनी बचत होगी और इस योजना के कब तक क्रियान्वित किये जाने की सम्भावना है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

जापानी औद्योगिक प्रतिनिधि मंडल

4484. श्री रामचन्द्र वीरप्पा : क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सितम्बर, 1967 में एक जापानी औद्योगिक प्रतिनिधिमण्डल भारत आया था ; और

(ख) यदि हां, तो जापान के गैर-सरकारी क्षेत्र द्वारा भारत में पूंजी विनियोजन की क्या सम्भावनाएं हैं ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली में मनीपुर हस्तशिल्प बिक्री केन्द्र

4485. श्री मेघ चन्द्र : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार नई दिल्ली म कनाट प्लेस में मनीपुर हस्तशिल्प बिक्री केन्द्र के निर्माण के लिये भूमि का एक छोटा सा प्लाट मुफ्त आवंटित कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या मनीपुर सरकार ने इस बारे में कोई प्रार्थना की थी ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरशी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) निर्माण, आवास तथा पूर्ति मंत्रालय ने विभिन्न राज्य सरकारों को इर्विन रोड पर एम्पोरियम स्थापित करने के लिए कुछ प्लाटों का आवंटन किया है । इनमें से मनीपुर सरकार को सामान्य मूल्य का भुगतान करने पर एक प्लाट का आवंटन करने का अनन्तिम रूप से निश्चय किया गया । मनीपुर सरकार को मुफ्त भूमि देने का प्रश्न नहीं है और न राज्य सरकार ने ऐसी कोई प्रार्थना ही की है ।

मनीपुर में उद्योग

4486. **श्री मेघ चन्द्र** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1968–69 में मनीपुर में कितने तथा कौन कौन से उद्योग स्थापित करने का विचार है ; और

(ख) उपर्युक्त अवधि में मनीपुर को कितनी वित्तीय सहायता देने का विचार है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) मणिपुर को 1968–69 की वार्षिक योजना में वस्त्र, सीमेंट और कागज की कुछ औद्योगिक परियोजनायें चलाने की सम्भावनाओं के बारे में अध्ययन करने की व्यवस्था की गई है । इस अवधि में लघु क्षेत्र में हथकर्घा, दस्तकारी, रेशम के कीड़े पालने, लघु ग्रामीण तथा खादी उद्योगों से सम्बन्धित विभिन्न योजनाएं अमल में लाई जायेंगी ।

(ख) इन उद्योगों के लिये वर्ष 1968–69 में 17 लाख रुपये की अस्थाई रूप में व्यवस्था की गई है ।

बल्लाडिल्ला में पैलट बनाने का कारखाना

4487. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी** : क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बल्लाडिल्ला में पैलट बनाने का एक कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हाँ, तो यह प्रस्ताव इस समय किस स्थिति में है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) बैलाडिला के भंडार 14 की खान में से पिंड अयस्क के उत्पादन के दौरान निकलने वाले सूक्ष्मक को काम में लाने के लिए एक गुल्लिका बनाने वाले संयंत्र लगाये जाने का प्रस्ताव है ।

(ख) इस समय जापान की एक कम्पनी बैलाडिला के भंडार 14 के सूक्ष्मक के भंडार के विषय में सम्भाव्यताओं का अध्ययन कर रही है । इस कम्पनी ने अमरीका की बैटल मेमोरियल इंस्टीट्यूट लेबोरेटरीज में गुल्लिका बनाने सम्बन्धी परीक्षणों का प्रबन्ध किया है । यह परीक्षण इस समय प्रगति पर है और इस वर्ष लगभग जून तक सम्भाव्यता रिपोर्ट मिल जाने की आशा है ।

रेलवे गार्ड

4488. **श्री इसहाक सम्भाली** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संसद् सदस्यों का एक शिष्टमंडल 23 दिसम्बर, 1967 को रेलवे में राज्य मंत्री से मिला था और उसने उनके साथ रेलवे गार्डों की उचित माँगों के बारे में बातचीत की थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि दो अवसरों पर इस सम्बन्ध में उनको लगभग 50 संसद् सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक संयुक्त ज्ञापन दिया गया था ; और

(ग) यदि हाँ, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हाँ । संसद् सदस्यों का एक शिष्टमंडल 22 दिसम्बर, 1967 को उनसे मिला था ।

(ख) जी हाँ । दो ज्ञापन मिले थे, जिनमें से एक पर लगभग 37 संसद् सदस्यों और दूसरे पर लगभग 34 संसद् सदस्यों के हस्ताक्षर हैं ।

(ग) सभी वर्गों के रनिंग कर्मचारियों (जिनमें गार्ड भी शामिल हैं) के रनिंग भत्ते से सम्बन्धित नियमों और दरों पर पुनर्विचार करने के लिये एक समिति नियुक्त की गयी है और आशा है कि इस समिति की रिपोर्ट मई, 1968 के अन्त तक मिल जायेगी ।

निर्यात गृह

4489. श्री सु० कु० तापड़िया : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निर्यात गृहों के रूप में मान्यता प्रदान करने के लिए गैर-परम्परागत उत्पादों के निर्यात के आँकड़ों की न्यूनतम सीमा को सरकार ने हाल में 10 लाख रुपये से बढ़ा कर 25 लाख रुपये कर दिया है ;

(ख) क्या उसी प्रयोजन के लिए परम्परागत वस्तुओं की सीमा बढ़ा कर दो करोड़ रुपये कर दी गई है ; और

(ग) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी, हाँ ।

(ख) जी, नहीं । निर्यात गृहों के रूप में मान्यता सम्बन्धी पहिले की योजना के अनुसार केवल परम्परागत माल का निर्यात करने वाले निर्यातक मान्यता के पात्र कदापि नहीं थे । अब यह सुविधा उन्हें भी प्रदान की गई है बशर्ते कि वे एक न्यूनतम निर्यात निष्पादन पूरा करे। अतः इस मामले में न्यूनतम अर्हताओं को संशोधित करने का प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) सामान्य निर्यात संवर्द्धन उपाय के रूप में निर्यात गृह योजना संशोधित की गई है ताकि उत्पादों का विदेशों में विपणन करने में निर्यात गृह अधिक सफल हो सकें ।

रूस को बैगनों का निर्यात

4490. श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रूस को आठ पहियों वाले 10,000 वैगनों की सप्लाई के लिये उत्पादन कार्यक्रम तैयार कर लिये गये हैं ;

(ख) सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों के लिये उत्पादन लक्ष्य क्या होंगे ;

(ग) गैर-सरकारी क्षेत्र की ऐसी फर्मों के नाम क्या हैं और प्रत्येक फर्म द्वारा कितने वैगन बनाए जायेंगे ; और

(घ) इस सौदे से प्रति वर्ष अनुमानतः कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त होगी ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) से (ग). रूस को वैगनों की सप्लाई के लिये उत्पादन कार्यक्रम, सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों के लिये उत्पादन का नियतन करने का प्रश्न अथवा निर्मित की जाने वाली वैगनों की संख्या, इन सभी विषयों पर अभी बातचीत होनी है। एक रूसी रेलवे प्रतिनिधि मण्डल, जो भारत में है, विभिन्न प्राधिकारियों के साथ इन विषयों पर विस्तृत रूप से बातचीत कर रहा है। 13-3-1968 को एक भारत-रूस सन्धि पर हस्ताक्षर हुए थे जिसमें 1969-70 में 2000 वैगनों के निर्यात का कार्यक्रम दिया गया था जिसे अनुगामी वर्षों में बढ़ाया जायेगा ताकि 1972-73 में इनके आँकड़े प्रति वर्ष 10,000 वैगन हो जायें।

(घ) यह अनुमान इतना शीघ्र नहीं लगाया जा सकता कि इस सौदे से प्रति वर्ष कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त होगी।

Calcite Deposits in Saugar District

4491. Shir Nihal Singh : Will the Minister of Steel, Mines and Metals be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1643 on the 24th November, 1967 and state :

(a) whether Government have since appointed or propose to appoint a survey team to find out Calcite deposits said to be present in a seven-mile long range in Saugar District ; and

(b) the other deposits found on conducting the survey ?

The Minister of Steel, Mines and Metals (Dr. Channa Reddy) : (a) No, Sir. However during 1967-68 field season, the Geological Survey of India proposes to undertake mineral survey in Saugar district.

(b) Does not arise.

रूसी रेलवे प्रतिनिधि मण्डल की भारत की यात्रा

4492. श्री यशपाल सिंह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रूसी रेलवे प्रति निधि मण्डल मार्च, 1968 में भारत आया था ;

(ख) क्या इस प्रतिनिधि मण्डल के साथ कोई बातचीत की गई थी ; और

(ग) यदि हाँ, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हाँ।

(ख) जी हाँ।

(ग) फरवरी, 1968 के अन्त में रूसी रेलों के उपमंत्री के नेतृत्व में सोवियत संघ का एक शिष्टमण्डल भारत आया था। यह शिष्टमण्डल भारत से सोवियत संघ को रूसी अभिकल्प और विशिष्टियों के रेल माल-डिब्बों के निर्यात की सम्भावनाओं पर तकनीकी बातचीत करने के लिए आया था। इस बातचीत के परिणामस्वरूप 13-3-68 को राज्य व्यापार निगम और मशीनो-इम्पोर्ट सोवियत संघ के बीच एक संलेख पर हस्ताक्षर किये गये, जिसमें सोवियत संघ को माल-डिब्बों की सप्लाई के सम्बन्ध में आगे बातचीत करने की कार्यविधि निर्धारित की गयी है।

जूतों के निर्यात पर राज्य व्यापार निगम द्वारा लिया गया कमीशन

4493. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पैकिंग, भाड़ा, निरीक्षण, विकास तथा प्रचार पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिये राज्य व्यापार निगम अपने मुनाफे के रूप में एक जोड़ी जूते पर 10 रु० अपने पास रख लेता है ;

(ख) क्या जूता उद्योग ने यह अभ्यावेदन किया है कि राज्य व्यापार निगम द्वारा भारी लाभ लिये जाने के कारण उसके लिये बहुत कम मुनाफा बचता है ;

(ग) राज्य व्यापार निगम इस प्रकार प्रति वर्ष कितनी धन राशि वसूल करता है ; और

(घ) इसके उपयोग का ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) राज्य व्यापार निगम के निर्माताओं ने सोवियत रूस को भेजे जाने वाले जूतों के लिये उनको दिये जाने वाले समाहार मूल्यों में वृद्धि करने के लिये अभ्यावेदन किया था। समाहार मूल्य 1967 में अपनाई गई विधि के अनुसार ही निर्धारित किये गये थे और उन्हें निर्माताओं के लिये उचित समझा जाता है ।

(ग) और (घ). इस जानकारी को देना राज्य व्यापार निगम के व्यापारिक हित में नहीं है ।

मैसूर लोहा तथा इस्पात वर्क्स, भद्रावती

4494. **श्री जे० एच० पटेल** : क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मैसूर लोहा तथा इस्पात वर्क्स, भद्रावती की वित्तीय स्थिति कैसी है और क्या इसको कोई हानि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस कम्पनी के कार्य संचालन के बारे में जांच कराने का है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय में उपमंत्री (श्री राम सेवक) : (क) मैसूर आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड लाभ में जा रहा है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते

Sale of Goods in Khadi Bhavan, New Delhi

4495. **Shri J. Sunder Lal** : Will the Minister of **Commerce** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the goods sold in the Khadi Gramodyog Bhavan, New Delhi are purchased from certain unapproved organisations who are making huge profits by charging arbitrary prices which are many times higher than those prevailing in the market for similar goods ;

(b) whether a huge stock of the said goods ing unsold ; and

(c) if so, the steps proposed to be taken by Government to remedy the situation ?

The Deputy Minister in the Ministry of Commerce (Shri Mohd. Shafi Qureshi) : (a) The Government is not aware of such purchase.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

निमियाघाट स्टेशन के निकट मालगाड़ी का लूटा जाना

4496. **श्री क० प्र० सिंह देव** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 2 मार्च, 1968 को पूर्व रेलवे के भोलिडीह तथा निमियाघाट स्टेशनों के बीच बदमाशों के एक दल ने एक मालगाड़ी पर छापा मारा था तथा उसे लूटा था;

(ख) क्या यह भी सच है कि उसी स्थान पर वही गाड़ी 26 फरवरी, 1968 को भी लूटी गई थी ;

(ग) यदि हां, तो उसके कारण कितनी हानि हुई ; और

(घ) इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख). यह सच है कि 26-2-68 को और फिर 2-3-68 को भोलीडीह और निमियाघाट स्टेशनों के बीच कुछ बदमाशों ने एक मालगाड़ी नं० 1173 को रोक लिया था और कुछ गांव वालों ने अस्थायी गैंगमैनों की सहायता से उठाई-गीरी की कोशिश की थी लेकिन रेलवे सुरक्षा दल की सामयिक कार्यवाही के फलस्वरूप ऐसा न कर सके। 2 गैंगमैनों सहित 6 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और सरकारी रेलवे पुलिस गोमो ने इस सम्बन्ध में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 143/379 के अधीन एक मामला दर्ज कर लिया है।

(ग) सवाल नहीं उठता।

(घ) भोलीडीह और निमियाघाट रेलवे स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा दल के दस्ते तैनात कर दिये गये। प्रभावित खण्ड की माल गाडियों में साथ चलने के लिए रेलवे सुरक्षा दल के कर्मचारी तैनात किये गये हैं।

मुगलसराय स्टेशन पर बम विस्फोट

4497. **श्री क० प्र० सिंह देव** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 7 मार्च, 1968 को मुगलसराय रेलवे स्टेशन के एक प्लेटफार्म पर एक बम विस्फोट हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप कितने व्यक्ति घायल हुए और कितनी हानि हुई ;

(ग) क्या इस मामले की जांच हो गई है ; और

(घ) यदि हां, तो इसका क्या परिणाम निकला है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख) एक पटाखे के विस्फोट से 2 व्यक्तियों के घायल होने की रिपोर्ट मिली है। लेकिन सम्पत्ति को क्षति पहुंचने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

(ग) और (घ) सरकारी रेल पुलिस, मुगलसराय, ने इस मामले को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5/6 के अधीन 7-3-68 को मामला संख्या 95 के रूप में दर्ज कर लिया है। अभी तक दो व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं। राज्य पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है।

अतारांकित प्रश्न संख्या १२९५ के उत्तर में शुद्धि

Correction of Answer to Unstarred Question No. 1295

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : 20-2-1968 को अतारांकित प्रश्न संख्या 1295 के उत्तर में मैंने कहा था कि बिहार सरकार ने अशोक पेपर मिल्स लि० को अपने अधिकार में लेने का निर्णय किया है। यह सूचना बिहार सरकार द्वारा पहले दी गई जानकारी पर आधारित थी। उसने अब सूचित किया है कि उन्होंने अपने पहले निर्णय पर पुनः विचार किया है और 13-2-1968 को यह निर्णय किया है कि उनके लिए अशोक पेपर मिल्स को अपने अधिकार में लेना सम्भव नहीं होगा।

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

Calling Attention to Matter of Urgent Public Importance

वामपंथी साम्यवादी नागाओं द्वारा संपूर्ण प्रभुत्वसंयन्त्र नागालैंड की मांग

अध्यक्ष महोदय : श्री मधु लिमये

श्री नम्बियार (तिरुचिरापल्लि) : मेरा नियम 173 के अधीन व्यवस्था का प्रश्न है। जैसा मैंने पहले भी कई अवसरों पर बताया है कि इस मामले को बार-बार यहां पर चर्चा के लिये लाया जा रहा है। नागालैंड में 'वामपंथी साम्यवादी नागा' नाम की कोई चीज़ नहीं है। इस प्रकार के प्रस्तावों को बार बार क्यों स्वीकार किया जाता है ?

अध्यक्ष महोदय : इस सम्बन्ध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव एक सदस्य से नहीं बल्कि कम से कम 30 सदस्यों से प्राप्त हुए हैं। वहां इस प्रकार का कोई दल है अथवा नहीं इस बात की जांच करना मेरा काम नहीं है। मंत्री महोदय इस सम्बन्ध में जवाब देंगे कि नागालैंड में कौन-कौन से दल हैं और उनकी गतिविधियां क्या-क्या हैं।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : Sir, I call the attention of the Minister of Home Affairs to the following matter of Urgent Public Importance and I request that he may make a statement thereon :

'Demand for sovereign Nagaland by Left Communist Nagas and in that context recovery of high explosive Bomb'.

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण): आसाम राज्य से प्राप्त समाचार के अनुसार 6 मार्च, 1968 को जिला शिवसागर, थाना टिटाबर, गांव पनीनोरा के बापुटे सैकिया नामक

(श्री यशवन्त राव चव्हाण)

व्यक्ति को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह विद्रोही नागाओं से तोड़फोड़ के कामों का प्रशिक्षण लेकर अपने गांव लौट रहा था। इस के बाद तेरह अन्य व्यक्तियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया जिन पर संदेह है कि उन्होंने भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण लिया था। गिरफ्तार व्यक्तियों में से एक के पास से फ्यूज तार के साथ एक प्लास्टिक बम बरामद हुआ। एक दूसरे व्यक्ति के पास से एक नोट बुक बरामद हुई जिस में बम तथा अन्य विस्फोटक पदार्थों के बनाने तथा इस्तेमाल के बारे में हिदायतें लिखी थीं। इस सम्बन्ध में और आगे जांच की जा रही है।

Shri Madhu Limaye : No reply to my Call Attention Notice has been given. It appears as if he has replied to some other motion. In the reply nothing has been mentioned regarding the demand for sovereign Nagaland. He has only replied to the Question regarding plastic bombs.

अध्यक्ष महोदय : मुझे पता नहीं कि सरकार के पास इस सम्बन्ध में जानकारी है अथवा नहीं। मैं उन्हें बाध्य नहीं कर सकता कि वह इसका उत्तर दें।

Shri Madhu Limaye : What is the procedure in this regard ? The Hon. Minister has given reply to my notice, but has not replied to the questions asked by me.

श्री यशवन्तराव चव्हाण : अनुपूरक प्रश्नों का मैं उत्तर दे सकता हूं लेकिन केन्द्र से सम्बन्धित तथ्यों के बारे में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव--प्लास्टिक बमों के बारे में रखा जाता है--आप कुछ राजनीतिक पहलुओं पर चर्चा चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदय : विभिन्न सदस्यों ने विभिन्न ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखे हैं जिन में विभिन्न बातों पर जोर दिया गया है। किसी सदस्य ने आसाम पर तो किसी सदस्य ने नागालैंड के बारे में अधिक जोर दिया है। गृह-कार्य मंत्री ने उसका उत्तर दे दिया है।

Shri Madhu Limaye : The attitude of the Government towards Naga problem has given a rise to the destructive elements in the country. Whether Government has any information which are the countries from where these bombs are being smuggled into Nagaland ? Whether there is CPI (M) unit in Nagaland ? Whether some arrests have been made in this connection and what steps Government intend to take to prevent these incidents ?

श्री यशवन्तराव चव्हाण : जहां तक मेरी जानकारी है नागालैंड में सी० पी० आई० (मार्क्सिसट) नाम की कोई पार्टी नहीं हैं। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनसे पूछ ताछ की गई है। पूछताछ से यह पता चला है कि कुछ गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों का भारतीय साम्यवादी दल (मार्क्सवादी) दल से सम्बन्ध था। दो ऐसे व्यक्तियों के नाम का भी पता लगा है जिनका इन घटनाओं के पीछे सक्रिय हाथ रहा है और उनका भी भारतीय साम्यवादी दल (मार्क्सवादी) से सम्बन्ध रहा है। जहां तक नागालैंड में शस्त्रों के पहुंचने का सम्बन्ध है, इन विद्रोहियों ने चीन से सम्पर्क स्थापित किये हैं और उन के कुछ सदस्य चीन में रह रहें हैं। मेरे विचार से ये हथियार चीन से आ रहे हैं। इस सम्बन्ध म की गई जांच से पता लगता है कि नागालैंड और आसाम में ऐसे लोगों के दल हैं जो विध्वंसक कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और विद्रोही नागाओं द्वारा

हथियार प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहे हैं ताकि पृथक आसाम राज्य की स्थापना के लिये अभियान चलाया जा सके। इस को रोकने के लिये हम आवश्यक कार्यवाही कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : जहां तक इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की अनुमति देने का प्रश्न है, इस सम्बन्ध मे प्रत्येक समाचारपत्र ने कुछन न कुछ समाचार प्रकाशित किया है। इसके विरोध मे यह भी प्रकाशित किया गया है कि वे लोग भारतीय साम्यवादी दल (मार्क्सवादी) के नहीं हैं। अतः इसकी अनुमति दी जानी आवश्यक थी।

Shri Madhu Limaye : I want reply regarding the recent plastic bombs. I want to know from which country it has been smuggled here.

श्री यशवन्त राव चव्हाण : इस विशेष बम के सम्बन्ध में जांच जारी है।

Shri Balraj Madhok (South-Delhi) : It is a well known fact that Chinese and Pakistani elements are behind these incidents. Whether it is a fact that hostile Nagas are spreading their activities in Shiv Sagar area aso. If it is a fact then the steps Government have taken to prevent it ?

श्री यशवन्तराव चव्हाण : हमें उन तत्वों की कुछ जानकारी है जो अपना विस्तार नागालैंड और आसाम में करने का प्रयास कर रहे हैं। इसको रोकने के लिये हम कार्यवाही कर रहे हैं।

श्री नि० रं० लस्कर (करीमगंज): समस्त देश में मार्क्सवादी साम्यवादियों की गतिविधियां जोरशोर पर हैं। उन्होंने जो नक्सलबाड़ी में किया उसे ही वे आसाम, नागालैंड और मनीपुर में भी दोहराना चाहते हैं। सरकार ने नक्सलबाड़ी जैसी गतिविधियों को रोकने के लिये आसाम में पर्याप्त सावधानी नहीं बरती है। सरकार अब तक सम्बन्धित व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में असफल रही है। हम उन लोगों के नाम तक जानते हैं (अन्तर्बाधाएं)

श्री यशवन्तराव चव्हाण : इस सम्बन्ध में हम आवश्यक कार्यवाही कर रहे हैं।

श्री श्रीनिवास मिश्र (कटक) : ऐसा विदित हुआ है कि कुछ गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों ने अपने दोष स्वीकार किये हैं। और उनके पास से कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं। क्या मंत्री महोदय यह बतायेंगे कि उनका दोष स्वीकार करना और उनसे प्राप्त हुए दस्तावेज मेल खाते हैं?

श्री यशवन्तराव चव्हाण: अन्य व्यक्ति के पास से एक नोटबुक प्राप्त हुई है जिसमें बमों के बनाने और उनके प्रयोग करने के सम्बन्ध में कुछ जानकारी दी गई है।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

Papers laid on the Table

कम्पनियों इत्यादि के कार्य और प्रशासन के सम्बन्ध में वार्षिक प्रतिवेदन

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 638 के अन्तर्गत 31 मार्च, 1967 को समाप्त हुये वर्ष के लिये उक्त अधिनियम के प्रवर्तन तथा लागू करने सम्बन्धी वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० 493–1968]

(2) उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 की धारा 7 की उपधारा (4) के अन्तर्गत वर्ष 1965–66 के लिये निम्नलिखित वार्षिक प्रतिवेदनों की एक एक प्रति :—

(एक) मोटर गाड़ियों, मोटर गाड़ियों के सहायक पुर्जों के उद्योगों, परिवहन यान उद्योगों, ट्रेक्टरों तथा मिट्टी खोदने के उपकरणों सम्बन्धी विकास परिषद् ।

(दो) खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले उद्योगों सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(तीन) हैवी इलैक्ट्रिकल उद्योगों सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(चार) मशीन औजार उद्योग सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(पांच) तेलों डिटरजेंटस तथा रंग-रोगन सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(छः) कागज लुगदी तथा सहायक उद्योगों सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(सात) कपड़ा मशीन उद्योग सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(आठ) नकली रेशम उद्योग सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(नौ) ऊनी उद्योग सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(दस) भेषज तथा औषधालय-निर्माण सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(ग्यारह) कार्बनिक रसायन उद्योगकों सम्बन्धी विकास परिषद् ।
(बारह) चीनी उद्योग सम्बन्धी विकास परिषद् ।

[पुस्तकालय मे रखी गयी। देखिये संख्या एल० टी० 389/1968]

1966-67 के लिये हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड, रांची के वार्षिक प्रतिवेदन तथा उन पर सरकारी टिप्पणियां

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं : —

(1) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड, रांची के वर्ष 1966–67 के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(2) वर्ष 1966-67 के लिये हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड, रांची के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० 494-68]

इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) मैं निम्न लिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) खान तथा खनिज (विनियमन तथा विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 28 की उपधारा (1) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1884 की एक प्रति जो दिनांक 16 दिसम्बर, 1967 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी।

(2) उक्त अधिसूचना को सभा-पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला एक विवरण।

[पुस्तकालय में रख गये । देखिये संख्या एल० टी० 495--1968]

प्राक्कलन समिति

Estimates Committee

सैंतालीसवां प्रतिवेदन

श्री पे० वेंकटासुब्बाया : मैं गृह-कार्य मंत्रालय संघ लोक सेवा आयोग के बारे में प्राक्कलन समिति का 47वां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

मुंगेर के निकट गंगा नदी में हाल ही में आग लगने के बारे में वक्तव्य

Statement re. recent blaze in Ganga near Monghyr

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कोत्ता रघुरामैया) : मैंने पहले गंगा नदी में 3 मार्च, 1968 को आग लगने और मुंगेर (बिहार) में पानी सप्लाई के दूषित होने के बारे में, उस समय की उपलब्ध सूचना सभा को दी थी। प्रशासकों तथा विशेषज्ञों के अलावा, जिन्होंने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया, मैंने खुद, जो कुछ हुआ उससे परिचित होने के लिये, पटना, मुंगेर और बरौनी का दौरा किया है। वास्तव में क्या हुआ . इसका सही तौर से पता लगाने, जहां कहीं जरूरी है जिम्मेवारी ठहराने और आगे के लिये ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिये सरकार ने इन मामलों पर पूरी जांच करने का फैसला किया है। यह जांच एक त्रि-सदस्य आयोग द्वारा की जायेगी। इस आयोग की नियुक्ति कमिशन आफ इंक्वारीज एक्ट के अन्तर्गत की जायेगी। आयोग की अध्यक्षता हाई कोर्ट के एक सेवा-निवृत्त न्यायाधीश करेंगे और जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग के दो विशेषज्ञ इस के सदस्य होंगे इन दो विशेषज्ञों में से एक व्यक्ति बिहार राज्य सरकार द्वारा नामित होगा।

आयोग के विचारार्थ विषय सामान्यतः निम्नलिखित होंगे :—

(क) फरवरी के अन्तिम सप्ताह या पहले और मार्च 1968 के पहले सप्ताह के दौरान बरौनी शोधनशाला के पास और अनुप्रवाह, गंगा नदी के तेल से दूषित होने के सही तथ्यों का निर्धारण करना ;

(ख) बरौनी शोधनशाला इन घटनाओ के लिये किस हद तक उत्तरदायी है; इसका निर्धारण करना ;

(ग) भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिये अपनाये जाने वाले उपायों की सिफारिश करना;

(घ) इस बारे में परामर्श देना कि क्या शोधनशाला के प्रबन्धकों एवं कर्मचारियों से निर्धारित कर्त्तव्यों का पालन करने में किसी प्रकार का प्रमाद या असावधानी हुई है ;

(ङ) उपर्युक्त भाग (घ) के सम्बन्ध में यदि किसी प्रकार की आगामी कार्यवाही करने की आवश्यकता हो, तो उसके लिए सिफारिश करना;

(च) नदी के दूषित जल से जनता को हुई हानि या क्षति की रिपोर्ट देना तथा भारतीय तेल निगम को उन लोगो को, जो इस से बुरी तरह प्रभावित हुए है, यदि कोई क्षतिपूर्ति करनी हो, तो उसकी सिफारिश करना;

(छ) आयोग के विचार में इस से संबंधित यदि कोई अन्य मामला हो, तो सामान्यता उस पर रिपोर्ट देना।

हम जांच समिति को प्रार्थना कर रहे हैं कि वे अपने विमर्श को यथाशीघ्र मुकम्मल करने का यत्न करें।

जम्मू और कश्मीर लोक प्रतिनिधित्व (अनुपूरक) विधेयक

Jammu and Kashmir Representation of the People (Supplementary) Bill

अध्यक्ष महोदय : अब सभा में जम्मू और कश्मीर लोक प्रतिनिधित्व (अनुपूरित) अधिनिय, 1957 के अनुपूरक विधेयक पर चर्चा होगी?

विधि मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मु० यूनस सलीम) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि खंड 2 के संशोधन संख्या 2 पर विचार किया जाये।

[**उपाध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुये
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

श्री श्रीनिवास मिश्र (कटक) : इस सम्बन्ध में फिर गड़बड़ हो गई है। मैं संविधान के अनुच्छेद 327 का उल्लेख करूंगा। उसमें विधान सभाओं के चुनाव के सम्बन्ध में संसद की शक्ति का उल्लेख किया गया है। परन्तु संविधान के अनुसार अनुच्छेद 327 जम्मू और काश्मीर पर लागू नहीं होता है। यदि संसद् को जम्मू और काश्मीर की विधान सभा के चुनाव के सम्बन्ध में कोई कानून बनाना हो तो उपबन्धों में कैसे परिवर्तन किया जा सकता है।

अधिनियम केवल जम्मू और काश्मीर तक ही सीमित है अतः हम संवैधानिक उपबन्धों का उल्लंघन कर रहे हैं। अतः यह प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।

श्री मु० यूनस सलीम : इस सम्बन्ध में संविधान के सातवें अनुच्छेद में की गई प्रविष्टि पर भी विचार किया जाना चाहिये।

श्री श्रीनिवास मिश्र : माननीय मंत्री गलती पर हैं इसके आदेश द्वारा प्रविष्टि में भी संशोधन किया गया है।

श्री मु० यूनस सलीम : राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से इन आदेशों के जारी किये जाने के बाद यह कठिनाई दूर हो गई है।

श्री श्रीनिवास मिश्र : मैं उससे असन्तुष्ट नहीं हूं।

अध्यक्ष महोदय : यह संवैधानिक मामला है। उद्घोषणा उस अनुच्छेद से सम्बन्धित नहीं है। वह सूची में की गई ऐन्टरी से सम्बधित है। मैं यह सुझाव देता हूं कि उस पर कुछ समय के लिये चर्चा स्थगित कर देनी चाहिये।

संसदीय तथा संचार मंत्री (डा० रामसुभग सिंह) : माननीय मंत्री संवैधानिक कठिनाई को स्पष्ट करने के लिये तैयार होकर आयगे और इस पर 6 बजे चर्चा की जानी चाहिये।

अनुदानों की मांगें, रेलवे 1968-69 और अनुदानों की अनुपूरक मांगें (रेलवे) 1967-68

Demands for Grants Railways, 1968-69 and Demand for Supplementary Grants (Railways) 1967-68

रेलवे मंत्री (श्री च० मु० पुनाचा) मैं, वर्ष 1968–69 के लिये रेलवे की अनुदानों की मांगों को सभा में चर्चा के लिये रखना चाहता हूं।

मैं यह भी निवेदन करता हूं कि मुझे वर्ष 1967-68 की रेलवे की अनुदानों की अनुपूरक मांगो को भी सभा में प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाये।

इस संबंध में मैं यह कहना चाहता हूं कि अनुपूरक मांगों की पुस्तक में बताया गया है, चालू वर्ष में राजस्व कार्य संचालन व्यय की अतिरिक्त आवश्यकता 25.42 करोड़ रुपये (कुल) से घटकर 21.94 करोड़ रुपये कर दी गई है। यह केवल सीमान्त कटौती है जो नवीनतम अनुमान के आधार पर की गई है। इस खर्च का ब्यौरा पिछले सप्ताह के अन्त में रेलवे से प्राप्त राशि के रूप में चालू वित्तीय वर्ष में दिखाया गया है। यह कटौती आकस्मिक कार्यालय व्यय में कमी, इंजन डिब्बों आदि की मरम्मत में कमी, कार्य संचालन कर्मचारियों की नियुक्ति में कमी और ईंधन की व्यवस्था में परिवर्तन करने के परिणाम स्वरूप हुई है।

इन कटौतियो के परिणाम स्वरूप चालू वर्ष में रेलवे की शुद्ध आय, जिस में ऋण पूंजी पर लाभांश दिया गया है, बढ़ जायेगी। राजस्व रक्षित निधि से 22.59 करोड़ निकाले जाने का अनुमान था लेकिन अब उसमें 3.48 करोड़ रुपये की कमी की जायेगी। चूंकि उपलब्ध बजट अनुदान से पहले ही कम है अतः इस मद के लिये कोई अनुपूरक अनुदान की मांग नहीं की गई है।

वर्ष 1968-69 के लिये रेलवे मंत्रालय की अनुदानो की निम्नलिखित मांगें प्रस्तुत की गई :—

मांग संख्या	शीर्षक	राशि	
1	रेलवे बोर्ड . . .	1,39,93,000	रुपये
2	विविध व्यय	5,15 49,000	रुपये
3	चालित और दूसरी लाइनों को भुगतान . .	18,91,000	रुपये
4	संचालन-व्यय—प्रशासन . . .	70,35,22,000	रुपये
5	संचालन-व्यय—मरम्मत और अनुरक्षण . .	2,26,8 0,59,00 0	रुपये
6	संचालन-व्यय—परिचालन कर्मचारी . .	1,42,54,12,000	रुपये
7	संचालन व्यय—परिचालन (ईंधन) . .	146,08,20,000	रुपये
8	संचालन व्यय—परिचालन (कर्मचारी और ईंधन को छोड़कर)	41,41,28,000	रुपये
9	संचालन-व्यय—विविध व्यय .	32,09,27,000	रुपये
10	संचालन-व्यय—कर्मचारी हित . .	23,8 9,36,000	रुपये
11	संचालन-व्यय—मूल्यह्रास आरक्षित निधि में विनियोग	100,00,00,000	रुपये
11-क	संचालन-व्यय—पेंशन निधि में विनियोग .	10,00,00,000	रुपये
12	सामान्य राजस्व को लाभांश .	152,00,25,000	रुपये
13	चालू लाइन निर्माण (राजस्व) .	9,00,03,000	रुपये
14	नयी लाइनों का निर्माण . .	28,8 3,59,000	रुपये
15	चालू लाइन निर्माण, पूंजी, मूल्यह्रास आरक्षित निधि और विकास निधि	533,15,92,000	रुपय
16	पेंशन-प्रभार—पेंशन निधि . . .	5,38,37,000	रुपये
17	सामान्य राजस्व से लिये गये कर्ज और उस पर सूद का भुगतान—विकास निधि . .	1,23,8 4,000	रुपये
18	विकास निधि में विनियोग . . .	1,00,00,000	रुपये
20	राजस्व आरक्षित निधि से निकासी—अनुपादक पूंजी के परिशोधन के लिये अदायगियां . . .	1,36,08,000	रुपय

वर्ष 1968–69 के लिये रेलवे मंत्रालय की अनुदानों की निम्नलिखित अनुपूरक मांगें प्रस्तुत की गई :—

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
1	रेलवे बोर्ड	6,57,000 रुपये
2	विविध व्यय	14,24,000 रुपये
4	संचालन व्यय—प्रशासन	2,17,33,000 रुपये
5	संचालन व्यय—मरम्मत और अनुरक्षण	8,08,59,000 रुपये
6	संचालन व्यय—परिचालन कर्मचारी	2,83,71,000 रुपये
7	संचालन व्यय—परिचालन (ईंधन)	9,45,86,000 रुपये
8	संचालन व्यय—परिचालन (कर्मचारी और ईंधन को छोड़कर)	2,86,91,000 रुपये
14	नयी लाइनों का निर्माण	1,000 रुपये
16	पेंशन प्रभार—पेंशन निधि	1,17,40,000 रुपये
20	राजस्व आरक्षित निधि से निकासी	10,14,000 रुपये

श्री नम्बियार (तिरूचिरापल्ली) : रेलवे मंत्री ने न केवल तीसरे दर्जे के यात्री किराये और स्लीपर किराये में वृद्धि की है बल्की भाड़े की दरों में भी वृद्धि की है। इसके परिणाम स्वरूप आवश्यक वस्तुओं के मूल्य बढ़ रहे हैं। यदि रेलवे की आमदनी में कमी हो रही है तो उन्हे रेलवे की कार्या व्यवस्था में सुधार कर उसे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिये।

रेलवे मंत्री ने इस बात का भी उल्लेख किया है कि सड़कों में सुधार किये जाने के परिणाम-स्वरूप ट्रकों की संख्या में वृद्धि हुई है और रेल और सड़क की प्रतियोगिता में वृद्धि हुई है। देश में सड़क परिवहन में सुधार हुआ है और रेल द्वारा भेजे जाने वाले माल में कमी हुई है। हमें रेल की क्षमता में इस हद तक सुधार करना चाहिये कि लोग सड़क द्वारा माल न भेज कर रेल द्वारा माल भेजना पसन्द करें।

उन्हें यह समझ लेना चाहियें कि रेल के किराये और माल भाड़े में वृद्धि किये जाने से रेलवे की आय में वृद्धि न हो कर कमी ही होगी क्योंकि इसके परिणामस्वरूप अधिक से अधिक जनता सड़क द्वारा यात्रा करेगी और सामान भेजेगी।

प्लेटफार्म टिकट की कीमत बढ़ाये जाने के परिणामस्वरूप जन साधारण को कठिनाई होगी। इससे प्लेटफार्म टिकट की बिक्री कम हो जायेगी और लोग बिना प्लेटफार्म टिकट खरीदे प्लेटफार्म पर चले जाया करेंगे ।

अतः मेरा अनुरोध है कि मंत्री महोदय को प्लेट फार्म टिकट की कीमत 15 पैसे ही रखी जानी चाहिये ।

रेलवे बोर्ड के सदस्यों से मुझे कोई व्यक्तिगत द्वेष नहीं है परन्तु उन्हें एसे अधिकार दे दिये गये हैं कि वे नौकरशाही हो जाते हैं इसका कारण यह है कि वे अपनी सेवा के अन्त में रेलवे बोर्ड के सदस्य बना दिये जाते हैं और उस आयु में वे कोई नया काम नहीं करना चाहते। रेलवे के यातायात में सुधार के लिये वे कोई ठोस काम नहीं करते। इसीलिये रेलवे की व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। यदि कोई मंत्री कुछ परिवर्तन करना चाहता है तो वे उसे उल्टा सीधा समझा देते हैं। अत : मेरा अनुरोध है कि रेलवे मंत्री को कुछ कठोरता से प्रशासन चलाना चाहिये और मंत्री ऐसा बनाया जाये जिसे रेलवे के बारे में कुछ तकनीकी ज्ञान हो। रेलवे बोर्ड के सदस्यों का काम सलाह देना है, निर्णय करने की शक्ति मंत्री को होती है। रेलवे व्यवस्था में सुधार तभी होगा जबकि मंत्री स्वविवेक से अन्तिम निर्णय लेने लगेंगे।

इसके पश्चात् लोक सभा मध्याह्न भोजन के लिये 2 बजे म० प० तक के लिये स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the clock

---

लोक सभा मध्याह्न भोजन के पश्चात 2 बजे म० प० पर पुनः समवेत हुई ।

The Lok Sabha reassembled after Lunch at Fourteen of the Clock

[**उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
MR. DEPUTY SPEAKER *in the chair*]

श्री नम्बियार : अब मैं रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं पर आता हूं। यद्यपि उन्हें कुछ आर्थिक लाभ दिया गया है, फिर भी वे संतुष्ट नहीं हैं। रेलवे कर्मचारियों की बड़ी पैमाने पर छंटनी की तैयारी की जा रही है। नैमित्तिक श्रमिकों को काम से हटाया जा रहा है। अनेक रेलवे कर्मचारी ऐसे हैं जिनकी सेवा 5 से 12 वर्ष की हो चुकी है और जो अभी तक स्थायी नहीं बनाये गये हैं। रेलवे कर्मचारियों की कुछ श्रेणियाँ ऐसी हैं जिन्हें 12 घंटे प्रतिदिन काम करना पड़ता है, हालाँकि हम "प्रति दिन 8 घंटे के काम" के सिद्धांत को मान चुके हैं। रेलवे के अधिक से अधिक कर्मचारियों को,जिनमें ड्राइवर, फायरमैन, पोइंटमैन, रोलिंग स्टाक स्टाफ, लिवरमैन और गेट कीपर आदि की श्रेणियाँ सम्मिलित हैं, प्रतिदिन 12 घंटे से अधिक काम करना पड़ता है। यदि इन कर्मचारियों के के घंटे घटा दिये जाये तो छंटनी की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। दूसरे अधिक समय तक कामकाम करने से कर्मचारी थक जाते हैं और दुर्घटना की गुंजाइश अधिक हो जाती है। वे ऐसी स्थिति में कार्यकुशलता से काम नहीं कर सकत हैं। अधिकतर एक्सप्रेस तथा पैसन्जर गाडियों के ड्राइवरों को 12 घंटे से अधिक काम करना पड़ता है। मंत्री महोदय ऐसा आश्वासन दें कि रेलवे कर्मचारियों से 8 घंटे से अधिक काम नहीं लिया जायेगा।

रेलवे कर्मचारियों की यूनियन को मान्यता देने का क्या सिद्धान्त है? मेरे विचार से कोई निश्चित सिद्धान्त नहीं है। मंत्री महोदय अथवा रेलवे बोर्ड अपनी इच्छा से जिसे मान्यता देना चाहती है, दे देती है और जिसे मान्यता नहीं देना चाहती, उसे मान्यता नहीं दी जाती। जिस यूनियन को अधिकतर रेलवे कर्मचारियों का समर्थन प्राप्त हो, उसे मान्यता मिलनी चाहिये। एक अन्य बात जो मैं कहना चाहता हूं, वह कर्मचारियों की कार्मिक स्थिति के सम्बन्ध में है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार एक डिविजनल पर्सोनेल अफसर होता है जिसके अधीन 15,000 कर्मचारी होते हैं। क्या एक अधिकारी 15,000 कर्मचारियों को जो 800 से 900 मील की दूरी पर फैले होते हैं, शिकायतों, अभ्यावेदनों और याचिकाओं पर ध्यान दे सकता है? यह सम्भव नहीं है।

अन्त में, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो गुफानुमा क्वार्टर रेलवे कर्मचारियों के लिये अंग्रेजों ने बनवाये थे और जिनका उस समय मामूली किराया लिया जाता था, आज उनका किराया 2 रुपये से बढ़ाकर 12 रुपये और 3 रुपये से बढ़ाकर 15 रुपये कर दिया गया है। स्टेशन मास्टर और पोइन्टमैन जिन्हें पहले क्वार्टर मुफ्त मिलते थे अब उनसे भी किराया लिया जाता है। अब कर्मचारियों को क्वार्टर के किराये के रूप में अपने वेतन का 10 प्रतिशत देना पड़ता है।

मेरा रेलवे मंत्री से यह अनुरोध है कि वह रेलवे कर्मचारियों की उपरोक्त समस्या की ओर ध्यान दें और जो अपेक्षित हो वह करें।

उपाध्यक्ष महोदय: जिन सदस्यों को रेलवे बजट पर बोलने का अवसर नहीं मिला था, उन्हें पहले अवसर दिया जायेगा। जो सदस्य स्थानीय समस्याओं के बारे में अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं उन्हें भी अवसर दिया जायेगा। परन्तु प्रत्येक सदस्य को केवल दस मिन्ट मिलेंगे।

श्रीमती तारा सप्रे (बम्बई पूर्वोत्तर) : मैं अपने आप को बम्बई महानगर की रेलवे सम्बन्धी समस्याओं तक ही सीमित रखूंगी। बम्बई नगर की जनसंख्या जिस तीव्रता से बढ़ रही है, वहाँ की यातायात की समस्या उतनी ही जटिल होती जा रही है। नगर की जनसंख्या और यातायात समस्या परस्पर सम्बद्ध होते हैं। इस समय नगर में 66 प्रतिशत यातायात रेल गाड़ियों से होता है और 23 प्रतिशत बसों के द्वारा। रेलवे ही एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा जनता की यातायात की समस्या को हल किया जा सकता है। इस समय पश्चिमी रेलवे की एक घंटे में 20 स्थानीय गाड़ियाँ अधिक यातायात के समय चलती हैं तथा मध्य रेलवे की 16 गाड़ियाँ एक घंटे में चलती हैं। चर्चगेट और वी० टी० टर्मीनस पर रेलों के वापिस न आने के कारण कठिनाई उपस्थित होती है। इसलिये यह सुझाव दिया गया है कि चर्चगेट और वी० टी० टर्मीनसों को भूमिगत रेलवे से जोड़ दिया जाये। ऐसी ही व्यवस्था घाटकोपर और अंधेरी के बीच तथा मामखला और फ्लोरा फाउन्टेन के बीच ठीक रहेगी। इस प्रकार की व्यवस्था होने पर स्थानीय गाड़ियां 3 मिनट के अन्तर के बजाय 1 या 1½ मिनट के अन्तर पर छूटने लगेंगी।

बम्बई से गांवों तक गोबर की खाद भेजने के लिये राज सहायता प्राप्त दरों पर सुविधाएं दी जानी चाहिएं। उपनगरीय रेलगाड़ियों में विद्यार्थियों के लिये भी पृथक् डिब्बे होने चाहिये। मैं मंत्रियों से अनुरोध करूंगी कि वे मेरे साथ चल कर वहां की गाड़ियों की हालत देखें।

श्री क० ना० तिवारी (बेतिया) : उस समय तक सभी अधिकारी सतर्क हो जायेंगे।

श्रीमती तारा सप्रे: उन्हें वेश बदल कर यात्रा करनी चाहिये। मैं जनता से भी अनुरोध करूंगी कि वह रेलगाड़ियों को आग न लगाय ।

श्री द० रा० परमार (पाटन) : उपाध्यक्ष महोदय चूंकि रेलवे प्रशासन ने गुजरात राज्य में कुछ महत्वपूर्ण कार्य नहीं किये हैं इसलिये मैं ने सभा के विचारार्थ अपने कटौती प्रस्ताव रखे हैं । भावनगर-तारापुर लाइन, जसदन-राजकोट लाइन, नादिया-धोलका लाइन का निर्माण कार्य रेलवे को शीघ्र आरम्भ करना चाहिये क्योंकि गुजरात राज्य की जनता एक लम्बे समय से इसकी मांग कर रही है। भावनगर की वर्तमान प्रगति और भविष्य के विकास को ध्यान में रखते हुए भावनगर तारापुर रेलवे लाइन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होना चाहिये। इस लाइन पर कई लाख रुपये खर्च किये जा चुके हैं और परियोजना प्रतिवेदन भी तैयार हो गया है, फिर भी समझ में नहीं आता कि इस संबंध में कोई कार्यवाही क्यों नहीं की गई है। हमने जसदन-राजकोट लाइन की भी मांग की है। यदि इन दोनों स्थानों को मिला दिया जाये, तो अहमदाबाद और राजकोट के बीच सीधा और सब से छोटा मार्ग स्थापित हो जायेगा। बागडोड से भिलाड़ी की दूरी केवल 20 किलोमीटर की है। यदि इन दोनों स्थानों को रलवे लाइन द्वारा मिला दिया जाये, तो अहमदाबाद से दिल्ली तक एक सीधा समानान्तर मार्ग स्थापित हो जायेगा। इसके अतिरिक्त सैनिक दृष्टि से भी यह लाइन आवश्यक है।

माननीय मंत्री ने यह भी कहा है कि माल डिब्बों की मांग इनकी सप्लाई की अपेक्षा कम है। फिर क्या कारण है कि माल डिब्बे सरलता से उपलब्ध नहीं हैं और उन्हें प्राप्त करने में कठिनाई होती है। फसल के दिनों में गुजरात के उत्तरी भाग में लगभग 300 वैगन भार अनाज ऊंझा स्टेशन पर माल डिब्बे न मिलने के कारण पड़ा रहा था। अतः मेरा निवेदन है कि फसल के दिनों में गुजरात को पर्याप्त संख्या में माल डिब्बे दिए जाने चाहिएं।

स्थानीय जनता को सुविधा देने के लिये यह आवश्यक है कि शाहीबे और केयल के स्थानों पर फ्लैग स्टेशन स्थापित किये जायें। 21 जुलाई, 1967 को माननीय मंत्री ने इस सभा में कहा था कि पर्याप्त औचित्य न होने के कारण इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जा सकता। मैंने इस संबध में उनसे पूछा था कि उन्हें क्या ब्यौरा चाहिये। किन्तु पिछले पांच महीने से मुझे उनसे कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ है। कालोल के स्टेशन के दूसरी ओर 8,000 से भी अधिक की जनसंख्या है और रेलवे लाइन नगर के आबादी वाले भागों के बीच में है, एक ऊपरी पुल बनाने की आवश्यकता है। इस काम के लिए योजना और प्राक्कलन तैयार करने के लिये 1,410 रु० भी जमा कराये थे और इसके अतिरिक्त 1,190 रु० की अपेक्षित राशि भी दी थी। फिर भी इस मामले में अब तक कुछ नहीं किया गया है। समाचारपत्रों में एक समाचार प्रकाशित हुआ था कि गुजरात के मुख्य मंत्री ने कहा है कि उन्हें रेलवे मंत्री ने यह आश्वासन दिया है था कि छोटी रेलवे लाइन को उनकी सम्मति के बिना बन्द नहीं किया जायेगा। रेलवे मंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि उन्होंने ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया था। अब प्रश्न यह है कि हमें किसका विश्वास करना चाहिये। कालोल स्टेशन के उत्तरी सिरे पर सिगनल केबिन गलत जगह पर स्थित है और स्टेशन पर खड़े यात्री आने वाली गाड़ियों को नहीं देख पाते हैं। इसकी शीघ्र जांच होनी चाहिये। कालोल और अहमदाबाद के बीच गाड़ियों की गति तेज़ की जानी चाहिये। इससे व्यापारियों को काफी सुविधा होगी।

श्री दशरथ राम रेड्डी (कावली): मेरे जिले में ऐसे अनेक क्षेत्र हैं जो किसी भी रेलवे स्टेशन से 40 से 60 मील की दूरी पर स्थित हैं। इसी प्रकार से कड़पा जिले में भी अनेक गांव रेलवे स्टेशन से

लगभग 50 मील की दूरी पर स्थित हैं। माननीय रेलवे मंत्री से मेरा अनुरोध है कि वह इन क्षेत्रों तक रेल सुविधाएं बढ़ाने पर विचार करें।

मेरे राज्य में नहरों की सुविधा उपलब्ध होने से बड़े क्षेत्रों में खेती की जाने लगी है जिससे अनाज का उत्पादन काफी बढ़ गया है। इस अनाज को पास के जिलों में ले जाने के लिये कोई रेलवे लाइन नहीं है। इस संबंध में राज्य सरकार ने सिफारिश की था कि नागार्जुनसागर से काज़ीपेट और हैदराबाद को मिलाने वाली एक रेलवे लाइन बनाई जानी चाहिये।

श्री एस० एम० जोशी पीठासीन हुए ।

(Shri S.M. Joshi in the chair)

मेरे जिले में कालकीवाई वितरागुन्ता नाम का एक स्थान है जो एक बड़ा गांव है और जिसकी आबादी 5000 है। इसी प्रकार से कड़पा जिले में भी त्रैलीवेडू और बोराकरापल कोटा नाम के स्थान हैं जिन की आबादी पांच पांच हजार है। इन स्थानों के लोग यहां स्टेशन खोलने की मांग काफी समय से कर रहे हैं। ग्रामवासियों और छात्रों के लिये इन स्टेशनों का खोला जाना अत्यावश्यक है।

Shri O.P. Tyagi (Moradabad) : It is ironical that the III class passengers who contribute 75 to 80 percent to the Railway earnings are the most neglected ones. In most of the trains there are only one or two III class bogies and the rest Reserved bogies which are mainly used by the pass-holders of Railway Department or M.Ps. and they cancel their reservations at the eleventh hour. My suggestion is that change or cancellation of reservation should not be allowed unless another ticket is purchased. I do not grudge running of air-conditioned trains, but Janta Trains should also be run for III class passengers ; especially between Varanasi and Haridwar a daily passenger express should be run for the convenience of pilgrims.

As regards the goods transport, people do not like to despatch their goods by train, but by road transport. Railway transport is not safe and secure and moreover there is corruption in the Railway. From the figures given by the hon. Minister it is manifest that the earnings from the goods transport are sharply coming down. Proper arrangements should be made for the movement of fruit from Madhya Pradesh and Bombay to Delhi. At present the wagons are not made available in time as a result plenty of fruit goes waste. This matter should be looked into.

The hon. Minister has tried to show that the number of accidents in Railways are coming down. As a matter of fact the loss of life and property has progressively increased during the last three years. It does not behave the hon. Minister to draw a comparison between the road transport and the railway transport in the matter of accidents as the former has to run through congested areas.

It is heartening to note that a vigilance Department has been set up in the railways. but it is not a healthy practice to depute railway officials to this Department as they always try to shield each other. The staff to this Department should be recruited direct.

At a number of railway stations there are no goods sheds as a result the goods are spoilt due to exposure to sun and rain. In view of the increased responsibilities of the railway guard his pay should be enhanced and be should not be equated with drivers, commercial clerks etc. and he should also be provided with an assistant.

Shri A. S. Saigal (Bilaspur) : The Railway Protection Force and such other departments should be vested with more powers and administrative machinery tightened if matters are sought to be imporved in the Railway. The present Railway Board should be replaced by a Technical Board. The Ministry should exercise its full authority and not simply ditto what has been recommended by the Railway Board. The Railway is paying enormous amounts in the form of claims against it. If persons responsible for the loss are compelled to make good the loss, the amount of claims will be considerably reduced.

The number of theft cases in the first Second and Third class compartments in the Railways are increasing day by day. These thefts are committed with the help of police and railway employees. Necessary steps should be taken against some officers should be put in this job and they should see that these thefts may be checked.

The Railway Schools run by the Ministry are being run on the whims of the officer. It is not seen whether the teacher is capable to teach certain subject or not. The Department should see whether a teacher is capable to teach a certain subject or not.

The Ministry should look into the matter and the steps should be taken in this matter.

*श्री **दीवीकन** (कल्लाकुरिच्चि) : सम्भव है कि रेलवे ने पिछले वर्षों में कुछ प्रशंसनीय कार्य किये हों। लेकिन रेलवे विकास निधि में काफी कमी आ गई है। पिछले वर्ष उसमें से लगभग 37 करोड़ रुपया निकाला गया और उसमें केवल 3 करोड़ रुपया बाकी रह गया। इससे रेलवे के धूमिल चित्र का ज्ञान होता है।

मद्रास राज्य ने चौथी योजना के अन्तर्गत चेंगलपुट से चोनिया सेलम के बीच रेलवे लाइन के निर्माण को प्राथमिकता देने की सिफारिश की थी। इस लाइन पर यातायात का सर्वेक्षण किया जा चुका है। अत: इस लाइन के निर्माण कार्य में तेजी की जानी चाहिये। पहली तीन योजनाओं में तामिलैण्ड में केवल तीन नई रेलवे लाइनों का निर्माण किया गया है। जबकि मध्य प्रदेश में 8, उड़ीसा में और राजस्थान, महाराष्ट्र, बंगाल तथा आसाम में 8 लाइनों का निर्माण किया गया है।

मद्रास ऐगमोर और मद्रास सेन्ट्रल स्टेशन में रेल सम्पर्क स्थापित किया जाना चाहिये। दोनों ही रेलवे स्टेशन ऐसे स्थानों पर हैं जहां आगे प्रसार संभव नहीं।

विलिपुरम ताम्बरम लाइन पर रोशनी की व्यवस्था की जा चुकी है लेकिन गाड़ियां तेजी से जब तक नहीं चल सकतीं जब तक दोहरी रेलवे लाइन की व्यवस्था न हो। अत: दोहरी पटरी बिछाने की व्यवस्था की जानी चाहिये।

त्रियूकोइलूर स्टेशन पर यात्रियों के लिये शेड की शीघ्र व्यवस्था की जानी चाहिये।

मद्रास और ऐगमोर से चलने वाली गाड़ियों में और अधिक डिब्बे जोड़े जाने चाहियें।

मद्रास को जाने वाली जनता ऐक्सप्रेस की रफ्तार बढ़ाई जानी चाहिये। लोगों की कठिनाई को दूर करने के लिये अतिरिक्त गाड़ियां चलाई जानी चाहियें।

*कुछ शब्द तामिल में बोले।

रेलों में खान पान की व्यवस्था ठीक नहीं है। चीजों के मूल्य बहुत ऊंचे हैं तथा वह अच्छी किस्म की नहीं है।

यह कहा गया है कि और देशों की तुलना में हमारे देश में यात्री किराया बहुत कम है। ऐसा कहते समय इस बात पर भी ध्यान देना चाहिये कि उन देशों का स्तर क्या है, उन देशों की प्रति व्यक्ति आय कितनी है?

Dr. Mahadev Prasad : (Maharajganj) When the railway fares are being raised it is also necessary that proper attention should be paid to provide facilities to the passengers. Their difficulties have not been removed. There are not even light and water arrangements in the compartments. The administration is not doing all that is necessary to remove the difficulties and inconvenience to the passengers.

Either the Railway Ministry should be abolished or the Railway Board should be abolished. So that the direct responsibility may be fixed. There is a problem of overcrowding in trains. This situation will not improve unless more trains are introduced.

The railway employees are not happy with the conditions of their work. The subordinate staff is not being treated well. Their seniority is not maintained and their promotions are not made according to the set procedure. As a result there is a feeling of discontent amongst the railway employees.

Proper attention is not paid to the health and welfare of the railway employees.

Railway hospital should be opened at places where a large number of railway employees may utilise it.

Nautana station should be electrified.

Chainpulling in the trains should be stopped. Strict arrangements should be made to check it.

It is good that a proposal to make a halt station between Maniram and Piplgang station is being considered.

The Railway Administration is considering to close uneconomic lines, but attention should also be paid to open new lines in the regions where they can prove beneficial.

There is no platform at the Anandnagar junction. A platform should be constructed there.

There are many causes for the losses in the railways, but the main cause is that the railway workshops are not working according to their capacity. A committee should be formulated to investigate the capacity of the railway factories.

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): The railway fares are continuously increasing for the last two, or three years. There is over-crowding in every train. Inspite of it, these are losses in the railways. It appears as if there is something wrong in the railway administration, otherwise under the present circumstances there is hardly any possibility of losses in the railways.

The cases of theft are increasing Although there is Railway Protection Force, yet the thefts are increasing. It is, therefore, proper if an enquiry committee is set up to find out the causes of thefts and losses, and the responsibility may be fixed upon.

Proper investigation should be made in this matter.

[Shri S. M. Banerjee]

The railway employees have been demanding to appoint a wage Board for them. Their demand is proper and should be met.

As regards the casual labour, the policy should be that whosoever put in more than one year's service, should be regularised. Casual labour is not being absorbed on regular basis and as a result there is discentment amongst them. It is, therefore, necessary to take some steps in this regard.

It has been said that no retrenchment will be made as a result of automation. It is so, how is it necessary ?

All the employees in the railways are against automation.

9	558	श्री किरूतिनन	दक्षिण रेलवे में पूर्व-मनामदुरै पर स्टेशन की स्थायी इमारत बनाने की आवश्यकता ।	राशि घटाकर 1 रुपया कर दी जाये ।
9	563	श्री पी० विश्वम्भरन	तीसरे दर्जे के यात्री-किराये में वृद्धि ।	राशि घटाकर 1 रुपया कर दी जाये ।
9	564	श्री किरूतिनन	मद्रास-तिरुवेन्द्रम, मद्रास-कोचीन तथा मद्रास-मंगलूर के बीच चलने वाली गाड़ियों में नए डिब्बे लगाने की आवश्यकता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
10	569	श्री किरूतिनन	दक्षिण रेलवे में मनादुरै में एक महिला डाक्टर नियुक्त करने में असफलता ।	100 रुपये
10	570	श्री किरूतिनन	दक्षिण रेलवे में मनामदुरै पर कर्मचारियों के लिये आवास-सुविधाओं की व्यवस्था करने में असफलता ।	100 रुपये
14	572	श्री किरूतिनन	मद्रास राज्य में तिरुनेलवेलि से कन्याकुमारी तक नई रेलवे लाईन बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	573	श्री किरूतिनन	मद्रास राज्य में मानामदुरै से तूतीकोरिन तक एक नई रेलवे लाईन बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	574	श्री किरूतिनन	पामगन से धनुषकोडि तक उखाड़ी गई रेलवे लाईन को पुनः बिछाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	575	श्री पी० विश्वम्भरन	तिरुवेन्द्रम से कन्याकुमारी तक एक नई रेलवे लाईन बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	576	श्री पी० विश्वम्भरन	एरणाकुलम से तिरुवेन्द्रम के बीच मीटर गेज लाईन को बड़ी लाईन में बदलने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	577	श्री किरूतिनन	कुछ विद्यमान रेल मार्गों को अलाभकारी होने के नाम पर उखाड़ने के प्रस्ताव को वापस लेने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	578	श्री किरूतिनन	नेडुनगुलम, दक्षिण रेलवे, के स्टेशन को पुनः खोलने की आवश्यकता ।	100 रुपये
4	596	श्री पी० श्रीकांतन नायर	दक्षिण रेलवे की शेंकोटा-त्रिवेन्द्रम सैक्शन पर प्लेटफार्मों पर छत बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
			ताकि यात्रियों का, विशेषकर वर्षा से, बचाव हो सके ।	
4	597	श्री नम्बियार	जिन कर्मचारियों ने दक्षिण मध्य रेलवे से दक्षिण रेलवे में जाने की इच्छा प्रकट की थी उन्हें उनको पूर्ववत दिये गये वचन के अनुसार वहां स्थानांतरित करने में असफलता ।	100 रुपये
4	598	श्री नम्बियार	जिन कर्मचारियों को रात्रि में काम करना पड़ता है उन सबको, इस बात का ध्यान न करते हुए कि उन्हें रात्रि में लगातार काम करना पड़ता है अथवा बीच-बीच में, रात की ड्यूटी का भत्ता देने की आवश्यकता ।	100 रुपये
4	599	श्री नम्बियार	कोटा (पश्चिम रेलवे) में डिवीजनल सुपरिंटेंडेंट के कार्यालय में कार्य की अस्त-व्यस्त दशा जिसके अनुसार उक्त डिवीजन में समय-समय पर असंतोष पैदा हो जाता है ।	100 रुपये
4	600	श्री नम्बियार	नागापट्टिनम (दक्षिण रेलवे) में रेलवे के सामान को अनुचित रूप से क्रमबद्ध प्रणाली से दूसरे स्थान पर ले जाना जिस से कि कर्मचारियों के लिये संचालन सम्बन्धी तथा अन्य कठिनाइयां पैदा होती हैं ।	100 रुपये
5	601	श्री नी० श्रीकान्तन नायर	क्विलोन (दक्षिण रेलवे) में "लोको-शेड" में कर्मचारियों को शौचालयों, कैंटीन तथा हाथ आदि धोने सम्बन्धी उचित सुविधायें देने में भी असफलता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
5	603	श्री नम्बियार	वेतन लेने से पहले इंजीनियरी गैंगमैनों तथा दूसरे व्यक्तियों को वेतन-विवरणी पर हस्ताक्षर करने की अनुमति न देने तथा पढ़े लिखे व्यक्तियों के भी अंगूठे के निशान लेना जारी रखने की पुरानी प्रणाली को समाप्त करना ।	100 रुपये
5	604	श्री नम्बियार	इंजीनियरी विभाग के कार्मिकों को वेतन स्लिपें देने के आवश्यकता ताकि उन्हें यह पता लग सके कि उनके वेतन से वेतन विवरणी में वास्तव में कितनी कटौती दिखाई गई है ।	100 रुपये
5	605	श्री नम्बियार	रेलवे लाइन पर रात्रि को गश्त लगाने के लिए दो व्यक्तियों की मंजूरी देने की आवश्यकता ताकि रेल मार्ग की रक्षा की जा सके ।	100 रुपये
5	606	श्री नम्बियार	उन कार्मिकों को, जिन्होंने गोल्डन राक (दक्षिण रेलवे) कालोनी में पूर्व अनुमति से क्वार्टर खाली किये थे, मकान के किराये में बकाया राशि देने में अनुचित विलम्ब ।	100 रुपये
5	607	श्री नम्बियार	दक्षिण रेलवे के गोल्डन राक तथा पेरम्बूर वर्कशाप तथा लोको-शेडों में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को पदोन्नति देने की आवश्यकता ।	100 रुपये
5	608	श्री नी० कान्तन नायर	रेलवे कमर्शियल क्लर्कों के कार्य-भार पदोन्नति काम के घंटे निवास-स्थान तथा अंधाधुंध स्थानान्तरण के बारे में शिकायतें दूर करने की आवश्यकता ।	100 रूपये.

1	2	3	4	5.
5	609	श्री नी० कान्तननायर	दक्षिण रेलवे की डिवीजन सैक्शन में उन इंजीनियरी गैंगमैनों की सेवायें नियमित करने की आवश्यकता जिन्हें अनेक वर्षों से नैमत्तिक श्रमिक के रूप में रखा गया है ।	100 रुपये
5	610	श्री श्रीनिवास मिश्र	"सैक्शन कंट्रोलरों" के दो पदक्रमों को मिलाकर एक करने के बारे में दूसरे वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने में असफलता ।	100 रुपये
5	611	श्री श्रीनिवास मिश्र	वेतन-मानों तथा पदक्रमों के बारे में नियंत्रण संगठन के कर्मचारियों के साथ किया गया भेद-भाव ।	100 रुपये
5	612	श्री श्रीनिवास मिश्र	नियन्त्रण संगठन के कर्मचारियों को समुचित प्रोत्साहन तथा पदोन्नति के उचित अवसर देने में भी असफलता ।	100 रुपये
5	613	श्री नम्बियार	दक्षिण रेलवे के कोचीन तेल शोधक कारखाने की रेलवे साइडिंग पर "वर्कर्स स्पेशल" पुनः चलाने तथा इरिम्पानम पर पीने के पानी की व्यवस्था करने की आवश्यकता ।	100 रुपये
5	614	श्री नम्बियार	दक्षिण रेलवे में थिरुवन्नामलई के रेलवे औषधालय को वहीं पर बनाये रखने की आवश्यकता ।	100 रुपये
1	617	श्री रामावतार शास्त्री	रेलवे बोर्ड को समाप्त करने की आवश्यकता ।	43,00,000 रुपये
1	618	श्री रामावतार शास्त्री	बजट का घाटा करने के लिए अधिकारियों का वेतन अधिक से अधिक एक हजार रुपये निश्चित करने की आवश्यकता ।	1,00,00,000 रुपये

1	2	3	4	5
1	619	श्री रामावतार शास्त्री	वातानुकूलित गाड़ियों को हटाने की आवश्यकता ।	1,00,00,000 रुपये
1	620	श्री रामावतार शास्त्री	सैलूनों की समाप्ति की आवश्यकता	1,00,00,000 रुपये
1	621	श्री रामावतार शास्त्री	अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति बन्द करने की आवश्यकता ।	1,00,00,000 रुपये
1	622	श्री रामावतार शास्त्री	उच्च अधिकारियों की संख्या कम करने की आवश्यकता ।	1,00,00,000 रुपये
1	623	श्री रामावतार शास्त्री	भारतीय रेलवे लोकोमैकेनिकल कर्मचारी संस्था की शिकायतें दूर करने में असफलता ।	100 रुपये
1	624	श्री रामावतार शास्त्री	रेलवे कार्यालय कर्मचारियों की शिकायतें दूर करने में असफलता ।	100 रुपये
1	625	श्री रामावतार शास्त्री	रेलवे परिचालन कर्मचारियों की शिकायतें दूर करने में असफलता ।	100 रुपये
1	626	श्री रामावतार शास्त्री	रेलवे टिकट निरीक्षकों को परिचालन कर्मचारी मानने की आवश्यकता ।	100 रुपये
1	627	श्री रामावतार शास्त्री	यात्री किराये में मनमाने ढंग से वृद्धि	100 रुपये
1	628	श्री रामावतार शास्त्री	तीसरे दर्जे के शयनयानों की यात्रा के लिए प्रति यात्री चार रुपये की वृद्धि ।	100 रुपये
1	629	श्री रामावतार शास्त्री	1966 में लक्खीसराय रेल दुर्घटना की जाँच करने के लिए नियुक्त की गई जाँच समिति की सिफारिशें लागू करने में असफलता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
1	638	श्री कंवर लाल गुप्त	यात्रियों की संख्या बढ़ जाने के परिणामस्वरूप तथा पुराने डिब्बों को बदलने के लिए नये डिब्बे बनाने में असफलता ।	100 रुपये
1	639	श्री कंवर लाल गुप्त	विदेशों से लिये गये ऋणों से इंजन बनाने में असफलता ।	100 रुपये
1	640	श्री कंवर लाल गुप्त	दिल्ली में रिंग रेलवे का निर्माण समय पर पूरा करने में असफलता ।	100 रुपये
1	641	श्री कंवर लाल गुप्त	दिल्ली में शीघ्रातिशीघ्र भूमिगत रेलवे बनाने में असफलता ।	100 रुपये
1	642	श्री कंवर लाल गुप्त	दिल्ली में सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को अधिक सुविधायें देने में असफलता ।	100 रुपये
1	643	श्री कंवर लाल गुप्त	शक्ति नगर सराय रोहिल्ला, पटेल नगर, और सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली के स्थानों पर ऊपरि पुल बनाने में असफलता।	100 रुपये
1	644	श्री कंवर लाल गुप्त	दिल्ली के आस पास विशेषकर शक्ति नगर में हाल्ट स्टेशन बनाने में असफलता ।	100 रुपये
1	645	श्री कंवर लाल गुप्त	अक्टूबर, 1968 तक दिल्ली से कलकत्ता तक तेज रफ्तार वाली गाड़ी चलाने मे असफलता ।	100 रुपये
2	649	श्री रामावतार शास्त्री	भागलपुर मन्दार रेलव लाइन को हानि के नाम पर बन्द करने की नीति का परित्याग करने की आवश्यकता ।	राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय ।

1	2	3	4	5
2	650	श्री रामावतार शास्त्री	रेलवे में स्वचालित मशीनों की व्यवस्था समाप्त करने की आवश्यकता ।	राशि घटा कर एक रुपया कर दी जाय ।
4	657	श्री रामावतार शास्त्री	दिल्ली से कलकत्ता तक मुख्य लाइन पर शीघ्रतम गति वाली रेल गाड़ी चलाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
4	658	श्री रामावतार शास्त्री	गुलजारबाग स्टेशन पर जनता गाड़ियों को रोकने की आवश्यकता ।	100 रुपये
4	659	श्री रामावतार शास्त्री	लोकोमैकेनिकल स्टाफ के कार्य-भार की जांच के लिए उच्च शक्ति प्राप्त समिति की नियुक्ति की आवश्यकता ।	100 रुपये
4	660	श्री रामावतार शास्त्री	रेलवे के गैंगमैनों की संभावित छटनी से रक्षा की आवश्यकता ।	100 रुपये
5	661	श्री रामावतार शास्त्री	स्थानापन्न कर्मचारियों की सेवा को नियमित करने में असफलता ।	100 रुपये
14	671	श्री जोगेश्वर यादव	करतल, नरेनी, अरत्रा, बवेरिया तथा राजापुर के लिये नई लाइन बनाने तथा उसे मध्य रेलवे के बरगढ़ स्टेशन से मिलाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	672	श्री जोगेश्वर यादव	मध्य रेलवे में झांसी, मनीपुर लाइन को हरपालपुर खजुराहो के रास्ते नई लाइन बना कर करतल नरेनी, अरतरा बवेरिया, कमासेन, राजापुर तथा बरगढ़ स्टेशन से मिलाने की आवश्यकता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
14	673	श्री जोगेश्वर यादव	खजुराहो को रेल द्वारा मिलाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	674	श्री रामावतार शास्त्री	पूर्व रेलवे के पटना-गया मार्ग को दोहरा बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	675	श्री रामावतार शास्त्री	बाहटा से बरास्ता विक्रम-पालीगंज अरवल तथा जहानाबाद, राजगृह तक नई रेलवे लाइन बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	676	श्री रामावतार शास्त्री	उत्तर बिहार में बड़ी लाइन का विस्तार करने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	677	श्री रामावतार शास्त्री	राजगृह तथा गया के बीच नई लाइने बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	678	श्री रामावतार शास्त्री	फतुया-इसलामपुर लाइट रेलवे छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने की आवश्यकता ।	100 रुपये
14	679	श्री रामावतार शास्त्री	छोटा नागपुर में औद्योगिक विकास की गति तेज करने के लिए वहाँ एक नई रेलवे लाइन बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	689	श्री रामावतार शास्त्री	गुलजारबाग स्टेशन के विस्तार की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	690	श्री रामावतार शास्त्री	गुलजारबाग स्टेशन के दोनों ओर शैड बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	691	श्री रामावतार शास्त्री	पटना शहर स्टेशन (पूर्व रेलवे) के भूमिगत पुल को चौड़ा करने तथा उसका स्तर ऊंचा करने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	692	श्री रामावतार शास्त्री	स्टेशनों पर शौचालयों तथा पीने के पानी के बारे में अच्छे प्रबन्ध किये जाने की आवश्यकता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
15	693	श्री रामावतार शास्त्री	लक्खीसराय स्टेशन को पश्चिम की ओर ले जाने की आवश्यकता	100 रुपये
15	694	श्री रामावतार शास्त्री	लक्खीसराय स्टेशन पर उसके पश्चिम की ओर एक अतिरिक्त ऊपरि पुल बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	695	श्री रामावतार शास्त्री	लक्खीसराय स्टेशन का पूर्ण-रूपेण स्टेशन के रूप में विकास किये जाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	696	श्री रामावतार शास्त्री	लक्खीसराय स्टेशन पर एक स्टेशन मास्टर नियुक्त किये जाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	697	श्री रामावतार शास्त्री	लक्खीसराय स्टेशन पर स्थायी तौर पर लाउडस्पीकर का प्रबन्ध करने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	698	श्री रामावतार शास्त्री	जमालपुर स्टेशन पर शौचालयों की सफाई की ओर ध्यान देने में असफलता ।	100 रुपये
15	699	श्री रामावतार शास्त्री	किऊल स्टेशन पर प्रतीक्षालयों के शौचालयों में पानी की पर्याप्त सप्लाई का प्रबन्ध करने में असफलता ।	100 रुपये
15	700	श्री रामावतार शास्त्री	दानापुर (पूर्व रेलवे) में कर्मचारियों के लिये अधिक क्वाटर बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	701	श्री रामावतार शास्त्री	पूर्व रेलवे में वीहटा स्टेशन के प्रथम श्रेणी के प्रतीक्षालय में कुर्सियों की कमी को दूर करने की आवश्यकता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
15	702	श्री रामावतार शास्त्री	वीहटा स्टेशन के विस्तार की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	703	श्री रामावतार शास्त्री	वीहटा स्टेशन की गुमटी के पास ऊपरि पुल बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	704	श्री रामावतार शास्त्री	पूर्व रेलवे के शादीसोपुर स्टेशन पर शेड बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	705	श्री रामावतार शास्त्री	पटना शहर स्टेशन का नाम बदल कर पटना साहब स्टेशन रखने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	706	श्री रामावतार शास्त्री	पटना जंकशन का नाम बदल कर पाटलीपुत्र जंकशन रखने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	707	श्री रामावतार शास्त्री	दानापुर रेलवे स्टेशन पर पश्चिम की ओर एक और ऊपरि पुल बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	708	श्री रामावतार शास्त्री	पटना—गया लाइन पर तरेगना स्टेशन पर शेड को बढ़ाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	709	श्री रामावतार शास्त्री	तरेगना स्टेशन पर महिलाओं के लिये एक पृथक प्रतीक्षालय कक्ष की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	710	श्री रामावतार शास्त्री	तरेगना स्टेशन की टिकट घर के ऊपर वाले छज्जे को बढ़ाये जाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	711	श्री रामावतार शास्त्री	तरेगना स्टेशन के पूर्वी प्लेटफार्म पर पेय जल के लिये नल की व्यवस्था की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	712	श्री रामावतार शास्त्री	पटना में मीठापुर केबिन पर पुल बनाये जाने की आवश्यकता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
15	713	श्री रामावतार शास्त्री	दानापुर रेलवे कालोनी को स्वच्छ रखने में असफलता ।	100 रुपये
15	714	श्री रामावतार शास्त्री	दानापुर रेलवे कालोनी के स्कूल की इमारत को बढ़ाया जाना ।	100 रुपये
15	715	श्री रामावतार शास्त्री	पेंशन की राशि को बढ़ाये जाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	716	श्री रामावतार शास्त्री	पेंशनों के भुगतान में विलम्ब को दूर करने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	717	श्री रामावतार शास्त्री	पेंशन पाने वालों के बच्चों के प्रवेश के लिये विशेष सुविधायें दिये जाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
1	718	श्री सी० मुत्तुस्वामी	करूर–डिण्डिगुल बड़ी लाइन को थाडीकोम्बू–बेडासंदूर, पाला-पट्टी और अर्वाकुरिचि के रास्ते मिलाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
2	719	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	1947 में किये गये सर्वेक्षण के पश्चात् तालचेर में हुए नये विकास-कार्य को ध्यान में रखते हुए तालचेर–विमलागढ़ रेल मार्ग का व्यवहार-एवं-लागत अध्ययन करने में असफलता ।	100 रुपये
7	720	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	ईंधन तथा अन्य प्रकार के सामान को संभाल कर रखने के लिये जोरदार प्रयत्न करने में असफलता ।	100 रुपये
8	721	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	माल की हो रही हानि और क्षति को कम करने के लिये जोर-दार प्रयत्न करने में असफलता ।	100 रुपये
9	722	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	रेलवे प्रशासन द्वारा संचालन व्यय में अधिकतम मितव्ययता बर-तने में असफलता ।	100 रुपये
9	723	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	रेल-फाटकों (लैवल–क्रासिंग) पर दुर्घटनाएं रोकने के लिये कार्य-वाही करने में असफलता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
11	724	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	दक्षिण-पूर्व रेलवे के खुर्दा रोड तथा आसनसोल डिवीजनों में बिना टिकट यात्रा रोकने में असफलता ।	100 रुपये
11	725	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	रेलवे के लिये अधिक माल यातायात प्राप्त करने और परिवहन के अन्य साधनों की ओर माल यातायात को जाने से रोकने में असफलता ।	100 रुपये
12	726	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	समस्त देश में माल यातायात और राजस्व में वृद्धि रुक जाना ।	100 रुपये
14	727	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	उड़ीसा में दक्षिण पूर्व रेलवे की विद्यमान लाइनों को दुहरा बनाने और नई लाइनें बनाने में असफलता ।	100 रुपये
14	728	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	प्रदीप बन्दरगाह को उड़ीसा, बिहार और मध्य प्रदेश के पृष्ठ प्रदेशों से जोड़ने में असफलता, जिससे कि बन्दरगाह की कार्यक्षमता तथा उसके महत्व पर प्रभाव पड़ रहा है ।	100 रुपये
14	729	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	दक्षिण रेलवे में बालासोर से खुर्दा रोड तक की लाइन पर और तालचेर से कटक तक की रेलवे लाइन पर बिजली लगाने में असफलता ।	100 रुपये
14	730	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	अकाल से बुरी तरह प्रभावित और खनिज बाहुल्य वाले पश्चिम उड़ीसा के क्षेत्र में दक्षिण-पूर्व रेलवे की मौजूदा कलकत्ता–मद्रास बड़ी लाइन से मिलाने वाले संचार साधनों में सुधार करने में असफलता ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
14	731	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	दक्षिण-पूर्व रेलवे में उड़ीसा में कोरापुर, जिले के अम्बागुडा से कालाहाड़ी जिले के केसींगा तक रेलवे लाइन के निर्माण का उल्लेख न करना ।	100 रुपये
14	732	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	दक्षिण-पूर्व रेलवे में उड़ीसा के ढेंकनाल जिले में तालचेर से सुन्दरगढ़ जिले में विमलागढ़ तक रेलवे लाइन बनाने का उल्लेख करने में असफलता ।	100 रुपये
14	733	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	दक्षिण-पूर्व रेलवे में उड़ीसा के ढेंकनाल जिले में तालचेर से सम्बलपुर जिले में सम्बलपुर तक रेलवे लाइन बनाने का उल्लेख करने में असफलता ।	100 रुपये
15	734	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	दक्षिण-पूर्व रेलवे में केसिंगा, झारसुगुडा, सम्बलपुर, भेरामन्दोली तथा निर्गुन्डी स्टेशनों पर ऊपरी अथवा निचले पुलों की व्यवस्था करने में असफलता ।	100 रुपये
15	735	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	दक्षिण-पूर्व रेलवे में झारसूगुडा तथा सम्बलपुर रोड स्टेशनों के प्लैटफार्मों पर यात्रियों के लिये ऊपरी पुल बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
15	736	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	डाउन पैसेंजर तथा एक्सप्रेस गाड़ियों को भिन्न भिन्न स्थानों पर रोकने की व्यवस्था करने में दक्षिण-पूर्व रेलवे की भेदभावपूर्ण उपेक्षा तथा यात्री डिब्बों की अपर्याप्तता जिसके परिणामस्वरूप दक्षिण-पश्चिमी उड़ीसा की जनता को भारी असुविधा होती है ।	100 रुपये

1	2	3	4	5
15	737	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	उड़ीसा क्षेत्र के अन्दर दक्षिण-पूर्व रेलवे में समेकित सेवा की व्यवस्था करने में असफलता ।	100 रुपये
15	738	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	उड़ीसा क्षेत्र के अन्दर दक्षिण-पूर्व रेलवे में सुपर एक्सप्रेस माल गाड़ियां चलाने में असफलता ।	100 रुपये
15	739	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	अलाभप्रद शाखा लाइनों को परीक्षण के आधार पर सचालन के लिये गैर-सरकारी क्षेत्र को सौंपे जाने में असफलता ।	100 रुपये
15	740	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	पर्यटकों के देखने योग्य स्थानों को जाने वाली शाखा लाइनों को बन्द करने का विचार जिसके परिणामस्वरूप पर्यटक यातायात में रुकावट पड़ेगी और देश में विदेशी मुद्रा की आय पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा ।	100 रुपये
15	741	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	यात्रियों के लिये पर्याप्त सुविधाओं की व्यवस्था किये बिना यात्री-टिकटों पर अति-भार बढ़ाने का विचार ।	100 रुपये
15	742	श्री धीरेन्द्र नाथ देव	राउरकेला से खड़गपुर, कटक तथा भुवनेश्वर होते हुए पुरी तक एक एक्सप्रेस गाड़ी चलाने में असफलता ।	100 रुपये

श्री लोलाधर कटकी (नवगाँव) : हमारे लिये यह बड़ी चिन्ता की बात है कि वर्ष 1966–67 से लेकर रेलवे को प्रतिवर्ष लगभग 20 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। इस घाटे को पूरा करने के लिये मंत्री महोदय ने पहले की तरह अब भी किराये भाड़े में वृद्धि कर दी है। परन्तु प्रश्न यह है कि क्या इस कार्यवाही से रेलवे की अर्थ-व्यवस्था की त्रुटियाँ ठीक हो जायेंगी। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या रेलवे बजट और अर्थ-व्यवस्था के सम्बन्ध में योजना आयोग की परिवहन समिति की सिफ़ारिशों पर कोई कार्यवाही की गयी है? मेरे विचार में इस सारी समस्या की अच्छी प्रकार से छानबीन करने लिये विशेषज्ञों की एक उच्चशक्ति प्राप्त समिति बनायी जानी चाहिये।

इस घाटे के बावजूद मंत्री महोदय को अनिवार्य वस्तुओं के यातायात पर किराये भाड़े में वृद्धि के सम्बन्ध में गम्भीरतापूर्वक विचार करने चाहिये। रेलवे सार्वजनिक उपयोग की सेवा है और उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि वह जनता को किस प्रकार राहत दे सकते हैं। इस सम्बन्ध में मैं यह पूछना चाहता हूं कि तीसरे दर्जे की स्लीपर बर्थ के बारे में क्या राहत दे रहे हैं।

मैं मंत्री महोदय का ध्यान गोहाटी में भारतीय रेलवे कर्मचारियों के राष्ट्रीय संघ के ग्यारहवें सम्मेलन में पास किये गये विभिन्न प्रस्तावों की ओर दिलाना चाहता हूं। इन प्रस्तावों में एक रेलवे के बजट और अर्थव्यवस्था के सम्बन्ध में था और दूसरा महंगाई भत्ते के सम्बन्ध में था। मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूं कि वह अपने उत्तर में इन प्रस्तावों के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही पर प्रकाश डालें।

रेलवे के कर्मचारियों के सम्बन्ध में अनिवार्य सेवा निवृत्ति की योजना से रेलवे की कार्यकुशलता पर बुरा प्रभाव पड़ा है। मंत्री महोदय को यह आश्वासन देना चाहिये कि वह अनिवार्य सेवा निवृत्ति के तरीके को नहीं अपनायेंगे विशेषकर जब अकुशल कर्मचारियों पर कार्यवाही करने के लिये अन्य साधन उपलब्ध हैं। मंत्री महोदय को रेलवे कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्टों के मामले की ओर भी ध्यान देना चाहिये जिससे अनजान व्यक्तियों को कोई नुक्सान न पहुंचाया जा सके। उत्तरपूर्व सीमा रेलवे सामरिक महत्व के क्षेत्र में स्थित है। वहाँ पर विद्रोहियों तथा अन्य राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा तोड़-फोड़ की कार्यवाही का ख़तरा बना हुआ है। इसलिये मैं यह अनुरोध करता हूं कि सिलिगुरी और अलीपुरद्वार सेक्शनों पर भी सुरक्षा के उपाय किये जाने चाहिये।

मालेगाँव, पाँडू और गोहाटी में रेलवे क्वाटरों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। अतः इस सम्बन्ध में कुछ ठोस कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

जोगीफोया से गोहाटी तक और फिर तिनसूकिया तक बड़ी लाईन का विस्तार किया जाना चाहिये। इस सम्बन्ध में प्रतिरक्षा के दृष्टिकोण से विचार करना चाहिये। इन शब्दों के साथ रेलवे के अनुदानों की माँगों का मैं समर्थन करता हूं।

Shri Gunanand Thakur (Saharsa): It has been observed for the last three years that deficit budget is being presented. Government should try to give relief to the public.

I would like to say that Supaul-Pratapganj railway is very important line from strategic point of view. Saharsa is a backward area of Bihar State. Bihar State Government have also seen their recommendations for the construction of this railway line. I want to say that backward areas should not be ignored like this. We have demanded an overbridge at Saharsa but no action has been taken. Moreover development of rural areas are being ignored. There are lack of faciltlities of drinking water electricity and waiting rooms. Government should look into this matter. When taxes are imposed on the public and railway fare and freight charges are also increased, they should be provided with facilities also.

There is no security arrangement on narrow gauge and branch lines. The conditions of stations on these lines are deplorable. There should be halt stations at a distance of every five miles. It will provide the facilities to the public and revenues of Railways will also be increased. Security Police should be posted in these trains which will ensure safety of passengers as well as railway goods.

[Shri Gunanand Thakur]

At present there is no express train in our area. These should be atleast one express train which should go to Assam and Katihar *via* Saharsa. Moreover Darbhanga—Samastipur railway line should be converted into broadgauge line and in ca se the same is extended upto Sonpur, it will benefit the people of North Bihar.

Shri Mudrika Sinha (Aurangabad): I would like to say that even construction suggestions made by Members of Parliament are being rejected by the bureacracy of Railways. We get stereotype replies to our suggestions from the Railway Administration. It seems that members of Railway Board are all powerful and they do not listen to the hon'ble Minister.

In fact our suggestions should be considered on merits and if they are found to be correct and reasonable, the hon'ble Minister should get them implemented.

Deficit budget of Railways has become a recurring feature. In order to meet this deficit railway fare and freight charges are increased every year. Government should give serious thought to put an end to this recurring feature. In my opinion misman agement of Railway administrations, pilferage, confusion and complete anarchy are mainly responsible for this recurring deficit. The Railways have to give huge amount of compensation for the damage to the goods during the course of transit. On one hand there is overcrowding in the trains but on the other hand the revenues are not in conformity with the rush. There are certain honest officers in the Intelligence Branch of Railways but they have been degraded and removed from their present place of posting.

There has been a Patna—Gaya-Dehri line. This train used to steam off from Patna and reach Dehri *via* Gaya. This line was very useful for the inhabitants of these areas. I would suggest that either this railway line should be restored or I suggest that there is a train remaining from Dehri to Gaya and back. This train should be extended to Patna. At present there is no train from Patna to Gaya from 11·00 A.M. to 5 P.M. and if that train could be started from Patna at about 3 .00 it would be very convenient for the people of this area. Moreover the level of platform of Nabinagar Railway Station should be raised. We have already requested for it but Railways have not paid any attention towards our request.

I had also written to improve upon the approach road at Godaru Station but no action has been taken in that respect.

Shri Onkar Lal Berwa (Kota): Railways have increased fares but passengers have not been given the facilities corresponding to increase in the fares. Railway Board is all powerful. They do not pay any attention to petty matter. I want to give certain suggestion regarding deficit budget of Railways. For instance there are 2000 saloons of Railways. If half of them are kept reserved for Railways and rest of them are given on hire. It will add to the revenue of Railways. The second suggestion is that number of passes should be reduced from 6 to 3, it will also fetch additional income of Rs. 9 crores. It has also been observed that auction of old and broken bogies are not properly organised. These petty matters must be looked into if we want to increase the income of Railways. The catering staff of Railways is also notorious for corruption and this contributes to the losses of Railways.

A large amount of money was spent on the survey of Kotah—Chittorgarh line but it has not come up till now. A railway line from Kotah to Bundi should be constructed. It will provide sufficient revenues to Railways but no attention has been paid towards this.

It would be appreciated if narraw gauge line of swai Madhopure is converted into broad gauge line. It will also reduce the expenditure on staff.

The security arrangement is also very poor. The bogies which are disconnected from trains are pluced in the loco sheds for hours together. I want to say that proper seecurity arrangements should be made.

It has been observed that Guards and commercial clerks have to work in odd conditions. They should be given all the facilities to perform their duties efficiently. There is discrimination in the supply of liveries to Railway employees, which should be removed. This discriminations has resulted in heart burning unnecessarily. Moreover the uniform of ticket checkers is not proper as they just look to be post-men in their present khaki Uniforms. They should be supplied with a suitable Uniforms.

There is only one conductor Guard in Dehradun Express. Thsere should be more conductor Guards in this train.

No accommodation is reserved for Members of Parliament in the De-Luxe train which starts from Delhi. I want to suggest that seats should be reserved for the Members of Parliament during the course of Session as well. I would also suggest that Parcel Express should be extended to Delhi and a Conncection be provided for Jaipure.

The cases of corruption should be thoroughly investigated. some of the casual labourers and members of their families are suffering from T.B. and they seek the transfer but the concerned officers do not alow their transfer. Such cases should be looked into and officers should not harass them.

जम्मु तथा काश्मीर लोक प्रतिनिधित्व (अनुपूरक) विधेयक—जारी

Jammu and Kashmir Represantation of the People (Supplementary) Bill--Cont.

श्री श्रीनिवास मिश्र (कटक) : संविधान के अनुच्छेद 327 के अन्तर्गत चुनावों के सम्बन्ध में कानून बनाने के अधिकार संसद् को दिये गये हैं परन्तु अनुच्छेद 370 के अधीन यह अनुच्छेद जम्मू तथा काश्मीर पर लागू नहीं होता। अब मंत्री महोदय ने संघ की सूची में प्रविष्टि 72 को सम्मिलित करने के लिये राष्ट्रपति का आदेश प्रस्तुत किया है। परन्तु जब तक राष्ट्रपति के आदेश में, जिसके द्वारा प्रविष्टि 72 की प्रयुक्ति का संशोधन किया गया है, अनुच्छेद 327 का उल्लेख है तब तक सभा को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम को जम्मू तथा काश्मीर पर लागू करने का अधिकार नहीं है। यदि जम्मू तथा काश्मीर सम्बन्धी राष्ट्रपति के आदेश को लागू किया जाना है तो उसके लिये अनुच्छेद 327 में संशोधन किया जाना आवश्यक है।

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मु० यूनस सलीम) : श्री मिश्रा ने संविधान के अनुच्छेद 327 के आधार पर आपत्ति उठाई है। माननीय सदस्य यह समझते हैं कि कानून बनाने के लिये संसद को अनुच्छेद 327 के अन्तर्गत अधिकार दिये गये हैं। वास्तव में अनुच्छेद 246 के अन्तर्गत यह शक्तियाँ दी गयी हैं। अतः अनुच्छेद 327 लागू नहीं होता।

उपाध्यक्ष महोदय : मूल बात यह है कि अनुच्छेद 327 का हवाला दिये बिना क्या आप राष्ट्रपति के आदेश द्वारा इसमें संशोधन कर सकते हैं?

श्री मु० यूनस सलीम : मैं अभी इस बात को स्पष्ट करने जा रहा हूं।

अनुच्छेद 246 में कहा गया है कि "खण्ड (2) और (3) में किसी बात के होते हुए भी संसद् को सप्तम अनुसूची की सूची (1) में जो इस संविधान में "संघ सूची" के नाम से निर्दिष्ट है) प्रगणित विषयों में से किसी के बारे में विधि बनाने की अनन्य शक्ति है" तथा अनुच्छेद 327 में कहा गया है कि इस संविधान के अधीन रहते हुए संसद् समय समय पर विधि द्वारा . . . के बारे में उपबन्ध कर सकेगी। किन्हीं विषयों के बारे में विधि बनाने तथा किन्हीं विषयों के अधीन कुछ उपबन्ध करने के लिये विधि बनाने इन दोनों बातों में अन्तर है। अनुच्छेद 327 के अन्तर्गत राज्यों के विधान मंडलों के गठन सम्बन्धी कानून बनाने की शक्ति संसद् को दी गई है। अनुच्छेद 327 इस प्रकार है :

> "इस संविधान के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, संसद् समय समय पर, विधि द्वारा संसद् के प्रत्येक सदन अथवा किसी राज्य के विधान मंडल के सदन या प्रत्येक सदन के लिये निर्वाचनों से सम्बद्ध या संसक्त स. विषयों के सम्बन्ध में, जिनके अन्तर्गत निर्वाचक-नामावलियों का तैयार कराना तथा निर्वाचन-क्षेत्र का परिसीमक तथा ऐसे सदन या सदनों का सम्यक् गठन कराने के लिये अन्य सब आवश्यक विषय भी हैं, उपबन्ध कर सकेगा।"

अनुच्छेद 370 में जम्मू तथा काश्मीर राज्य का उल्लेख किया गया है। यह अनुच्छेद इस प्रकार है:

> "(ख) उक्त राज्य के सम्बन्ध में विधि बनाने की संसद् की शक्ति—
>
> (1) संघ-सूची और समवर्ती सूची में के जिन विषयों को राज्य की सरकार परामर्श करके राष्ट्रपति उन विषयों का तत्स्थानी विषय घोषित कर दे जो भारत डोमिनियन में उस राज्य के प्रवेश के शासित करने वाली प्रवेश लिखत में उल्लिखित ऐसे विषय हैं, जिनके बारे में डोमिनियन विधान मंडल विधि बना सकता है, उन विषयों तक, तथा
>
> (2) उक्त सूचियों में जिन अन्य विषयों को उस राज्य की सरकार की सहमति से राष्ट्रपति आदेश द्वारा उल्लिखित करे उन विषयों तक सीमित होगी।"

संघ सूची की प्रविष्टि 72 तथा राज्य सूची की प्रविष्टि 37 एक समान हैं, जो इस प्रकार है। प्रविष्टि संख्या 72 में लिखा है :

> "संसद् और राज्यों के विधान मंडलों के लिये तथा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पदों के लिये निर्वाचन; निर्वाचन आयोग।

राज्य सूची की प्रविष्टि संख्या 37 इस प्रकार है : संसद्-निर्मित किसी विधि के उपबन्धों के अधीन रहते हुए राज्य के विधान मंडल के लिये निर्वाचन।

यह जो विधयक पेश किया गया है इसका उद्देश्य बहुत सीमित है। इसका उद्देश्य जम्मू तथा काश्मीर के चुनावों सम्बन्धी मामलों की अपीलें सुनने तथा उनका निपटारा करने के लिये उच्चतम न्यायालयों के क्षेत्राधिकार का विस्तार करना है। मेरा निवेदन है कि

इस विधेयक के पेश किये जाने से अनुच्छेद 327 का उल्लंघन नहीं होता है। अनुच्छेद 370 के अन्तर्गत राष्ट्रपति को यह शक्ति दी गई है कि जम्मू तथा काश्मीर राज्य की सलाह से वह उच्चतम न्यायालय के अपीलों का निर्णय करने की कुछ सीमित शक्तियां दे सकता है। इसलिये अनुच्छेद 327 इस विधेयक के पेश किये जाने में बाधक नहीं हो सकता।

श्री नम्बियार (तिरुचिरापल्ली) : मेरा निवेदन है कि अनुच्छेद 370 जानबूझ कर रखा गया है और जहां तक जम्मू तथा काश्मीर राज्य का सम्बन्ध है इस अनुच्छेद का क्षेत्राधिकार सीमित है। जब यह प्रबन्ध किया गया तो प्रविष्टि 72 पहले ही थी। अब इसे व्यापक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसका अर्थ यह है कि अनुच्छेद 370 का संशोधन किये बिना ही माननीय मंत्री इस अनुच्छेद की शक्तियों का उल्लंघन करना चाहते हैं। यदि अनुच्छेद 370 को बदला न गया तो उच्चतम न्यायालय इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकेगा। माननीय मंत्री द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है। मैं श्री श्रीनिवास मिश्र द्वारा उठाई गई आपत्ति का समर्थन करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होंने अनुच्छेद 370 के संशोधन के बारे में कोई आपत्ति नहीं उठाई है। उनकी आपत्ति मूलतः भिन्न है।

श्री विक्रम चन्द्र महाजन (चम्बा) : संविधान के चार अनुच्छेद यहां पर संगत हैं और वे हैं अनुच्छेद 327, 246, 370 तथा प्रविष्टि 72। उनकी आपत्ति यह है कि अनुच्छेद 327 उच्चतम न्यायालय से सम्बन्धित है और कोई दूसरा अनुच्छेद इस अनुच्छेद की शक्तियों को कम नहीं कर सकता। आप जरा अनुच्छेद 246 (1) को पढ़िये, जो इस प्रकार है :

> "खण्ड (2) और (3) में किसी बात के होते हुए भी संसद को सप्तम अनुसूची की सूची (1) में प्रगणित विषयों में से किसी के बारे में विधि बनाने की अनन्य शक्ति है।"

अतः अनुच्छेद 246 से यह स्पष्ट है कि प्रविष्टि 72 अनुच्छेद 327 से उत्पन्न नहीं होती। अनुच्छेद 246 में अनुसूची 1 का उल्लेख है और अनुसूची 1 में प्रविष्टि 72 आती है। अनुच्छेद 327 में प्रविष्टि 72 का कोई उल्लेख नहीं है। इसके विपरीत अनुच्छेद 327 और प्रविष्टि 72 दो स्वतंत्र शक्तियां हैं।

अब प्रश्न यह है कि यदि ये दो स्वतंत्र शक्तियां हैं तो कौन सी शक्ति सर्वोपरि है। सभी न्यायालयों में कानून का यह मान्य नियम है कि यदि संविधान के दो अनुच्छेदों में या किसी संविधि की दो धाराओं में परस्पर-विरोध है, तो बाद वाला उपबन्ध सर्वोपरि होता है। इसलिये प्रविष्टि 72 द्वारा अनुच्छेद 327 रद्द हो जाता है और प्रविष्टि 72 सर्वोपरि रह जाती है।

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : कृपया अनुच्छेद 138 देखिये। अनुच्छेद 138 इस प्रकार है :

> (1) संघ सूची के विषयों में से किसी के बारे में उच्चतम न्यायालय को ऐसे और क्षेत्राधिकार और शक्तियां होंगी, जिसे संसद् विधि द्वारा प्रदान करे।

(2) यदि संसद् न्यायालय के लिये ऐसे क्षेत्राधिकार और शक्तियों के प्रयोग का विधि द्वारा उपबन्ध करे तो किसी विषय के बारे में उच्चतम न्यायालय को ऐसे और क्षेत्राधिकार तथा शक्तियां होंगी, जिन्हें भारत सरकार और किसी राज्य की सरकार विशेष करार द्वारा प्रदान करे।"

यदि आप अनुच्छेद 138 को अनुच्छेद 246 और प्रविष्टि 72 के साथ पढ़ें तो यह बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है कि इस संसद् में इस विधान को आरम्भ किया जाना सर्वथा उचित है और इसे राय जानने के लिये राष्ट्रपति अथवा उच्चतम न्यायालय को सौंपने की कोई आवश्यकता नहीं है। माननीय सदस्य द्वारा उठाई गई आपत्ति उचित नहीं है तथा मेरा निवेदन है कि हमें विधेयक पर आगे विचार करना चाहिये।

श्री क० कुण्डू (बालासोर) : हमारे सामने जो प्रश्न है वह केवल संविधियों को सुसंगत करने का है। यदि कोई माननीय सदस्य वास्तविक निर्वचन करता है तो वह इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि अन्य अधिनियमों अथवा संविधान के अन्य उपबंधों से उसे ध्वनित नहीं किया जाना चाहिये, जो विशेष रूप से निषेध किया हुआ है। अनुच्छेद 370 बहुत स्पष्ट है। हमें खण्ड (2) के परन्तुक का आश्रय नहीं ले सकते हैं और न ही राष्ट्रपति के आदेश के जरिये प्रविष्टि 72 में कोई उपबन्ध जोड़ सकते हैं। यदि माननीय मंत्री अपने बहुमत के जोर से इस विधेयक को पास भी करवा लेते हैं, तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा अथवा किसी उच्च न्यायालय द्वारा इसे असंवैधानिक करार दिया जायेगा।

Shri Madhu Limaye (Monghyr)Mr. Diputy Speaker, Sir, the root cause of all this dispute is that the J. and K. Ligislative Assembly has enacted such an Act, which has encroached upon the power of this Parliament. In fact the power to enlarge the jurisdiction of SupremeCourt exclusively rests with the Parliament. I want to pointout that the jurisdiction of Entry 72 is more wide than Article 327. Article 327 deals with the appelate jurisdiction of the Supreme Cort and as such the jurisdiction of the Supreme Court cannot be enlarged under Entry 72 without making a reference of Article 327 in the Presidential order. I think it would be better to amend the Presidential order dated 9th Febiuary by making a reference of Article 327 in that order. It is obligatory to make a change in the Presidential order. So, if a reference is not made to Article 327 in the Bill, it will be declared void by the Supreme court, after it is passed. I want to tell the hon. Members that it is also our duty to see that a particular bill is according to the provision s of the Constitution before it is declared *ultravires* by the Supreme Court .

I want to congratulate the hon. Minister that he has enhanced the status of Lok Sabha in Comparison to the status of J.&K. Lagislative Assembly by bring forth this legislation .

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद यूनस सलीम) : माननीय सदस्य श्री मधु लिमये ने सुझाव दिया है कि राष्ट्रपति के आदेश में संविधान के अनुच्छेद 327 का उल्लेख किया जाना चाहिये था। संसद् को राष्ट्रपति के आदेश से पूर्व प्रविष्टि 72 में उल्लिखित विषयों के बारे में कानून बनाने का अधिकार नहीं था। राष्ट्रपति ने इस आदेश के द्वारा संविधान के अनुच्छेद 138 के अधीन उच्चतम न्यायालय का क्षेत्राधिकार बढ़ाने और अपील का उपबन्ध करने के सम्बन्ध में संसद् को कानून बनाने के कुछ सीमित अधिकार

दिये हैं। यदि राष्ट्रपति के आदेश में अनुच्छेद के 27 का उल्लेख किया जाता तो जम्मू तथा काश्मीर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम निरर्थक हो जाता। यह आपत्ति संविधान के अनुच्छेद 370 के अधीन जारी किये गये राष्ट्रपति के उस आदेश से समाप्त हो जाती है, जिसके द्वारा प्रविष्टि 72 के उपबन्ध का विस्तार किया गया है।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों को याद होगा कि जब यह विधेयक पहले सभा के सामने लाया गया था तो श्री मधु लिमये द्वारा यह आपत्ति उठाई गई थी कि विधि बनाने की जो शक्ति केवल संसद् के पास है, उसका उपयोग राज्य विधान मंडल द्वारा किया गया है तथा अब यह विधेयक पेश करके माननीय मंत्री राज्य विधान मंडल की कार्यवाही को उचित ठहराना चाहते हैं। श्री मधु लिमये द्वारा उठाई गई आपत्ति का समाधान करने के लिये वर्तमान संशोधन पेश किया गया है। मैं स्थिति को बिल्कुल स्पष्ट करना चाहता हूं। आज प्रातः श्री श्रीनिवास मिश्र ने अपनी आपति उठाते हुए कहा था कि यदि वर्तमान संशोधन पेश न किया गया होता, तो वह यह आपत्ति न उठाते। विधि मंत्री का कथन सुनने के बाद तथा उठाई गई सब आपत्तियों को सुनने के बाद म कहना चाहता हूं कि हमें एक मौलिक बात याद रखनी चाहिये और वह मौलिक बात यह है कि अनुच्छेद 370 काश्मीर के सम्बन्ध में प्राधिकार के प्रयोग के बारे में अपने आप लगाया गया एक प्रतिबन्ध है। यदि हम प्राधिकार का प्रयोग करना चाहें तो ऐसा राष्ट्रपति के विशेष आदेश द्वारा ही किया जा सकता है। आदेश में संघ सूची की प्रविष्टि 72 का उल्लेख किया गया है। विधेयक का उद्देश्य बहुत ही सीमित है और इसके द्वारा उच्चतम न्यायालय में अपील करने के अधिकार का उपबन्ध किया गया है तथा इस के लिये विशेष अपील करने की आवश्यकता नहीं रहेगी, जैसा कि सामान्य न्यायालयों में होता है। प्रश्न यह उठता है कि क्या अनुच्छेद 327 का उल्लेख किया जाना चाहिए था? मैंने इस प्रश्न पर बहुत गम्भीरता से विचार किया है। ऐसी स्थिति में यदि अनुच्छेद 327 का उल्लेख किया जाता तो और संवैधानिक आपत्तियां उठ सकती थीं। इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया गया। यह विधेयक संविधान के सामने है और सभा की क्षमता के भीतर है। अब माननीय मंत्री अपना संशोधन पेश करें।

संशोधन किया गया

पृष्ठ 2, खण्ड 2 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाये :

	[जम्मू तथा काश्मीर उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की 116क, 116ख, और 116ग धाराओं का लागू होना।	2. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951, की 116क, 116ख और 116ग धाराओं के उपबन्ध निम्नलिखित रूपभेदों के अधीन, जम्मू तथा काश्मीर न्यायालय द्वारा दिये गये प्रत्येक आदेश पर लागू होंगे :—
1951 का 43वां		

(क) उक्त उपबन्धों में उच्च न्यायालयों को किये गये निदेशों में जम्मू तथा काश्मीर उच्च न्यायालय को किये गये निदेश शामिल समझे जायेंगे;

(ख) राज्य विधान मंडल अथवा उसके अध्यक्ष अथवा उसके सभापति को किये गये निदेशों में जम्मू तथा काश्मीर राज्य विधान मंडल अथवा उसके अध्यक्ष अथवा उसके सभापति को किये गये निदेश शामिल समझे जायेंगे; और

(ग) जम्मू तथा काश्मीर राज्य के सम्बन्ध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 को किये गये निदेश जम्मू तथा काश्मीर लोक-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1957 के उक्त प्रकार के उपबन्धों के बारे में किये गये निदेश समझे जायेंगे"

1951 का 43वां जम्मू तथा काश्मीर अधिनियम, 1957 का चौथा

["Application of sections 116 A, 116B and 116 C of the Representation of the People Act, 1951, to orders made by the the Jammu and Kashmir High Court.

2. The provisions of sections 116A, 116B and 116C of the Representation of the People Act, 1951, shall, so far as may be, apply to every order made by the high Court of Jammu and Kashmir subject to the following modifications. namely—

(a) references therein to the High Court shall be construed as including references to the High Court of Jammu and Kashmir,

(b) references therein to the State Legislature or to the Speaker or Chairman thereof shall be construed as including references to the Legislature of the State of Jammu and Kashmir and to the Speaker or Chairman thereof, and

(c) references therein to the provisions of the Representation of the People Act, 1951, shall, in relation to the State of Jammu and Kashmir, be construed as references to the corresponding provisions of the Jammu and Kashmir Representation of the people Act, 1957"]

43 of 1951

Jammu and Kashmir Act, No. IV of 1957.

[श्री मुहम्मद यूनस सलीम]

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted

खण्ड 2 संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 2 as amended was added to the Bill

खण्ड 3, खण्ड 1, अधिनियम सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये

Clause 3, Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill

श्री मुहम्मद यूनस सलीम : मैं प्रस्ताव करता हूं कि विधेयक को संशोधित रूप में पारित किया जाये।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ कि

"विधेयक को संशोधित रूप में पारित किया जाये।"

Shri Madhu Limaye (Monghyr): Sir. so far as the principles and objects of this Bill are concerned I support them. But so far as the form in which the bill has been presented, despite the objection raised by Shri Mishra, it is objectionabe. The hon. Minister has brought this measure in the present form, which is illegal. It has been made clear that the Bill is illegal unless a reference is made to Atricle 327 of the Constitution in the Presidential order. I think the hon. Minister himself is fully aware of the fact and he has knowingly brought this Bill in the present form, because he wants that the ill gal Government of Mr. Sadiq should be kept in power as long as possible. He knows that this bill after becoming an Act will be declared void by the Supreme Court and this the illegal Government of Mr. Sadiq will be able to stay for a longer spell of time. I warn the Government if this Act was declared ultra vires by the Supreme Court, the entire responsibility of this would rest with the Government, because this bill is being brought in the present form despite very valid objections.

श्री धीरेन्द्र नाथ देव (अंगुल) : हमारा शुरू से यह अनुभव रहा है कि केन्द्रीय सरकार कश्मीर के मामले में सदा एक पक्ष तथा एक व्यक्ति पर विश्वास करती रही है। उसने पहले शेख अब्दुल्ला पर विश्वास किया, फिर बख्शी गुलाम मुहम्मद पर और फिर श्री सादिक पर। काश्मीर में विरोधी पक्षों को कभी पनपने नहीं दिया गया है। श्री सादिक ने इस बात का पर्याप्त प्रमाण पिछले आम चुनाव के दौरान दिया है, क्योंकि विरोधी पक्षों द्वारा समर्थित अधिकांश व्यक्तियों के नामांकन पत्रों को रद्द कर दिया गया, जबकि सत्ताधारी दल के किसी व्यक्ति के नामांकन पत्र को अस्वीकार नहीं किया गया। लोकतंत्र तब तक सफल नहीं हो सकता, जब तक विरोधी पक्षों को पनपने न दिया जाये।

जब जम्मू तथा काश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है तो केन्द्रीय सरकार को यह निर्णय करने में इतना समय क्यों लगा कि जम्मू तथा काश्मीर उच्चन्यायालय की चुनाव याचिका सम्बन्धी अपीलें उच्चतम न्यायालय में सुनी जायेंगी। इस मामले को बहुत पहले निपटा लिया जाना चाहिये था।

अन्त में उच्चतम न्यायालय के क्षेत्राधिकार को बढ़ाने के मामले का समर्थन करते हैं, मैं पुनः अपने दल की इस मांग को दोहराता हूं कि जम्मू तथा काश्मीर में राष्ट्रपति का शासन लागू किया जाना चाहिये और वहां मध्यावधि चुनाव करवाये जाने चाहिये।

श्री प० गोपालन (कोलचेरी) : इस विधेयक के द्वारा चुनावों के बारे में जम्मू तथा काश्मीर उच्चन्यायालय के निर्णयों की अपीलों को सुनने का अधिकार उच्चतम-न्यायालय को दिया जा रहा है। यह विधेयक पेश करके सरकार ऐसा प्रभाव डालना चाहती है कि काश्मीर में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराये जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में मैं कुछ कहने की आवश्यकता नहीं समझता क्योंकि मुझ से पहले कई माननीय सदस्यों ने

[श्री प० गोपालन]

विस्तार से इस बात का उल्लेख किया है कि काश्मीर में पक्षपात के आधार पर चुनाव कराये जा रहे हैं।

अब प्रश्न यह उठता है कि क्या जम्मू तथा काश्मीर के लोगों को चुनाव के दौरान अपना मत स्वतंत्रता के साथ व्यक्त करने का मौका दिया जाता है या नहीं। सच तो यह है कि जम्मू तथा काश्मीर में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं हुए हैं। जब तक जनता को चुनाव में अपना मत व्यक्त करने की स्वतंत्रता नहीं होगी, तब तक इस विधेयक से भी कोई लाभ नहीं होगा। इस संदर्भ में मैं शेख अब्दुल्ला के वक्तव्य का उल्लेख करना चाहता हूं। उन्होंने कहा है "हम कहते हैं कि भारत संसार में सब से बड़ा प्रजातंत्र है तथा इसी कारण से हमें भारत की ओर आकर्षित हुए थे। मैं काश्मीर का प्रधान मंत्री था। मुझे वहां के विधान मंडल का पूर्ण समर्थन प्राप्त था। परन्तु एक दिन प्रातः जब मैं दौरे पर गया हुआ था तो मुझे सशस्त्र सेनाओं के सिपाहियों द्वारा घेर लिया गया। मेरे ही एक कनिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मुझे गिरफ्तारी के वारंट दिये और जब मैंने यह पूछा कि यह कार्यवाही किसके अधिकार पर की जा रही है तो उसने अपनी मशीनगन की ओर इशारा किया। तब मैंने राष्ट्रपति तथा प्रधान मंत्री से प्रार्थना की कि मुझे विधान मंडल में अपना मामला रखने का अवसर दिया जाये तथा मुझे यह जानने का मौका दिया जाये कि मुझे विधान मंडल का विश्वास प्राप्त है या नहीं। परन्तु कुछ नहीं हुआ। क्या आप इसे प्रजातंत्र कहते हैं?"

गत 20 वर्षों में जम्मू तथा काश्मीर में इस प्रकार का प्रजातंत्र रहा है। मैं नहीं समझता कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के द्वारा भी काश्मीर समस्या को हल किया जा सकता है। परन्तु ऐसा करने से भारत के मामले को मेंनोवैज्ञानिक दृष्टि से काश्मीर की जनता के सामने रखा जा सकता है।

काश्मीर में 20 या 25 वयस्कों के पीछे एक सशस्त्र सैनिक है और सैनिक की बंदूक चुनाव परिणामों में निर्णायक होती है। राज्य में लोकतंत्र कायम किया जाना चाहिये और जनता को मूलभूत अधिकार दिये जाने चाहिये।

Shri Gulam Mohmmad Bakshi (Srinagar): Sir, while supporting this Bill, I want to say that I subscribe to the views expressed by Shri Madhu Limaye. So far as Article 370 is concerred. I agree with you Sir, that the powers of the Parliament are limited in respect of Jammu and Kashmir and no measure can be made applicable to that State by the President without the consent of that State. But I think that instead of extending the jurisdiction of the Supreme Court to hear appeals of the decisions of the High Court of Jammu and Kashmir in respect of election, it would be better to apply the entire People Representation Act to the State of Jammu and Kashmir. There are still four days more, when the present Ordinance will cease to operate and in the meantime the consent of the State Government can easily be obtained. If this is done the entire dispute will be settled once for all. The State Government should also have no objection in giving their consent, when they have given their consent in regard to this Bill. Though it is a good thing that the jurisdiction of the Supreme Court is being extended in respect of hearing appeals of the decisions of the High

Court, but I want to know as to why not the entire representation of the People Act of the Centre is being made applicable so that the present confusion which is prevailing there is removed.

Mr. Deputy Speaker: It is already 7 P.M. The hon. Member may continue his speach tomorrow.

इस के पश्चात लोक-सभा बुधवार, 20 मार्च 1968/30 फाल्गुन, 1889 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjorned till eleven of the clock on Wednesday, March 20, 1968/Phalguna 30, 1889 (Saka).

GMGIPND—LS III—863 (Ai) LS—24-10-68—600.